रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 06 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-314 मूल्य 3.00 ₹


# कुएं में गिरने से 9 लोगों की मौत

## किकिरदा और कोरबा के ग्राम जुराली डिपरापारा में हुई घटना

पायनियर संवाददाता < सक्ती/कोरबा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के बिर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव किकिरदा में, लंबे समय से ढके हुए कुएं में बनी जहरीला गैस की वजह से अंदर उतरे 5 लोगों की मौत हो गई। मृतकों ने रामचंद्र जायसवाल, रमेश पटेल, जितेंद्र पटेल, राजेंद्र पटेल और टिकेश्वर चंद्र शामिल है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर बिर्रा पुलिस पहुंचकर घटना की विस्तृ जानकारी जुटाई। इसके साथ एसडीआरएफ और एफएसएल की टीम भी बुलाई गई। पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह एक लकड़ी कुएं में गिर गई थी उसे निकालने के लिए रामचरण जायसवाल नामक शख्स कुएं में उतरा। अंदर जहरीली गैस से उसका दम घुटने लगा फिर वह पानी में डूब गया। उसे बचाने के लिए पड़ोसी रमेश पटेल नीचे उतरा तो उसका भी दम घुटने लगा। इसके बाद उसके बेटे राजेंद्र और जितेंद्र पटेल कुएं में उतरे तो उनका भी दम घुट गया और वे भी डूब गए। एक अन्य पड़ोसी टिकेश चंद्रा कुएं में उतरा और उसकी भी मौत हो गई। गिरी लकड़ी को निकालने के फेर में एक व्यक्ति कुएं में उतरा जो बाहर नहीं निकला, जिसे निकालने के लिए कुएं में एक-एक उतरे चार लोगों की भी मौत हो गई।

### कुएं में गिरने से पिता-बेटी समेत चार की मौत

**कोरबा।** कोरबा जिले के कटघोटा के ग्राम जुराली के डिपरापारा निवासी एक पिता-पुत्री समेत चार लोगों की कुएं में डूबकर मौत हो गयी। बताया जाता है कि जहरू पटेल शुक्रवार को अचानक कुएं में गिर पड़ा। इसका पता जब उसकी बेटी सपीना को चला तो वह पिता को बचाने के लिए कुएं में कूद गई। पर दोनों की मौत हो गयी। अपने पिता को बचाने के लिए बेटी कूदी तो वह भी अंदर ही फंस गई और दम तोड़ दिया। कुएं में दो शवों को देख स्थानीय ग्रामीण भी नीचे उतरे, लेकिन उनकी भी मौत हो गई। जुराली के डिपरापारा में घर के कुएं में सबसे पहले जहरू पटेल (60) पिता स्व सोनू राम पटेल डूब गए। इस पर उनकी बेटी सपीना पटेल (16) जहरु पटेल कुएं में उतरी। वह पिता को नहीं बचा सकी और खुद भी डूब गई। इसकी जानकारी होने पर दो अन्य लोग उन्हे बचाने के लिए मनबोध पटेल (57) और शिवचरण पटेल उर्फ़ कली (45) कुएं में उतरे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और रेस्क्यू की टीम मौके पर पहुंच रेस्क्यू शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि चारों की मौत हो चुकी थी।

### मुख्यमंत्री ने जताई गहरी संवेदना, मृतक के परिजन को 9-9 लाख रुपए की सहायता राशि देने के निर्देश

**रायपुर।** प्रदेश के कोरबा जिले में कुएं में जहरीली गैस से 4 लोगों की और सक्ती जिले में 5 लोगों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गहरा दुख व्यक्त किया है तथा पीड़ित परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिवारजनों को 9-9 लाख रुपए की सहायता राशि देने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये हैं। इसमें से 4-4 लाख रुपए आरबीसी छह-चार के अंतर्गत तथा मुख्यमंत्री की ओर से 5-5 लाख रुपए की सहायता राशि शामिल है।



## पुराने वीडियो डाल कर रेलकर्मियों को हतोत्साहित करना चाहता है विपक्ष : वैष्णव

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गरीब एवं अल्प आय वर्ग के यात्रियों का ख्याल रखने का वादा करते हुए कहा कि विपक्षी दल सोशल मीडिया में पुराने वीडियो डाल कर रेलवे के 12 लाख कर्मचारियों को हतोत्साहित करना चाहते हैं लेकिन हम उनका नैरेटिव विफल करेंगे। वैष्णव ने यहां रेल भवन में एक कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह आरोप लगाया। सोशल मीडिया में यात्रियों को अमानवीय परिस्थितियों में यात्रा करते हुए दिखाये जाने वाले वीडियो वायरल होने के बारे में पूछे जाने पर रेल मंत्री ने कहा, विपक्षी दल रेलवे के 12 लाख कर्मचारियों को हतोत्साहित करने की कोशिश कर रहे हैं। वे पुराने वीडियो का उपयोग कर रहे हैं। हां, रेलवे नेटवर्क बहुत बड़ा है, और टीमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही हैं। रेलवे देश की जीवन रेखा है, और हम इस जीवन रेखा को बनाए रखेंगे और विपक्ष की इस नैरेटिव को विफल करेंगे। रेल मंत्री ने गरीब एवं कम आमदनी वाले यात्रियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि रेलवे ने एक विशेष अभियान के तहत ढाई हजार जनरल कोचों का निर्माण शुरू किया गया है तथा 10 हजार ऐसे ही कोच और बनाये जाएंगे ताकि हर यात्री को किसी भी परिस्थिति में आरामदेह यात्रा की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा, एक विशेष अभियान के तहत 2500 जनरल कोचों का निर्माण किया जा रहा है, इसके अलावा 10 हजार और जनरल एवं स्लीपर कोचों के लिए मंजूरी दी गई है। ताकि जनरल एवं स्लीपर श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को आरामदेह यात्रा करने की सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि रेलवे इस गर्मी के मौसम में भारी मांग को पूरा करने के लिए लगभग 10 हजार विशेष ट्रेनें चला रहा है।

## क्विक न्यूज

### छत्तीसगढ़ भाजपा प्रभारी बने नितिन नबीन, लता उसेंडी को ओड़िशा का सह प्रभारी





**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने कई राज्यों के प्रदेश प्रभारियों और सह प्रभारियों की नियुक्ति की है। छत्तीसगढ़ के वर्तमान सह प्रभारी नितिन नबीन को पदोन्नति मिली है। अब उन्हें पूर्ण रूप से प्रदेश प्रभारी बना दिया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ के कोंडागांव से विधायक और प्रदेश की पूर्व मंत्री रहीं लता उसेंडी को ओड़िशा का सह प्रभारी बनाया गया है।

### मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती 06 जुलाई को उन्हें नमन किया। साय ने कहा कि देश की एकता को और अधिक मजबूत करने की दिशा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अद्वितीय प्रयासों के लिए प्रत्येक भारतीय उनका ऋणी है। साय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत की और एक मजबूत तथा समृद्ध राष्ट्र का सपना देखा। हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने भारतीय राजनीति और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### संजय सिंह बने आम आदमी पार्टी संसदीय दल के अध्यक्ष



**नयी दिल्ली।** आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह पार्टी के संसदीय दल के अध्यक्ष बनाए गए हैं। आम आदमी पार्टी ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज कुमार गुप्ता ने सिंह को दी गयी नई ज़िम्मेदारी के संबंध में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखा है।

### नीट पीजी की परीक्षा 11 अगस्त को होगी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने उच्च चिकित्सा शिक्षा की परीक्षा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा -नीट पीजी 11 अगस्त को आयोजित करने की घोषणा की है। बोर्ड ने शुक्रवार को यहां बताया कि यह परीक्षा दो पाली में होगी। नीट यूजी की परीक्षा में पेपर लीक होने के बाद राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने नीट पीजी की परीक्षा टाल दी थी। यह परीक्षा 22 जून को आयोजित की जानी थी।

## लोको पायलटों की समस्याओं से रू-ब-रू हुए राहुल



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश की जीवन रेखा कही जाने वाली भारतीय रेलों के लोको पायलटों से यहां रेलवे स्टेशन पर मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और आश्वासन दिया कि वह उनकी दिक्कतों को बराबर उठाते रहेंगे। गांधी उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक सत्संग के दौरान भगदड़ में मारे गये लोगों के परिजनों से मिलने के बाद यहां नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे और लोको पायलटों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान करीब 50 लोको पायलटों ने उनसे मुलाकत की और अपनी समस्याएं बताते हुए कहा कि उनके पास आराम का समय नहीं होता है। लंबी दूरी तक रेल गाड़ियाँ चलाते हुए बीच में उन्हें कई बार पर्याप्त ब्रेक नहीं मिलता और ड्यूटी पर लगा दिया जाता है।

## राष्ट्रपति ने 36 जांबाजों को वीरता पदकों से सम्मानित किया

**नयी दिल्ली/वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए सशस्त्र बलों, केन्द्रीय पुलिस बलों और राज्य पुलिस बलों के सर्वोच्च बलिदान देने वाले 36 जांबाजों को वीरता पदकों से सम्मानित किया, दस जांबाजों को कीर्ति चक्र तथा 26 को शौर्य चक्र प्रदान किये गये। सात कीर्ति चक्र और सात शौर्य चक्र मरणोपरांत दिये गये हैं। कीर्ति चक्र से सम्मानित किये जाने वाले रणबांकुरों में केन्दीय रिजर्व पुलिस बल के निरीक्षक दिलीप कुमार दास, हैड कांस्टेबल राजकुमार यादव, सिपाही बबलू राभा, सिपाही शंभू राय शामिल हैं। इन सभी को यह सम्मान मरणोपरांत दिया गया।



## भारत का रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंचा

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन वर्ष 2023.. 24 में 1 . 27 लाख करोड रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। रक्षा उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह वर्ष 2019-20 की तुलना में 60 प्रतिशत की वृद्धि है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस उपलब्धि पर कहा है कि सरकार भारत को अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रक्षा क्षेत्र के सभी सार्वजनिक उप मों , रक्षा वस्तुओं का निर्माण करने वाले अन्य सार्वजनिक उप मों और निजी कंपनियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, देश में रक्षा उत्पादन का मूल्य रिकॉर्ड-उच्च आंकडे यानी 1,26,887 करोड़ रुपये तक बढ़ गया है।

## एक पेड़ मां के नाम : सीएम विष्णुदेव साय ने मां के सम्मान में रोपा रुद्राक्ष का पौधा

पायनियर संवाददाता < जशपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अपनी जन्मभूमि बगिया में अपनी माताजी के सम्मान में पौधरोपण किया। उन्होंने शासकीय हाईस्कूल बगिया परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपा। उन्होंने कहा कि इस अभियान अंतर्गत लगे पौधे जननी और जन्मभूमि के रिश्ते को एक नई पहचान देंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल होने यहां पहुंचे थे। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय ने भी रुद्राक्ष का पौधा लगाया। वहीं प्रदेश के वित्त मंत्री और जशपुर जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी ने आंवले का पौधा लगाया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मां के साथ रिश्ता अनमोल होता है। जिस प्रकार मां हमे जीवन देती है, हमारा पालन पोषण करती है, वैसे ही प्रकृति भी हमारे लिए जीवनदायिनी है। इसकी सुरक्षा और संवर्धन हमारी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई इस मुहिम से हम सभी को जुड़ते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान जरूर देना चाहिए। इस दौरान उन्होंने सभी से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड़ लगाने आग्रह किया। साथ ही सभी से पौधों का संरक्षण हेतु संकल्प लेने कहा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस मानसून में ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करें। अपने घर, आसपास के परिवेश, गांव और शहरों और जंगलों को खूब हरा-भरा बनाएं।

## केजरीवाल की जमानत याचिका पर उच्च न्यायालय का सीबीआई को नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर शुक्रवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सीबीआई को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। एकल पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 17 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। इसी दिन केजरीवाल की गिरफ्तारी और उन्हें सीबीआई की हिरासत में सौंपने के विशेष अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर भी सुनवाई होनी है। इस मामले में पीठ ने आरोपी की याचिका पर दो जुलाई को केंद्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी कर मामले को 17 जुलाई के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए एकल पीठ ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता ने सीबीआई के इस मुकदमे में पहले निचली अदालत का रुख करने के बजाय और सीधे उच्च न्यायालय का दरवाजा क्यों खटखटाया, इस सवाल पर बाद में विचार किया जाएगा। केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने न्यायिक हिरासत तिहाड़ जेल में बंद केजरीवाल से अदालत की अनुमति पर 25 जून को पूछताछ की और अगले दिन 26 जून को गिरफ्तार किया।

## रोड निर्माण कार्य में देरी एजेंसी का अनुबंध निरस्त

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



आयुक्त नगर निगम, प्रबंध संचालक स्मार्ट सिटी अबिनाश मिश्रा ने कड़ी कार्यवाही करते हुए स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत लाखे नगर चौक से बूढ़ेश्वर चौक तक स्मार्ट रोड निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब, कार्य की धीमी गति व मानक स्तर की गुणवत्ता न पाए जाने पर कार्य एजेंसी मेसर्स मोहम्मद फारूक वारसी जे.वी. एवं मेसर्स राजपाल कंस्ट्रक्शन का अनुबंध निरस्त कर दिया है। एजेंसी को तत्काल कार्य स्थल खाली कर स्मार्ट सिटी को हैंड ओवर करने को कहा गया है। कार्य एजेंसी को 31 मार्च 2022 को कार्यादेश सौंपकर लाखे नगर चौक से बूढ़ेश्वर चौक तक स्मार्ट रोड निर्माण की जिम्मेदारी दी गई थी। 6 नोटिस के बाद भी उक्त एजेंसी द्वारा न तो वर्क शिड्यूल जमा किया जा रहा था, न ही कार्य की गति बढ़ाने अपने स्तर से कोई भी प्रयास किया जा रहा था। अकारण काम बंद करने, निर्माण एवं विध्वंस सामग्री कार्य स्थल पर छोड़ने से आम नागरिकों को भी परेशानी हो रही थी एवं यातायात भी निरंतर बाधित हो रहा था। इस कार्यक्षेत्र में स्ट्रीट लाइट पोल लगाने की भी जिम्मेदारी भी इस एजेंसी को दी गई थी, जिसकी भी गति अत्यंत धीमी एवं नगण्य थी। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के तकनीकी अमले ने अपने स्थल निरीक्षण में भी कार्य एजेंसी के तकनीकी कर्मचारियों की अनुपस्थिति व कार्य की गुणवत्ता के संबंध में चेतावनी दी थी, बावजूद इसके आम नागरिकों की सेवा से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने में एजेंसी ने उदासीनता दिखाई, जिससे न केवल आम नागरिकों को असुविधा हो रही थी, बल्कि दुर्घटना की भी आशंका बनी हुई थी। प्रबंध संचालक मिश्रा ने अपने निरीक्षण भ्रमण के दौरान कार्य एजेंसी की लापरवाही संज्ञान में आने पर इसे गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्यवाही की है एवं अनुबंध की शर्तों के अध्यधीन मेसर्स मोहम्मद फारूक वारसी जे.वी., मेसर्स राजपाल कंस्ट्रक्शन का अनुबंध समाप्त कर दिया है एवं कार्य स्थल तत्काल खाली कर विभाग को हैंड ओवर किए जाने का आदेश जारी किया है।

### दस्तावेज फर्जी, हितग्राहियों के दस्तखत खुद अधिकारी ने किए

## करोड़ों का अनुदान घोटाला, तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि और तीन फर्म के खिलाफ एफआईआर

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पायनियर इम्पैक्ट


सरकारी धन की लूट : ननद, भृत्य की बेटी और ड्राईवर की मां के नाम पर कराया केज आबंटन
आदिवासी के नाम पर भी फर्जीवाड़ा, जिसके नाम से केज आबंटित उसे 3 साल बाद मिली जानकारी


मोंगरा में लगे केज कल्चर के अनुदान में भी घोटाला : विभागीय अधिकारियों ने किया 5 करोड़ की सब्सिडी का हेरफेर, विभागीय जांच में खुली परतें, अब तक कोई कार्रवाई नहीं


अनुदान घोटाले की जांच पर कार्रवाई सचिवालय में अटकी, एफआईआर भी नहीं

मत्स्य विभाग में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर केज कल्चर स्थापना हेतु स्वीकृति हासिल करने के करोड़ों के भ्रष्टाचार के मामले में तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए और तीन फर्मों के विरुद्ध राजनांदगांव जिला मुख्यालय में एफआईआर दर्ज हुई है। इस भ्रष्टाचार का खुलासा सबसे पहले राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर ने किया था। जिसके बाद प्रदेश में यह मामला चर्चित रहा। संभवतः केज कल्चर स्थापना हेतु अनुदान की राशि में भ्रष्टाचार के प्रकरण में यह प्रदेश में पहली एफआईआर है। कई अन्य जिलों से भी ऐसी शिकायतें सामने आई हैं। सहायक संचालक एसके साहू ने 4 जुलाई को कोतवाली थाना पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई। तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि गजभिये के अलावा फर्म संचालक मेसर्स स्टार सप्लायर बिलासपुर, एसएसएक्वाकल्चर पथर्री फिंगेश्वर राजिम एवं एसएसएक्वाफिड झांकी रायपुर के विरूद्ध धारा 409, 420, 467, 468, 471, 120(बी)के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इन पर 2 करोड़ 16 लाख रुपए के भ्रष्टाचार के आरोप हैं। केज कल्चर में करोड़ों की गड़बड़ी के इस प्रकरण की जांच मछलीपालन संचालनालय संयुक्त संचालक सुधा दास रायपुर को सौंपी गई थी। विभागीय जांच में पुष्टि हुई है कि, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नवागांव जलाशय में कुल 72 केज की स्थापना के लिए अनुदान की स्वीकृति ली गई। गुमराह करते हुए तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजलि द्वारा स्वयं ही हस्ताक्षर कर प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई। जिन हितग्राहियों के नाम का इस्तेमाल किया गया उन्हें इसकी जानकारी ही नहीं थी। इसी तरह सप्लायर फर्म मेसर्स स्टार सप्लायर्स ताला पारा बिलासपुर को भण्डार क्रय नियमों के विरुद्ध 4 अलग अलग तारीखों में कुल 1 करोड़ 8 लाख रुपए का भुगतान किया गया। इसी तरह फर्म एसएसएक्वाकल्चर पथर्री एवं एसएसएक्वाफिड झांकी जिला रायपुर को 1करोड़ 8 लाख का भुगतान 23मार्च 2022 से 20सितंबर 2022 तक की अवधि मे उनके खाते में किया गया है। फर्मों द्वारा बगैर किसी कार्य आदेश के केज स्थापना हेतु सामग्री एवं मछली बीज, आहार की आपूर्ति किया जाना पाया गया है। एफआईआर में उल्लेख किया गया है कि, तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजली गजभिये ने विभागीय कार्य (केज कल्चर मछली पालन) हेतु स्वीकृत राशि रू. 2 करोड़ 16 लाख की स्वीकृति में हितग्राहियों के कुटरचित दस्तावेजों के आधार पर प्रशासन को गुमराह कर प्राप्त अनुदान राशि में अनियमितता एवं राशि का दुरूपयोग किया है। इसी मामले में जांच उपरांत गीतांजलि गजभिये को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

### समूहों के नाम मिले लेकिन वो है ही नहीं

जांच में हितग्राहियों के आवेदन में गड़बड़ी पाई गई। आवेदनों को समूह के नाम में परिवर्तित किया गया जबकि कोई समूह था ही नहीं। हितग्राहियों द्वारा वहन की जाने वाली 40 प्रतिशत राशि नहीं ली गई। निगरानी समिति ने भी न ही केज का भौतिक सत्यापन किया और न ही निरीक्षण किया। मात्र 50 रुपए के स्टाम्प में अनुबंध कर दिया गया जो कि गंभीर अनियमितता है। बड़ी बात यह भी है कि, केज स्थापना के लिए हितग्राहियों को अनुमति आदेश/कार्य आदेश भी जारी नहीं किया गया।

### इस तरह भ्रष्टाचार को दिया अंजाम

दरअसल, मछली पालन विभाग राजनांदगांव की तत्कालीन सहायक आयुक्त गीतांजलि गजभिए ने वर्ष 2021-22 में नवागांव बांध सिंचाई जलाशय में मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालन हेतु केज कल्चर स्थापना के लिए अपनी ननद हेमलता रामटेके, विभागीय ड्राईवर की मां सरोज मोटघरे, भृत्य की नाबालिग बेटीऔर भुवन बगडहरिया के नाम कूटरचना कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए। इन 4 लोगों के नाम पर उन्होंने 4 यूनिट केज कल्चर के लिए अनुदान की स्वीकृति दे दी जिसमें प्रत्येक यूनिट में 18 केज शामिल थे। इन हितग्राहियों को केज कल्चर स्थापना हेतु उनके नामों पर स्वीकृति की कोई जानकारी नहीं थी।

### बगैर वर्क ऑर्डर केज की स्पलाई, ये किसके इसका कोई प्रमाण नहीं

नवागांव जलाशय में केज कल्चर स्थापना को लेकर इस हद तक अनियमितता की गई कि केज स्थापना किसने की इसका कोई प्रमाण ही नहीं है। स्टार सप्लयार बिलासपुर को केज स्थापना हेतु आदेश किसने दिया उल्लेख नहीं है। जबकि स्टार स्प्लयार बिलासपुर के द्वारा समस्त देयक सहायक संचालक मछलीपालन जिला राजनांदगांव के नाम से दिया गया है। देयको बिना सत्यापन भुगतान सीधे फर्मों को किया गया। यही नहीं इस भुगतान के लिए भौतिक सत्यापन भी जरुरी था जो नहीं करवाया गया। केज स्थापना हेतु निविदा आमंत्रित की जानी थी लेकिन ऐसा नहीं किया गया। भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं किया गया।

## सीतारमण और नड्डा से मिले नायडू



वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार मंत्री जे पी नड्डा से मुलाकात की। सीतारमण ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी। इस दौरान नायडू के साथ केन्द्रीय नागर विमान मंत्री राम मोहन नायडू, केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री चंद्र सेखर पेम्मासनी और भारी उद्योग राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा भी मौजूद थे। नायडू ने एक्स पर यह जानकारी देते हुये कहा कि इस दौरान दोनों नेताओं ने विकसित भारत और विकसित आंध्र प्रदेश के दृष्टिकोण पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार आंध्र प्रदेश को नयी ऊंचाइयों पर लेने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के साथ भेंट के दौरान केन्द्रीय नागर विमान मंत्री नायडू, केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री पेम्मासनी और भारी उद्योग राज्य मंत्री वर्मा भी मौजूद थे।

# गीली मिट्टी की तरह होते हैं बच्चे, जैसा आप बनाना चाहते हैं बना सकते हैं : मुख्यमंत्री साय

## चाक पर हाथ चला और दीया बनाकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिया सन्देश

पायनियर संवाददाता < बगिया/जशपुर
www.dailypioneer.com

बच्चे तो मन के सच्चे होते हैं और यह बिल्कुल ही गीली मिट्टी की तरह होते हैं.. आप इन्हें जिस रूप में आकार देना चाहते हैं, दे सकते हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कुम्हार की चाक पर हाथ चलाते हुए राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में शायद यहीं संदेश दे रहे थे। जशपुर जिले में अपने गृहग्राम बगिया में मुख्यमंत्री साय ने अपनी पत्नी कौशल्या देवी साय के साथ कार्यक्रम स्थल पर चाक पर न सिर्फ हाथ आजमाए, उन्होंने गीली मिट्टी से दीया बनाकर मौके पर उपस्थित बच्चों और अभिभावकों को अलग-अलग संदेश दिया कि गीली मिट्टी की तरह बच्चे भी कोमल होते हैं और उन्हें किसी भी रुप में ढाला जा सकता है। वहीं दीया बनाकर उन्होंने अँधेरे को दूर करने में दीये की उपयोगिता को बताने की भी कोशिश की। इस दौरान बगिया में कार्यक्रम स्थल पर लगायें एक- एक स्टाल का मुख्यमंत्री साय ने अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों द्वारा तैयार मॉडल, सामग्रियों को देखकर उनकी सराहना की और उन्हें प्रेरित भी किया। राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम स्थल पर अलग अलग विभागों की स्टाल लगाई गई थी। जिसमें स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों में वैज्ञानिक नवाचार को बढ़ावा देने मॉडल, स्वास्थ्य विभाग द्वारा डायरिया के रोकथाम, आदिवासी विकास विभाग द्वारा एकलव्य आवासीय विद्यालय में अध्यापन और आदिवासी बच्चों को दी जाने वाली सुविधाएं, लाइवलीहुड कॉलेज नवगुरूकुल द्वारा आजीविका पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई। स्टाल में पीएमश्री प्राथमिक शाला लवाकेरा के विद्यार्थियों ने बैंड से देशभक्ति धुनों की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की। शासकीय कन्या आश्रम बगीचा, पीएमश्री विद्यालय कांसाबेल, पीएमश्री विद्यालय कडरेगा के बच्चों ने स्कूल में तैयार की गई मॉडल, वैज्ञानिक सोच और तार्किकता को बढ़ावा देने वाले मॉडल से मुख्यमंत्री का ध्यान अपनी ओर खींचा। छात्रा कु.अनामिका ,समिस्ता टोप्पो, दीपिका सिंह,दृष्टि साय, अनुष्का टोप्पो ने जादुई पिटारे सहित अन्य प्रस्तुत सामग्रियों के विषय में बताया। शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला पत्थलगांव के विद्यार्थियों ने हुनर के पेटी, खेल सामग्री, जादुई पिटारा, बायो गैस मॉडल के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। शासकीय विद्यालय दोकड़ा द्वारा हेल्थकेयर सेजेस जशपुर के विद्यार्थियों द्वारा रोबोट के माध्यम से यातायात के दौरान दुर्घटना से बचाव, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय जशपुर की श्रुति डहरे, सरस्वती और भूमिका डहरे ने थ्री डी प्रिंटर के माध्यम से कलात्मक प्रिंट तैयार करने, हाइट फाइंडर के माध्यम से ऊंचाई नापने की जानकारी दी। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल चराई डाँड़ के विद्यार्थियों ने ड्रिप सिंचाई, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गम्हरिया द्वारा मशरूम उत्पादन की जानकारी दी गई। स्टाल में बाँस कला, माटी कला अंतर्गत सामग्री की जानकारी भी दी गई। मुख्यमंत्री ने स्टाल में मिली जानकारी को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि बच्चों की यह प्रतिभा जीवन में आगे बढ़ने के काम आएगी।



बच्चों के हुनर और प्रस्तुति की सराहना की, राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में स्टॉल का किया अवलोकन



राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर लगे विभिन्न स्टालों के अवलोकन के बीच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का भी अवलोकन किया।

## जब मुख्यमंत्री बने शिक्षक और बच्चों को बताया आदर्श विद्यार्थी में होने चाहिए कौन से पांच गुण



बगिया में राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शिक्षक की भूमिका में दिखे। वे बगिया मिडिल स्कूल के बच्चों के बीच क्लास में पहुंचे। पढ़ाई लिखाई की बातों के बीच उन्होंने संस्कृत के श्लोक- ''काक चेष्टा बको ध्यानं, श्वान निद्रा तथैव च। अल्पहारी गृह त्यागी, विद्यार्थी पंचलक्षणं'' के माध्यम से बताया कि एक आदर्श विद्यार्थी में पांच गुण जरूर होना चाहिए। एक छात्र को कौवे की तरह कभी हार न मानना और लक्ष्यों को पाने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। सारस की तरह अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्रचित्त होकर काम करना चाहिए। श्वान की तरह जरूरत की नींद लें और सतर्क रहें। संतुलित आहार लें और अपने आराम को छोड़कर और कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर चुनौतियों का सामना करने की क्षमता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री साय ने बच्चों को बताया कि वे भी बगिया के इसी स्कूल से पढ़े हैं। तब यहां प्राइमरी तक की कक्षाएं लगती थीं। छत खपरैल की थी और हम जमीन में बैठ कर पढ़ते थे। हफ्ते में एक दिन सभी बच्चे अपने अपने घरों से गोबर लाकर यहां की लिपाई करते थे। अब तो स्कूल पक्के बन गए हैं। यहां कुर्सी टेबल भी लग गए हैं। शिक्षक भी पर्याप्त हैं। आप सभी मन लगाकर पढ़ें। खूब मेहनत करें, अपने समय का सदुपयोग करें और ऊंचा मुकाम हासिल करें। मुख्यमंत्री साय ने बच्चों से पूछा कि वे क्या बनना चाहते हैं। सातवीं की छात्रा पूर्णिमा ने बताया कि वह शिक्षिका बन कर दूसरों को पढ़ाना चाहती हूं। मुख्यमंत्री साय ने नन्ही बच्ची की सोच के लिए उसे शाबाशी दी और कहा शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं। इसी तरह छात्र राजेंद्र राम ने कहा कि वे सेना में जाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री साय ने शुभकामनाएं देते हुए बच्चों से कहा कि सभी को बड़े होकर क्या बनेंगे यह सपना देखना चाहिए। सपने देखेंगे तभी आप उसे पूरा करने के लिए प्रयास करेंगे। शिक्षा आपके सभी सपनों को साकार करने का सबसे अच्छा माध्यम है। मुख्यमंत्री साय बच्चों से बात करते हुए अपने स्कूली दिनों को याद किया और उससे जुड़ा एक किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि जब वे यहां पढ़ते थे उस दौरान बड़े लोगों में हल्ला था कि गले में सुई लगा रहे हैं। एक बार हमारे स्कूल के बाहर एक गाड़ी आकर रूकी तो हम सबको लगा सुई लगाने कोई आया है और हम सब स्कूल की खिड़की से कूद कर भाग गए। तब यहां ग्रिल नहीं लगा होता था और सिर्फचौखट होती थी। मुख्यमंत्री साय ने कहा अपने सहपाठियों के साथ बिताए पल ताउम्र मीठी याद बनकर रह जाते हैं।

## जब मुख्यमंत्री से मिली साइकिल तो छात्राओं ने सामूहिक रूप से घंटी बजाकर जताया उत्साह



जशपुर जिले के ग्राम बगिया में आयोजित राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर छात्र छात्राओं के लिए खुशियों भरा दिन रहा। जहां एक ओर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के मुखिया और जशपुर के माटी पुत्र मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम में शामिल हुए। वही दूसरी तरफ शाला प्रवेशोत्सव में नव प्रवेशी बच्चों के अभिनंदन के साथ उन्हें उपहार देने के साथ ही मुख्यमंत्री साय ने 9 वीं कक्षा में प्रवेशित छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया। छात्राओं ने साइकिल मिलने की खुशी सामूहिक रूप से साइकिल की घंटी बजाकर जाहिर की और मुख्यमंत्री श्री साय का आभार जताया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी छात्राओं को अच्छे से पढ़ाई कर बेहतर परिणाम के साथ अपने माता-पिता और बगिया सहित प्रदेश का नाम रोशन करने की बात कहते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण योजना से छात्राओं को मुफ्त साइकिल प्रदान की जाती हैं। इस योजना के तहत शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाली कक्षा 9 वीं की छात्राओं को निशुल्क साइकिल प्रदान की जा रही है, ताकि संसाधनों के अभाव में और दूरी के कारण छात्राएं अपनी पढ़ाई बीच में ना छोड़े। साइकिल मिलने पर छात्राओं के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही है। छात्राओं का कहना है कि निःशुल्क साइकिल मिलने की उन्हें काफी खुशी है और अब उन्हें अपने स्कूल तक आने-जाने में सहूलियत होगी। वे जल्दी स्कूल पहुंच सकेंगी, जिससे उनके समय की बचत होगी, साथ ही पढ़ाई पर उनका फोकस और मजबूत होगा।

# डिजिटल सचिवालय के लिए राजभवन के अधिकारियों–कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



डिजिटल सचिवालय परियोजना के क्रियान्वयन हेतु राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों को चिप्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। चिप्स द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग के मार्गदर्शन में एचआरएमएस सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है, जिसमें अवकाश के लिए आवेदन, अचल संपत्ति विवरण और गोपनीय प्रतिवेदन ऑनलाइन भरा जा सकेगा। राजभवन में भी डिजिटल एचआरएमएस सॉफ्टवेयर के संचालन हेतु आवश्यक तैयारी की जा रही है। इसी सिलसिले में यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित चिप्स के प्रशिक्षणकर्ताओं ने सभी शंकाओं का उचित समाधान किया। प्रशिक्षण में उप सचिव हिना अनिमेष नेताम, अवर सचिव अर्चना पाण्डेय, नियंत्रक संजय विश्वकर्मा सहित राजभवन के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# बच्चों के भविष्य निर्माण में अभिभावकों की भूमिका महत्वपूर्ण : मंत्री रामविचार नेताम

पायनियर संवाददाता < बलरामपुर
www.dailypioneer.com



कृषि मंत्री रामविचार नेताम बलरामपुर जिले में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। शाला प्रवेश उत्सव बलरामपुर के स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में आयोजित की गई थी। मंत्री नेताम द्वारा इस दौरान नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर तथा निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, स्कूल बैग एवं गणवेश प्रदान कर शाला प्रवेश कराया गया। साथ ही कक्षा 9वीं में प्रवेशित छात्राओं को सरस्वती सायकल योजनान्तर्गत सायकल प्रदान किया गया। इसी प्रकार 10वीं एवं 12वीं कक्षा के राज्य स्तरीय टॉपर छात्र-छात्राओं को लैपटॉप तथा जिला स्तर पर 10वीं एवं 12वीं में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सामरी विधायक उधेश्वरी पैकरा विशेष रूप से उपस्थित थी। जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में कृषि मंत्री नेताम ने कहा कि बच्चों के नौनिहाल बच्चों के भविष्य निर्माण में अभिभावकों की महत्वूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए उन्हें पढ़ने-लिखने के लिए प्रोत्साहित करें। यह एक ऐतिहासिक क्षण है, जिसमें नवप्रवेशी स्कूली बच्चे, अभिभावक तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार विगत 26 जून 2024 से ही शाला प्रारंभ हो चुकी हैं तथा संकुल स्तर पर शाला प्रवेश उत्सव प्रारंभ है। नेताम ने कहा कि पहले बच्चे स्कूल जाने से डरते थे, परन्तु अब स्कूलों को आकर्षक एवं सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो रहा है, जिसके कारण अब बच्चे स्वयं से स्कूल आना प्रारंभ कर दिये हैं। सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे नियमित रूप से अपने बच्चों को स्कूल भेजें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील किया कि ऐसे बच्चे जो प्रवेश से छुटे हुए हैं, उन समस्त बच्चों को नजदीकी विद्यालय में प्रवेश कराने की जिम्मेदारी लें। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पुष्पा नेताम, कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रेना जमील, जनपद पंचायत सदस्य भानु प्रकाश दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कोल माफिया राज वर्चस्व स्थापित करने भाजपाई गोलीबारी कर रहे



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकारी ठेकों कोयला और जमीनों के कारोबार पर कब्जा के लिये भाजपाईयों में गैंगवार छिड़ा हुआ है। रायगढ़ जिले से लगे सुन्दरगढ़ बार्डर पर भाजपा के दो गुट के नेताओं के बीच कोयला कारोबार के वर्चस्व को लेकर सरे आम गोलीबारी की घटना हुई। प्रत्यक्षदर्शी बताते है इस मामले में घंटो तक गोलियां और धारदार हथियार चलाये गये। दो ढाई सौ लोग हथियार लेकर एक दूसरे पर टूट पड़े थे। इस पूरे मामले में भाजपा के एक पूर्व विधायक का पुत्र तथा वर्तमान सरकार के मंत्री के खास लोगो की संलिप्तता है। उड़ीसा में इस मामले को लेकर पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मुख्यमंत्री से पूछा कि इस पूरे गैंगवार के पीछे छत्तीसगढ़ की पुलिस क्यों खामोश है? सारे लोग रायगढ़ से जुड़े है, फिर इतने बड़े घटना पर छत्तीसगढ़ का पुलिस कोई कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है? इतनी बड़ी घटना पर छत्तीसगढ़ पुलिस का कोई कार्यवाही नहीं करना इस बात का प्रमाण है।

## रायपुरा व्यापारी संघ का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**रायपुर।** महादेव घाट स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में रायपुरा व्यापारी संघ द्वारा आम सभा एवम नव निर्वाचित कार्यकारणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं




रायपुर पश्चिमी के विधायक राजेश मूणत बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शमिल हुए। रायपुरा व्यापारी संघ के 12 वर्षो तक अध्यक्ष रहे शेखर वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वार्ड पार्षद बीरेंद्र देवांगन, पूर्व पार्षद दीनबंधु सिंह ठाकुर, चुनाव अधिकारी केशव राम श्रीवास मंचस्थ हुए। मां लक्ष्मी कि पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायक राजेश मूणत ने रायपुरा व्यापारी संघ के नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। विधायक मूणत ने व्यापारियों को शुभकामनाएं दी एवं हर संभव सहायता का अश्वासन भी दिया। नव निर्वाचित कार्यकारणी अध्यक्ष नन्द कुमार चक्रधारी, उपाध्यक्ष संजय सिंह व महेन्द्र औसर, सचिव हेमलाल चक्रधारी, सह सचिव सोम चक्रधारी, कोषाध्यक्ष मनोहर साहू, संगठन प्रभारी विनोद रात्रे, प्रचार प्रसार प्रभारी मुकेश साहू, मीडिया प्रभारी सौरभ बख्शी. कार्यकारिणी सदस्य विनोद पांडे, वासु ठाकुर, रमेश साहू, गुलेश चक्रधारी, दिनेश छाबड़िया, जुगल राम चंद्राकर। कार्यक्रम में राजेश देवांगन, अश्वनी बानी, रजा नकवी, महेश शर्मा, युवराज साहू, दिनेश वर्मा रविन्द्र शर्मा आदि व्यापारी बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## संत रावतपुरा सरकार महाराज जी का प्राकट्य महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया



**रायपुर।** सतगुरु रावतपुरा सरकार महाराज जी के प्राकट्य महोत्सव पर श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के हेड ऑफिस के साथ-साथ श्री रावतपुरा सरकार के सभी संस्थानों में प्राकट्य महोत्सव के अवसर पर अलग-अलग कार्यक्रम किये गये। जिसमे नेत्र जाँच शिविर, वृक्षा रोपण के साथ भंडारा का आयोजन हुआ। उपाध्यक्ष डॉ. जे के उपाध्याय ट्रस्ट मुख्यालय पर कर्मचारियों के साथ महाराज की पूजा की व सभी को प्राकट्य महोत्सव की शुभकामनाये दी।

## महिला बाल विकास, रेलवे, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारों को बताया गया तम्बाकू नियंत्रण की नीतियां

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य स्वास्थ्य एवम परिवार कल्याण विभाग द्वारा राज्य में निरंतर तम्बाकू नियंत्रण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। संचालक स्वास्थ्य सेवाए ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा ब्लूमबर्ग परियोजना छ.ग. के संयुक्त तत्वाधान में राज्य एवं जिला स्तर के अधिकारियों के लिए राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बताते चलें की प्रशिक्षण की इस कड़ी में दिनांक 3 जुलाई को आबकारी, श्रम, एवम परिवहन विभाग तथा दिनांक 4 जुलाई को महिला एवम बाल विकास, रेलवे, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारों का क्षमता वर्धन किया गया। संयुक्त संचालक महिला एवम बाल विकास विभाग डी एस मरावी द्वारा जन जागरूकता के माध्यम से तम्बाकू नियंत्रण का प्रयास किए जाने की बात कही गई। सभी विभागों के समन्वयक से तम्बाकू जैसे हानिकारक उत्पादों पर नियंत्रण करने की बात पर बल दिया। उपसंचालक पंचायत एवम ग्रामीण विकास विभाग दिनेश चंद्राकर द्वारा तम्बाकू नियत्रण की दिशा में पंचायत विभाग की भूमिका के बारे में बताया गया। नगरीय प्रशासन विभाग की सहायक संचालक संगीता साहू द्वारा नगरीय निकायों के माध्यम से कोटपा 2003 के अनुपालन हेतु प्रयास किए जाने की बात कही गई। डॉ शिल्पा जैन राज्य मास्टर ट्रेनर एवम प्राध्यापक शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर द्वारा मानव शरीर में तम्बाकू के हानिकारक प्रभावों सहित तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्र की सेवाओं की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ कमलेश जैन ने तम्बाकू नियंत्रण के लिए राज्य में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की राज्य सलाहकार डॉ नेहा साहू ने तम्बाकू नियंत्रण के लिए महिला एवम बाल विकास विभाग, रेलवे, नगरीय प्रशासन, पंचायत एवम ग्रामीण विकास विभाग की भूमिका पर प्रकाश डाला। राज्य विधिक सलाहकार ख्याति जैन द्वारा तम्बाकू नियंत्रण के लिए प्रचलित कानून कोटपा 2003 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। संभागीय सलाहकार प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्था के दिशा निर्देशों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन राज्य समन्वयक डॉ शैलेंद्र मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन प्रकाश श्रीवास्तव दवारा किया गया।

# केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने आकांक्षीय विकासखंण्ड गौरेला में संपूर्णता अभियान का किया शुभांरभ

## संपूर्णता अभियान के तहत 6 इंडिकेटर पर शत–प्रतिशत लाएं उपलब्धि: मंत्री तोखन साहू

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री भारत सरकार तोखन साहू ने केन्द्र तथा राज्य शासन की प्राथमिकता वाली आकांक्षी विकासखण्ड के तहत आज गौरेला विकाखण्ड के ग्राम पंचायत सारबहरा में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने संपूर्णता अभियान के तहत नीति आयोग द्वारा निर्देशित 6 इंडिकेटरों पर शत प्रतिशत उपलब्धि लाने कहा। साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संपूर्णता अभियान के सभी इंडिकेटरों को संतृप्त करने के लिए योगदान देकर स्वास्थ्य, समर्थ और समृद्ध ब्लाक-जिला बनाने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रतिज्ञा दिलाई। केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि संपूर्णता अभियान का उद्देश्य आकांक्षी ब्लाक के सभी हितग्राहियों को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए 6 इंडिकेटर पर फोकस किया है। उन्होने संपूर्णता अभियान के तहत नीति आयोग द्वारा निर्देशित 6 इंडिकेटरों पर शत प्रतिशत उपलब्धि लाने कहा। इनमें प्रथम तिमाही के दौरान प्रसवपूर्व देखभाल, लक्षित आबादी में मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जांच, आईसीडीएस कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं की नियमित रूप जांच और उनको पूरक पोषण वितरण, मृदा परीक्षण और स्व-सहायता समूहों को रिवाल्विंग फंड प्रदान करना शामिल है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जीवन में आये सुखद बदलाव पर आधारित संदेश का प्रसारण भी किया गया। केन्द्रीय राज्य मंत्री साहू ने कहा कि जनकल्याण और राष्ट्र विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी प्रतिबद्ध है। उन्होने केबिनेट की पहली बैठक में ही 3 करोड लोगों को आवास देने का निर्णय लिया। इसके साथ ही किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन योजना की राशि, उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन प्रदाय सहित जनकल्याणकारी की दिशा में लगातार काम कर रहे है। साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संपूर्णता अभियान के सभी इंडिकेटरों को पूरा करने के लिए योगदान देकर स्वास्थ्य, समर्थ और समृद्ध ब्लाक-जिला बनाने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रतिज्ञा दिलाई। उन्होने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया और संपूर्णता अभियान के प्रदर्शन बोर्ड पर हस्ताक्षर भी किए। संपूर्णता अभियान के शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण चौहान, कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, परियोजना निदेशक डीआरडीए कौशल प्रसाद तेंदुलकर, प्रबल प्रताप सिंह जुदेव, कन्हैया राठौर, राकेश चतुर्वेदी, मुकेश दुबे, बृजलाल राठौर, ज्ञानेन्द्र उपाध्याय, गोपाल अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बडी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

# नगर के मुख्य मार्ग पर अवैध कब्जा होने से आवागमन बाधित

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




नगर के हृदय स्थल तथा सबसे व्यस्ततम ट्रैफिक वाले क्षेत्र डाकघर के सामने पशु चिकित्सालय से लगकर मुख्य मार्ग के किनारे लगभग 300 वर्गफीट की शासकीय भूमि पर व नाली के ऊपर गायत्री फोटोग्रॉफी सेंटर संचालक ऋषि शुक्ला पिता सिद्धनाथ शुक्ला ने अवैध कब्जा कर रखा है। पूर्व में मुख्य मार्ग चौड़ीकरण करने के दौरान काटे गए पीपल वृक्ष कों भी कब्जा करने की नियत से स्थापित कर रखा है। लगभग 300 वर्गफीट की जमीन पर सड़क चौड़ा होने के बाद से ही अवैध अतिक्रमण के आवागमन बाधित कर जनसुविधा, सौदर्यीकरण, नगर में हो रहें पाथवे निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। ऋषि शुक्ला द्वारा किये गये अवैध कब्जे के विरुध्द कई बार नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों द्वारा शिकायत की जा चुकी है लेकिन नगर पालिका अब तक उक्त अवैध निर्माण को हटाने के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसकी लेकर अन्य अवैध कब्जाधारी को भी बल मिल रहा है, नगर को सुंदर बनाने के उद्देश्य से मुख्य मार्ग के किनारे नगर पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे हैं लेकिन ऐसे उक्त स्थल पर कार्य करने पर पेंच अटक रहा है इसलिए उक्त स्थान को छोड़ दिया गया है जो नगर के सौदर्यीकरण में ग्रहण लगने जैसा दिख रहा है। सूत्रों से यह भी पता चला है कि ऋषि शुक्ला अपने आप को 80त्न दिव्यांग बताकर शासकीय अधिकारी कर्मचारी एवं आम नागरिकों पर इसी प्रकार का हमला कर मनमानी करता है लेकिन ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कुछ जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उनके द्वारा इनका समर्थन कर अवैध कब्जे जैसे कार्यों में सहयोग कर रहें है। जबकि अनुभागी अधिकारी बलौदाबाजार द्वारा अवैध कब्जा मुक्त करने के लिए तहसीलदार की टीम गठित कर दिए हैं उसके बावजूद अब तक कब्जा नहीं हटाया गया है। इस संदर्भ में नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल ने कहा आवेदन आया है शीघ्र ही इस पर कार्यवाही की जाएगी।

# विधायक किरण देव को पत्र लिख कर बेंगपाल के रहवासियों ने अधूरे सड़क को पूर्ण करने रखी मांग

## बेंगपाल में जल्द पूर्ण होगी सड़क और होंगे विकास कार्य

पायनियर संवाददाता ✓ सुकमा
www.dailypioneer.com





सुकमा जिले के ग्राम पंचायत टहकवाडा के आश्रित ग्राम बेंगपाल जो जगदलपुर विधानसभा के अंतर्गत आता है वहाँ की जनता की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन रमन सरकार ने एनएच 30 से बेंगपाल तक 9 किमी तक 2006-7 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण स्वीकृत की जो कि नक्सल समस्या के कारण पूर्ण नहीं हो पाई थी जिसे वर्तमान समय में ठेकेदार एल सी कटरे के द्वारा करवाया जा रहा था,परन्तु ठेकेदार ने 6 किमी तक सड़क निर्माण करने के पश्चात 3 किमी सड़क अधूरी छोड़ दी जिससे ग्रामीणों को बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है,इस विषय में ग्रामवासियों ने बेंगपाल में बैठक कर जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव को पत्र लिख कर जल्द से जल्द इस सड़क को पूर्ण कराने हेतु पत्र लिखा है।

**अधूरी सड़क के कारण विकास कार्य हो रहे प्रभावित** - सरपंच महादेव वट्टी ने बताया कि इस सड़क के अधूरे रहने की वजह से बेंगपाल एवं कोटवार पारा में अन्य विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं रास्ता दुर्गम होने के कारण सामग्री का भाड़ा बहुत अधिक लगता है जिसके कारण मानक मूल्य से ज्यादा राशि ख़र्च होती है जिसके कारण कोई भी कार्य यहाँ नहीं हो पा रहे हैं।

**स्कूल, पुल, तालाब, चेकडेम की है आवश्यकता** -सरपंच ने कहा कि बेंगपाल में किसी प्रकार की अधोसंरचना नहीं हो पा रही है जबकि यहां पर जनहित में पुल, पुलिया, सड़क, तालाब, चेकडेम आदि की नितांत आवश्यकता है।

**जल्द बनेगी सड़क बेंगपाल में भी होंगे विकास के कार्य : देव**

जगदलपुर विधायक देव ने कहा कि जल्द ही बेंगपाल की सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होगी, बेंगपाल में भी विकास के कार्य जल्द प्रारंभ होंगे।

# कूकानार में हुआ खण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव



पायनियर संवाददाता ✓ सुकमा
www.dailypioneer.com

कूकानार में विगत दिनों विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव 2024-25 का गरिमामयी आयोजन सेजेस कुकानार में मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा मे जनप्रतिनिधियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित ,पुष्प गुच्छ भेट कर नवप्रवेशी बच्चों को तिलक माला मुकुट पहनाकर एवं निशुल्क पाठ्यपुस्तक गणवेश प्रदाय कर कक्षा मे प्रवेशित किया गया। कक्षा 9वीं में प्रवेशित 10 बालिका को निशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरण किया गया,तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा 'एक पेड़ धरती मां के नाम' श्लोगन के साथ विद्यालय परिसर मे वृक्षारोपण कार्यक्रम तहत पौधा रोपण किया गया, आयोजन के दौरान संकुल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति गई,2023 - 24 मे मेरिट लिस्ट में उत्तीर्ण व कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं को जनप्रतिनिधियों द्वारा पुरुष्कार उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए नियमित शाला आने हेतु मार्गदर्शन किया। 1 जुलाई 24 की स्थिति में छिंदगढ़ विकासखंड नए शिक्षण सत्र 2024 -25 में 1157 बालक व 1260 बालिका कुल 2417 बच्चों ने नवप्रवेश प्रक्रिया मे लिया। विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में उपस्थित जनप्रतिनिधियों में पार्वती प्रधानी फुलेश्वरी बघेल जिला पंचायत सदस्य, सरपंच कुकानार मंगलदई, जेमा वती नाग, अंशु चौहान व छिंदगढ़ के समस्त पंचायत के सरपंच, पंच, जनपद सदस्य आदि उपस्थित रहे वहीं विकास खण्ड के शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी जिनमें बीएओ कमलेश श्रीवास्तव व सेजस के प्राचार्य जिनके संस्था में उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ धर्मेंद्र चौहान उपस्थित रहे।

# गल्ला व्यापारी के घर में 111 बोरी पीडीएस का चना एवं 50 क्विंटल गुड़ जप्त





पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जैतालूर के कालेजपारा स्थित गल्ला व्यापारी सुजित जायसवाल के घर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदाय की जाने चना एवं गुड़ के अवैध भण्डारण की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस की टीम ने गल्ला व्यापारी के घर दबिश देकर 111 बोरी चना (55 क्विंटल 50 किलो) एवं 50 क्विंटल गुड़ दोनों की कुल लागत 4 लाख से अधिक बताया जा रहा है की जप्ती बनाई खबर मिलने पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने इस तरह की शासकीय खद्यान्न की अफरा-तफरी करने वाले दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही एवं जनमानस को भी अपील करते हुये कहा कि इस तरह की जानकारी मिलने पर त्वरित सूचित करें ताकि उनपर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके। इस दौरान एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल तहसीलदार सहित पुलिस विभाग के टीम के अलावा श्रम एवं खाद्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

# गोंडवाना समाज बस्तर ने डॉ. करुणा मरावी को दी विदाई

पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



गोंडवाना समाज समन्वय समिति बस्तर जिला जगदलपुर के द्वारा मेडिकल कॉलेज ढिमरापाल में पदस्थ सहायक प्राध्यापक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर करुणा मरावी को विदाई दी गई स्थानीय गोंडवाना समाज भवन में एक महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित कर गुरुवार शाम को मेडिकल कॉलेज में पदस्थ असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर करुणा मरावी का नियमित सहायक अध्यापक के रूप में संघ लोक सेवा आयोग मध्य प्रदेश के द्वारा मध्यप्रदेश राज्य के लिए चयनित होने पर विदाई दी गई इस अवसर पर गोंडवाना समाज समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष तिरुमाल नकुल सिंह सेवता, महिला प्रभाग अध्यक्ष शीतला को राम मैडम, कोषाध्यक्ष दीपा मांझी डॉक्टर आरकेएस राज सोरी नरेश मरकाम सुखलाल नेताम श्याम नेताम रामेश्वरी सोरी अंबिका ध्रुव नीरज कुंजाम आदि उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष नकुल सिंह सेवता ने डॉक्टर करुणा मरावी को बधाई देते हुए कहा कि आप जहां पर भी अपनी शासकीय सेवा रहे वहां पर आदिवासी समाज का निरंतर सेवा करने के साथ ही समाज से जुड़े रहने का आग्रह किया। साथ ही सेवता ने कहा कि गोंडवाना समाज समन्वय समिति बस्तर जिला आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। मंच संचालन करते हुए माखन लाल सोरी ने कहा कि डॉक्टर करूणा मेरावी ने अल्पकाल के सेवाकाल में ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवम समाज के लिए अलग अंदाज़ से समाज सेवा करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई यह अनुकरणीय है। वहीं शीतला कोर्राम जी ने कहा कि समाज में बच्चों को ऐसे निस्वार्थ सेवा भावी डाक्टरों के बारे में जानकारी देना चाहिए ताकि उनसे प्रेरणा मिले। दीपा मांझी मैडम ने डॉक्टर मेरावी की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सर्व आदिवासी समाज के द्वारा आयोजित प्रथम निशुल्क मेडिकल कैंप की जिक्र करते हुए कही कि इस कैंप के आयोजन में डॉक्टर करूणा की भूमिका महत्त्वपूर्ण थी और भी कैंप करने पर विचार किया गया था लेकिन आप बस्तर छोड़कर जा रहे हैं। इस मंच पर अंबिका ध्रुव, डॉ राज सोरी, नरेश मरकाम नीरज कुंजाम श्याम नेताम रामेश्वरी सोरी ने भी बात रखते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में डॉक्टर करूणा मेरावी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि बस्तर बहुत सुंदर है यहां के आदिवासी समाज के लोग बहुत सरल सीधे हैं बस्तर छोड़कर जाना मेरे लिए बहुत कठिन है लेकिन जीवन में कुछ पाने के लिए कुछ त्याग भी करना पड़ता है। बस्तर से दूर जरूर जा रही हूं परंतु सोशल मीडिया और दूरभाष के माध्यम से लगातार आपके संपर्क में रहूंगी और बस्तर के लिए जो भी संभव हो सकता है खासकर सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागिता और मार्गदर्शन के लिए यथासंभव जो भी हो पाएगा वह बराबर बना रहेगा और साल में एक या दो बार बस्तर जरूर आऊंगी। बस्तर की अंदरूनी क्षेत्रों में मेडिकल कैंप करके स्थानीय लोगों की सेवा करने का जो सपना था वह अधूरा जरूर है और इसके लिए मेरे जूनियर मेडिकल स्टूडेंट लोग इस अधूरे मिशन को जरूर लगातार करते हुए पूरा करेंगे इसका मुझे विश्वास है।

# रेलवे ओवर ब्रीज पर हलचल बढ़ी सांसद के प्राथमिकता में शामिल

पायनियर संवाददाता ✓ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



जिले की बदकिस्मती ही कहें कि जब एनएमडीसी ने कुछ वर्ष पूर्व ओवरब्रिज बनाने के लिए जिला प्रशासन को सात करोड़ रुपये दिए थे तब शासन -प्रशासन ने राजमार्ग होने की बाध्यता और निर्माण के लिए असमर्थता जताते कहा था कि यह केंद्र के एकाधिकार का विषय है लिहाजा राष्ट्रीय सड़क निर्माण एजेंसी ही यह कार्य कर सकता है. चूंकि अब केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के संज्ञान में यह समस्या सांसद बस्तर ने रख दी है और गडकरी फ़ौरन ही निर्णय लेने के लिए जाने जाते हैं अतः अब रेलवे ओवरब्रिज बनने के आसार प्रबल हो रहे हैं. दंतेवाड़ा में यातायात का दवाब पूर्व की अपेक्षा बढ़ गया है तिसपर रेलवे ने भी अपनी लाइन डबल कर रखा है. पूर्व की तुलना में अब परेशानी अधिक बढ़ गई है. उम्मीद होगी परिवहन मंत्री इस महत्वपूर्ण विषय को गंभीरता से लेते ओवरब्रिज निर्माण के लिए रास्ता साफ करेंगे।

# मलेरिया एवं डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी घर-घर दे रहे हैं दस्तक

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com



कलेक्टर मयंक चतुवेदी के निर्देशानुसार दंतेवाड़ा जिले में मलेरिया एवं डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण एवं गन्दे पानी भराव की साफ-सफाई हेतु नगर वासियों को स्वास्थ्य से संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय बसाक एवं अनुविभागीय अधिकारी बचेली विवेक चंद्रा जिला स्वास्थ्य एवं जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ. एस मण्डल, डॉ. हितेश ठाकुर, डॉ. देश दीपक,डॉ वेणुगोपाल राव, संग्राम सिन्हा, भूपेन्द्र साह एवं अंचल की महिलाओं के द्वारा किरंदुल नगर पालिका के वार्डों में घर-घर भ्रमण कर मलेरिया एवं डेंगू के रोकथाम हेतु जन जागरूकता किया गया। भ्रमण के दौरान घर एवं आसपास जलभराव होने वाले स्थान, पुराने टायर, गमला, कूलर, मटका में भरे पानी की सफाई एवं मच्छरदानी के नियमित उपयोग करने हेतु स्वास्थ्य सलाह दिया गया साथ ही परियोजना अस्पताल एनएमडीसी किरंदुल के अस्पताल प्रशासन से चर्चा कर निर्देशित किया गया है कि एनएमडीसी अस्पताल किरंदुल में मलेरिया एवं डेंगू के धनात्मक प्रकरण की पुष्टि होने पर तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सूचित करें ताकि जिला स्तर से रोकथाम हेतु तत्काल कार्यवाही किया जा सके।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत भाजपाइयों ने किया पौधारोपण



पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लोगों से अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ जरूर लगाने की अपील की है तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी अपील किए है कि अधिक से अधिक पेड़ लगाकर अपने मां को सम्मान दीजिए। इसी तारतम्य में शुक्रवार को भाजपा मण्डल किरंदुल के कार्यकर्त्ताओ द्वारा किरंदुल बस्ती वार्ड क्रमांक 18 में पौधारोपण किया गया। जिसमें प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य मीरा तिवारी,मण्डल अध्यक्ष डीपी मिश्रा, महामंत्री दीनानाथ ठाकुर, संजीव दास, सुनीता साहू, विजय सोढ़ी, मनोज छालीवाल, जितेंद्र गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह, रणवीर सिंह चौहान, संदीप साव, शालिनी कर्मा, सरस्वती डहरिया, अनीता नायर, एम सिंधु, सुखदेव पोयाम, सुनील गुप्ता, बबीता गिरी, बनमली हरिजन एवम राजू कडती उपस्थित थे।

## कृषकों को आने-जाने में समय व राशि का अनावश्यक व्यय होता था

# सहकारी बैंक द्वारा मोबाइल एटीएम वैन की सुविधा अर्थात बैंक आपके द्वार पर शुरू

पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com





जिला सहकारी बैंक जगदलपुर के अमानतदारों या कृषकों को बैंक से अपने पैसे निकलने के लिए नजदीकी बैंक या स्थापित एटीएम तक जाना पड़ता था जिससे आने-जाने में समय व राशि का अनावश्यक व्यय होता था बुजुर्ग किसानों-ग्रामीणों को असुविधा हो रही थी एवं वे सभी बैंकिंग सुविधा का लाभ नहीं उठा पा रहे थे। इसे ध्यान रखते हुए जिला सहकारी बैंक के द्वारा कार्य क्षेत्र में 02 मोबाइल एटीएम वैन नदीसागर एवं बेनूर के माध्यम से कृषक सदस्यों अमानतदारों को नजदीकी शाखा, समिति एवं बाजार स्थल में राशि निकालने के साथ-साथ खाते की शेष राशि संक्षिप्त जानने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। बैंक द्वारा क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक डिजिटल (कैशलैस) लेन-देन को बढ़ावा देने एटीएम का उपयोग करने प्रोत्साहित किया जा रहा है। मोबाइल एटीएम वैन संचालित होने से बैंक के अमानतदार कृषकों के ग्राम तथा हाट-बाजारों तक बैंकिंग सुविधा उपलब्ध हो सकी है। मोबाइल एटीएम वैन के माध्यम से बैंक किसानों के नजदीक पहुंच चुका है। जिससे दूरस्थ अंचल के व्यक्तियों को उनके घर के नजदीक ही बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बैंक द्वारा मोबाइल एटीएम वैन के माध्यम से क्षेत्र का भ्रमण कर प्रचार-प्रसार किये जाने से क्षेत्र के किसान अमानतदार वर्तमान युग की तकनीक के प्रति जागरूक हुये हैं। अब डेबिट कार्ड का उपयोग बढ़ा है परिणामस्वरूप अधिक से अधिक व्यक्तियों को सुविधा देने में सरलता हुई है। कलेक्टर एवं जिला सहकारी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी विजय दयाराम के. के कुशल मार्गदर्शन में संचालित इस मोबाइल एटीएम वैन से जागरूक होकर कृषकों द्वारा सतत लाभ लिया जा रहा है जिससे बैंक जाकर पैसा निकालने में भीड़ की परेशानी से छुटकारा मिल रहा है। कृषक समर्थन मूल्य में धान विक्रय या खेती-किसानी के ऋण का पैसा इस वाहन के माध्यम से अपने क्षेत्र में निकाल सकते हैं। बैंकिंग सुविधा को अधिक से अधिक जन-मानस तक पहुंचाने के लिए मोबाइल एटीएम वैन मील का पत्थर साबित हुआ है। बैंक मोबाईल वेन की एटीएम के जरिये और अधिक ग्रामीणों एवं किसानों तक यह सुविधा पहुंचाने के लिये संकल्पित है।

# गौण खनिज के अवैध परिवहन के मामले में चार वाहनों पर की गई कार्रवाई



पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विजय दयाराम के. निर्देशानुसार गौण खनिजों के अवैध परिवहन पर नियंत्रण लगाने के निर्देश पर 04-05 जुलाई को कार्यवाही करते हुए खनिज विभाग द्वारा बड़ाजी, जगदलपुर, कोड़ेनार और डिलमिली क्षेत्र में चुना पत्थर और रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर चार वाहनों को जब्त करते हुए पुलिस के सुपुर्द कर दिया। खनि अधिकारी शिखर चेरपा ने बताया कि खनिज विभाग की जांच दल ने कार्यवाही करते हुए अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर वाहनों पर प्रकरण दर्ज किया गया। पकड़े गए सभी वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सौंप कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। जिला खनिज जांच दल के खनि निरीक्षक मिदुल गुहा, खनि सिपाही डिकेश्वर खरे, सीताराम नेताम, पचीयपन द्वारा किया गया।

# मुख्यमंत्री जनदर्शन में उठी सहारा पीड़ितो के भुगतान की मांग

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

सहारा कंपनी के विभिन्न जमा योजनाओं में करोड़ो रूपये सिर्फ छत्तीसगढ़ में ही 25 लाख से अधिक जमाकर्ताओं का करोड़ो रूपये फंसा ही। परिपक्वता अवधि के 4-5 वर्षो बाद भी कोर्ट, सेबी, सहारा, रिजर्व बैंक व भारत सरकार के बीच विवाद व आपसी सामंजस्य के अभाव में राशि का भुगतान नही हो पा रहा है। पीड़ितों व सहारा संघो के संयुक्त प्रयास से 4 जुलाई को प्रदेश भर से 1700 की संख्या में पीड़ित निवेशक व अभिकर्ता मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुवे शीघ्र ही राशि भुगतान दिलाये जाने की मांग की व आवेदन भी दिया



जिस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा त्वरीत कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया हैं। 4 जुलाई को रायपुर में प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय के जनदर्शन कार्यक्रम में सहारा पीड़ित जमाकर्ता एवं कार्यकर्ता कल्याण संघ के प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह राजपूत एवं प्रदेश प्रवक्ता पंकज सोनी के नेतृत्व में मुलाकात की गई और उनसे आग्रह किया की प्रदेश के 25 लाख से अधिक सहारा पीड़ितो को उनके गाढ़ी कमाई का पैसा वर्षो से नहीं मिला है। लगातार शासन प्रशासन का ध्यान प्रदेश संगठन आकृष्ट कराता रहा है। अब चूंकि केंद्र एवं राज्य दोनों में भाजपा की सरकार है तो सहारा रिफंड पोर्टल में विगत वर्ष जुलाई 2023 में प्रदेश के 25 लाख परिवारों ने आवेदन किया है। जमाकर्ता साथियों को सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा 45 दिन में भुगतान दिलाए जाने की बात कही गई थी लेकिन 11 महीने बीतने के बाद भी निवेशकों के खातों में पैसा नहीं आया। सभी जमाकर्ताओं को पोर्टल में आवेदन करने पर गंभीर विसंगतियों, डिफिसियेंसी, कमियों निवेशकों के रजिस्ट्रेशन में दिखाई जा रही है। सीएम से मांग की गई है कि कुछ निवेशकों के साथ यह कमियां आए यह स्वाभाविक है लेकिन 95 प्रतिशत निवेशकों को अब तक आवेदन एवं दस्तावेजों में कमियां बताकर भुगतान सीआरसीएस नईदिल्ली द्वारा नही किया जा रहा है। इस पर प्रदेश संगठन ने सुझाव दिए है की चूंकि सम्पूर्ण आवेदनों का सत्यापन सहारा इंडिया द्वारा ही किया जा रहा है इसलिए प्रदेश के सभी स्थानीय सहारा इंडिया के कार्यालय खोलकर ही संपूर्ण भुगतान कराने का अनुरोध किया गया है। साथ ही वर्तमान में पोर्टल में डेथ मैचुरिटी का कोई विकल्प नहीं है जिसके कारण इतने वर्षो से भुगतान की मांग कर रहे जमाकर्ता आवेदन से वंचित हो गए। इसके लिए पोर्टल में उनकी नॉमिनी को अधिकार दिया जाए की वो आवेदन कर सके। इस प्रकार छत्तीसगढ़ के 25 लाख निवेशक। परिवार को उनका पैसा दिलाने एवं प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए राज्य सरकार, केंद्र सरकार और सहकारिता मंत्रालय नईदिल्ली से समन्वय बनाकर प्रदेश के सभी पीड़ितों को उनका हक, अधिकार दिलाते हुए सभी परिवारों को उनका भुगतान जल्द से जल्द दिलाने की मांग जनदर्शन की मुलाकात में की गई है। संगठन ने हाई पावर कमेटी बनाकर भी समय समय पर भुगतान की समीक्षा की मांग की है।

# शिक्षा के साथ स्वच्छ व सुंदर बनाने का भी संकल्प ले बच्चे : राशि

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com




शाला विद्या का मंदिर है ज्ञान की देवी माँ सरस्वती हमेशा इस मंदिर में विराजमान रहती है...शिक्षा के साथ हमे इसे स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लेना होगा, तभी हमारी ग्रहण की गई विद्या सार्थक होगी, उक्त बातें नपा अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने शासकीय प्राथमिक शाला इमली भाठा के शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के आसंदी से कही। महिलांग ने कहाँ की विद्या के मंदिर में ज्ञान के साथ हमे स्वच्छ व सुंदर बनाने के कर्तव्यों का निर्वहन करना आवश्यक है। शासकीय स्कूल में भी अनेक नगर विभूतियो ने अध्ययन कर नगर व राज्य का नाम रौशन किया है हमे उनके पद चिन्हों पर चलकर सफ्ल बनना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पूर्व पार्षद प्रभा साहू ने शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की महत्वता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के विशेष अतिथि संकुल समन्यवयक रशीद कुरैशी ने शाला के विकास व शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष के साथ सहयोगी नीरज परोहा भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम आरंभ के पूर्व माँ सरस्वती का पूजन व नव प्रवेशी शाला बच्चो को गणवेश व पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया व आगामी वर्ष के मेधावी बच्चो को पुरस्कृत करने की घोषणा की। शाला के बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों के स्वागत के लिए मधुर राज्य गीत गाकर स्वागत किया द्य शाला के मेधावी अनेक बच्चो को मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष द्वारा प्रत्सोहन राशि देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन शाला शिक्षक कैलाश प्रसाद साहू ने व आभार, शाला प्रधान पाठिका नसीमा कुरैशी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से शाला के प्रभा डड़सेना मुकेश साहू शाला विकास समिति अध्यक्ष कुसुम सोनी व अनेक संख्या में पालक गण उपस्थित थे।

# एक पेड़ मां के नाम तहसील कार्यालय परिसर में किया गया वृक्षारोपण



पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अहावन पर सम्पूर्ण भारत मे एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के अंतर्गत तहत सम्पूर्ण रायपुर जिले में शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के समस्त शासकीय/ अशासकीय कार्यालयों, संस्थाओं, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य केन्द्रों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य चिन्हित स्थलों पर अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण किया गया, उसी तारतम्य में तहसील तिल्दा नेवरा में राजस्व अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तिल्दा नेवरा एस डी एम प्रकाश टंडन तहसीलदार ज्योति मसीयारे ,नायब तहसीलदार विपिन पटेल, राजस्व निरीक्षक रंजन सिन्हा, पटवारी प्रसाद अलोनी, एवं समस्त तहसील स्टाफ, एवं प्रबुद्ध जन, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे । इस अवसर पर सबोधित करते हुए एस डी एम प्रकाश टंडन ने कहा कि इस अभियान की खास बात यह है। कि एक पौधा मॉ के नाम लगाया जाये सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर उनके सम्मान मे एक पेड़ जरूर लगाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, धरती की रक्षा और आने वाली पीढ़ी के स्वस्थ भविष्य के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना हम सबका कर्तव्य है। तहसीलदार ज्योति मसीयारे ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि एक पेड़ मां के नाम से लगाए. साथ ही उसकी देखभाल में भी प्रमुखता से सहभागिता निभाएं. ताकि, वह पेड़ पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके ।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला /प्राथमिक शाला बिंद्रावन मे प्रवेशोत्सव मनाया

पायनियर संवाददाता < महासमुंद/नर्रा
www.dailypioneer.com





शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन व शासकीय प्राथमिक शाला बिंद्रावन में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को मिठाई खिलाकर व तिलक लगाकर तथा निः शुल्क पाठ्य पुस्तक व गणवेश वितरण कर प्रवेश उत्सव मनाया ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप स्थानीय जनपद सदस्य उत्तम राणा समिति अध्यक्ष केशरू पांडे, व भोगसिंग ठाकुर उपस्थित थे। इस दौरान छात्रो को संबोधित करते हुए अतिथियो ने कहा कि शासन आज शिक्षा के स्तर को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने एक अच्छा नागरिक बनाने हेतु बच्चों को पढ़ने लिखने के लिए प्रेरित किया द्वारा छात्र छात्राओं को प्रति दिवस स्कूल आने हेतु प्रेरित किये। सभी छात्र-छात्राओं को संकुल समन्वय खगेश्वर साहनी के द्वारा स्कूल आने के लिए प्रेरित किये। पंचायत सचिव कृपाराम पारकर के द्वारा बच्चों को नियमित स्कूल आने एवं ड्रॉप आउट न होने के सम्बन्ध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया । कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थित सदस्यों के द्वारा वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर शिक्षक गोविंद सिंह चक्रधारी, वैशाली निगम, रामप्रसाद साहू, धनेश्वरी बास्कर, डगौरी यादव, ग्राम पंचायत बिंद्रावन के सचिव कृपाराम पारकर,घनश्याम ठाकुर उज्जवल स्व सहायता समूह के सचिव जागेश्वरी यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राधा सोनवानी, दशोदा ठाकुर, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष केशरू पांडे, भोग सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रामप्रसाद साहू शिक्षक व आभार प्रदर्शन गोविंद सिंह चक्रधारी प्रधान पाठक ने किया।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस समारोह के मुख्य अतिथि उपसरपंच प्रतिनिधि लीला पटेल, अध्यक्षता प्राचार्य निमंकर पटेल, विशिष्ट अतिथि के रूप में कबड्डी के राष्ट्रीय एम्पायर केशव सेठ,हलधर पटेल उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती के पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात कक्षा 9 वीं के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, पुष्पहार से स्वागत किया गया। मिष्ठान खिलाकर पाठ्य पुस्तक भेंट किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये केशव सेठ ने कहा कि सतत अभ्यास, स्व. अनुशासन व मेहनत से किसी भी मंजिल को हासिल किया जा सकता है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को नये शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं दी व नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षक राजेश पंडा,पुनितलाल चौधरी, सीता सिंह, जयदेव साहू, एकता शर्मा, भूपेंद्र खूंटे, कमलदास, चितरंजन गड़तीया, अंगद कुमार, केदार पटेल व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शिवप्रसाद पटेल ने किया।

# महाप्रभु जगन्नाथ के पारंपरिक प्रथा काढा प्रसादी वितरण में शामिल हुए पार्षद मोटवानी



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

शहर में वर्षों पुरानी चली आ रही मठ मंदिर चौक से भगवान जगन्नाथ की निकलने वाली रथयात्रा की परंपरा को इस वर्ष 106 वर्ष हो रहे हैं जिसे दिव्य व भव्य बनाने के लिए श्रद्धालु अपनी-अपनी तरीके से तैयारी कर रहे हैं। इसी तारतम्य में जगदीश मंदिर के सीमावर्ती वार्ड आमापारा के पार्षद एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मोटवानी द्वारा मंदिर ट्रस्ट के अह्वान पर रथ यात्रा मैं शामिल होने के लिए शहर के 40 वार्ड सहित क्षेत्रवासियों को इस महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन में भाग लेकर पुण्य लाभ लेने की आग्रह कर रहे हैं। इससे पूर्व भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा तथा प्रभु बलभद्र के बीमार पड़ने की पुरातन कालीन परंपरा के पश्चात बरसात के दिनों में होने वाली प्रत्येक बीमारियों की औषधि काढा का वितरण मंदिर परिसर में प्रतिदिन सुबह 7 बजे से लेकर 10 बजे तक किया जा रहा है जिसमें काफी संख्या में पुण्य प्रसाद को ग्रहण करने के लिए लोग उमड़ रहे हैं। उक्त अवसर पर पार्षद मोटवानी पहुंचकर इस आयोजन में अपनी सहभागिता प्रदान करते हुए 7 जुलाई को सभी से उपस्थित की अपील की है।

# विकास के लिए जनप्रतिनिधि आगे आएं : मितेश जैन

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रदेश को एवं किसानों को पानी देने वाले गंगरेल का विकास करवाने के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से अब हम नागरिक उम्मीद लगाए बैठे हैं। यह कहना है मितेश जैन का। मितेश जैन ने कहा कि हमारे इस जीवन दायनी गंगरेल क्षेत्र को अब विकास कौन करवाएगा और जनता के लिए पूर्व की तरह सर्व सुविधायुक्त क्षेत्र बनाया जाए। इससे सरकार को राजस्व भी मिलेगा। हमारी इस गंभीर मांग को जल्द पुरा करवाने जिला प्रशासन भी अपनी भूमिका सुनिश्चित करे। इस बांध से राजधानी रायपुर, इस्पात नगरी भिलाई को भी पानी जाता है। बदले में विकास के लिए कोई राशि भी नही मिलती। क्या इसकी भरपाई के लिए बारबार मांग भी की गई। मगर प्रभावित लोगो को कोई सुविधा नहीं मिल पाई। डुबान से प्रभावित नागरिक भी अपनी मांग करते रहे हैं। आखिर प्रदेश के दो मुख्य शहर एवं व्यापार के केन्द्र को अपना पानी देता है उस गंगरेल को और कितना इंतजार करना पड़ेगा। पूर्व में रोड चौड़ीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा लगभग 48 करोड़ का प्रस्ताव भी भेजा गया मगर अटक गया है ऐसा क्यों? मितेश जैन ने कहा कि इतने महत्वपूर्ण क्षेत्र का विकास करना चाहिए सभी जनप्रतिनिधि अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हुए यह मांग पूरी करवाएं।

# छत्तीसगढ के विकास कार्यो में आ रही तेजीः रेशमा शेख

## साय के नेतृत्व में प्रदेश में होंगे विकास के नये आयाम स्थापित

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



राज्य में जबसे भाजपा की सरकार काबिज हुई है तब से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश के विकास कार्यो में तेजी आयी है। लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद छत्तीसगढ के विकास के लिए केन्द्र द्वारा भेजी जा रही राशि से छत्तीसगढ के विकास के नए आयाम स्थापित होंगे उक्त बाते भाजपा अल्पंसख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री रेशमा श्रेख ने कहीं। रेशमा शेख ने यह भी कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के मुखिया भूपेश बघेल के नेतृतव में चली सरकार ने विकास कार्य में जमकर रोडा अटकाया और विकास कार्यो के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार हुआ यही नही केन्द्र सरकार द्वारा दी गई राशि का जमकर दुरूपयोग हुआ। पूर्ववर्ती सरकार की गलत नीतियो की वजह से प्रदेश में विकास कार्य लगभग थम सा गया था जबकि विष्णुदेव साय की सरकार प्रदेश में सत्ता पर काबिज हुई है तब से विकास कार्य स्पष्ट नजर आने लगा है। शेख ने यह भी कहा कि पूर्व में डा.रमन सिंह के 15 साल के कार्यकाल में जमकर विकास कार्य हुए थे लेकिन प्रदेश में 5 साल के लिए सत्ता में आयी कांग्रेस सरकार ने प्रदेश का हाल बेहाल कर दिया था यही कारण हे कि प्रदेश की जनता ने इन्हे बाहर का रास्ता दिखा दिया। अब जबकि लोकसभा चुनाव भी सम्पन्न हो चुका है देशवासियो ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का आर्शीवाद दिया है। चुनाव सम्पन्न होने के बाद केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ के विकास कार्यो के लिए करोडो रूपए की राशि दी जा रही है अब छत्तीसगढ एक बार फिर छत्तीसगढ भारत के विकसीत राज्य के रूप में में सामने आयेगा।

# माता पहुंचनी पर शीतला मंदिरों मे ठंडाई लेने भक्तो की उमड़ी भीड़



पायनियर संवाददाता < महासमुंद/नर्रा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंडरीपानी सहित झिटकी कारागुला मे माता पहुंचनी का पर्व आषाढ़ माह के गुरुवार को परंपरा अनुसार मनाया गया। इस पर्व के दौरान शीतला मंदिरो मे सुबह से ही गांव के बैगाओं के द्वारा विशेष विधि विधान से पूजा अर्चन कर गांव की सुख शांति समृध्दी की कामना की गई माता पहुंचनी पर्व के चलते ग्राम के लोग शीतला मंदिरो मे आशीर्वाद लेने बारी बारी से पहुंचते रहे फसलो सहित लोगो को बीमारियो से दूर करने विशेष पूजा पाठ की गई गांव की देवी माता शीतला के दरबार मे सभी वर्ग के लोग अपनी अपनी मनोकामनाओं को लेकर नारियल अगरबत्ती फूल पान ले पहुंचे जहां लोगो ने सुख समृध्दी व खुशहाली के लिए कामना की गई । लोगो का मानना है कि माता की कृपा प्रसाद के रूप मे नीम की पत्ते हल्दी से बनाए गए ठंडाई माता रानी की आशीर्वाद के रूप मे भक्तो के ऊपर छिड़का जाता है जिससे यह ठंडाई से चेचक गलवा माता इत्यादि रोगो को दूर करता है। यह देवी गांव की रक्षा करती है। इस दौरान सेवा मंडलीयों द्वारा मांदर झांझ मंजिरा के थाप पर माता सेवा जसगीत गाते हुए ग्राम भ्रमण किया जहां बड़ी संख्या मे ग्रामीण जन शामिल हुए।

# बुनियादी सुविधाओं व विकास की धारा पर गंभीर : विकास सुखवानी

पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



विकास को लेकर कटिबद्ध नगरपालिका उपाध्यक्ष ने एक पहल किया है, उन्होंने स्वयं के खर्च से नगर को रोशन करने में लगे हुए हैं। रायपुर जिला, तिल्दा-नेवरा नगर में विकास की गति को तेज करने में विकास अपनी भूमिका अदा कर रही है। तिल्दा-नेवरा नगर की स्वच्छता से लेकर अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर गंभीर नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी नगर के सभी बाईस वार्डो का निरिक्षण कर सफाई अभियान के गति को तेज कर दिया है। वहीं जनसमस्या के निवारण के लेकर बाकायदा नगरवासियों को अवगत कराया जा रहा है कि किसी भी वार्ड में बुनियादी सुविधाओ पर प्राथमिकता से गंभीरता बरती जावेगी, इस परिप्रेक्ष्य में नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने कहा कि तिल्दा-नेवरा नगर के किसी भी वार्ड से बुनियादी सुविधाओं को लेकर शिकायत आवेगी, उसका निराकरण करने का प्रयास किया जावेगा, इसके लिए वह स्वयं नगर का भ्रमण कर गली मोहल्ले को रोशन करने में लगे हुए हैं।

# छत्तीसगढ़ की जनता को आवास योजना का कब मिलेगा लाभ

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष आरिफ अली पिंकी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में चुनाव जीतने से पहले भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ की जनता से वादा किया था कि हमारी सरकार अगर छत्तीसगढ़ में आती है तो हम 18 लाख गरीब परिवारों को आवास देंगे लेकिन यह सरकार अपने वादे से मुकर रही है। आखिर कब गरीबों को आवास मिलेगा छत्तीसगढ़ की जनता से वादा खिलाफी करना अच्छी बात नहीं क्योंकि छत्तीसगढ़ के जनता ने पूर्ण बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनायी है। जिलाध्यक्ष ने राज्य सरकार से शीघ्र ही आवास योजना को प्रारम्भ किये जाने की मांग करते हुए कहा कि योजना के प्रारम्भ होने से गरीबो व जरूरतमन्दों को इसका लाभ शीघ्र मिल सकेगा।

# साहू समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए विधायक इन्द्र साव

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर साहू समाज भाटापारा के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश साहू के साथ उनके पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह साहू छात्रावास भवन, दानवीर भामाशाह चौक के पास, परशुराम वार्ड में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाटापारा विधायक इंद्र साव, अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार साहू ने किया। नवनियुक्त पदाधिकारियो को जिला अध्यक्ष सुनिल साहू ने शपथ दिलवाया। मुख्य अतिथि भाटापारा विधायक इंद्र साव ने उपस्थित सामाजिक जनों एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाइयाँ दी एवं समाज के उत्तरोत्तर विकास एवं समाज के उत्थान हेतु कार्य करने एवं समाज में सक्रियता पर बल देने की बात कही साथ ही समाज मे शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को उनके भविष्य में स्वरोजगारन्मुखी कैरियर गाइडेंस हेतु समाज मे समय-समय पर शिविर आयोजित कर जानकारी देने की शुरुआत करनी चाहिए तथा नशा पान से दूर रहने के लिए युवाओं के साथ ही घर के बुजुर्गो व महिलाओ को भी गंभीरता से सोचने की जरूरत की बात कही। जिला अध्यक्ष सुनील साहू ने सभा को संबोधित कर सभी पदाधिकारियों को नवीन दायित्व की शुभकामनाएं देते हुए, समाज के एक एक व्यक्ति को साथ लेकर चलने को कहा व संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं लोगों की सक्रिय सहभागिता की बात कही। समाज में सामाजिक व्यवस्था एवं नियमावली को पालन करने कहा जिनको जो दायित्व मिला है उनको समाज हित में कार्य सक्रियता से करने को कहते हुए बधाई दिया। कार्यक्रम को रेवाराम साहू संरक्षक जिला साहू बलौदाबाजार, पूर्व विधायक भाटापारा चैतराम साहू, कार्य. अध्यक्ष जीतराम साहू जिला साहू संघ बलौदाबाजार ने भी संबोधित किया एवं स्वागत भाषण नव नियुक्त अध्यक्ष राजेश साहू ने किया। इस अवसर पर दिनेश साहू महासचिव जिला साहू



संघ बलौदाबाजार, सुशील साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ लवन, जिला उपाध्यक्ष दीनदयाल साहू, कोषाध्यक्ष जिला साहू संघ राजाराम साहू,जिला युवा प्रकोष्ठ संयोजक रवि साहू, कर्मचारी आधिकारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक सुरेंद्र साहू, शंकर साहू कार्यकारिणी सदस्य बलौदाबाजार, पन्ना लाल साहू, जीवन साहू अध्यक्ष साहू छात्रावास बलौदाबाजार, लीलाधर साहू संघठन मंत्री जिला साहू संघ बलौदाबाजार, जिला साहू संघ वरिष्ठ सलाहकार भंवर सिंह साहू, तहसील उपाध्यक्ष भरत साहू, सीताराम साहू अध्यक्ष रोहासी परिक्षेत्र,अर्जुन साहू सचिव रोहांसी परिक्षेत्र,युगल किशोर साहू तहसील उपाध्यक्ष बलौदाबाजार, पारसनाथ साहू सचिव भरसेला परिक्षेत्र, पारसमणि साहू जिला कार्यकारिणी युवा प्रकोष्ठ, बलदाऊ साहू अध्यक्ष बलौदाबाजार परिक्षेत्र, सहदेव साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ मोपर, तिहारू साहू, अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ तरेंगा, सरोज कुमार साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ मटिया, रामखिलावन साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ दामाखेड़ा, सुरेन्द्र साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ बलौदाबाजार, राजेश साहू दामाखेड़ा अतिथि के रूप में शामिल हुए। नवीन दायित्व व शपथ लेने वालों में मुख्य रूप से अध्यक्ष राजेश साहू, उपाध्यक्ष कल्याणी साहू, घनाराम साहू, सचिव मनीराम साहू, सह सचिव जीत नारायण साव, कोषाध्यक्ष तिलक साहू, अंकेक्षक मुकेश साहू, छात्रावास प्रभारी नभ नारायण साहू, सलाहकार अजय (अमृतांशु), संतोष साहू, किशन साहू, सुकृत साहू, अनूप साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कमला साहू, महिला संरक्षक हिरमत साहू, प्रमिला साहू, डॉ. वीणा साहू, कार्य. सदस्य रूखमणी साहू, सीता साहू, नीरा देवी साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पीताम्बर साहू, सतीश साहू, सुरेश साहू, हेमंत साहू, सुखदेव साहू, कांति साहू, तरुण साहू, निकेश साव, समाज सेवक पीला राम साहू एवं भारी संख्या में समाज के स्वजातीय जन मौजूद रहे।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने प्रकरणों पर की जनसुनवाई, स्वजातीय विवाह पर अब नहीं लगेगा सामाजिक प्रतिबंध

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने कार्यालय जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग के प्रेरणा सभाकक्ष में महिला उत्त्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज 255 वीं एवं दुर्ग में 10 वीं सुनवाई हुई। आज की सुनवाई में एक प्रकरण में उभय पक्ष उपस्थित आवेदिका हाईस्कूल निनवा जिला बेमेतरा शासकीय स्कूल में प्रध्यापक के पद पर 11 साल से कार्यरत है जिसकी वेतन 55 हजार रूपये है। आवेदिका के 8 साल का बेटा व 6 साल की बेटी है और उसे अपने पति के पेंशन स्वरूप 20 हजार रूपये की राशि मिलती है जो रेल्वे में टेक्नशियन के पद पर कार्यरत था। अनावेदक कमांक 01 व 02 आवेदिका के सास ससुर है। मृतक अरूण कुमार उनके एकलौता बेटा था और तीन बेटियां है। अनावेदक क. 1 प्राईवेट कम्पनी में कार्य करता था और अपने कमाई से मकान अपने स्व. बेटे के नाम पर खरीदा था। जिसमें आवेदिका अपने बच्चों के साथ रहती है और अनावेदकगणों को अपने घर से बाहर निकाल दिया है और रेल्वे का क्लेम भी आवेदिका को मिला है। हर महीने 20 हजार रूपये आवेदिका ले रही है और अनावेदकगणों का भरण पोषण भी नहीं कर रही है। समझाईश दिये जाने पर अपने सास ससुर को 10 हजार रूपये प्रतिमाह दिये जाने को तैयार है। सखी वन स्टॉप सेंटर की प्रीति बाला शर्मा संरक्षण अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है कि दोनों पक्षों को बुलाकर राजीनामा बनवाए और दोनों पक्षों पास बुक डिटेल लेकर एंट्री करे तथा अनावेदक क 1 व 2 संयुक्त खाता में प्रति व्यक्ति 5 हजार के मान से हर माह के 10 तारीख को बैंक के आरटीजीएस के माध्यम से 10 हजार रूपये नियमित रूप से अदा करेगी। अगर आवेदिका ऐसा करने से मना करती है तो अनावेदकगण वरिष्ठ नागरिक कानून के तहत आवेदिका के खिलाफ कार्यवाही कर सकती है। इस पूरे प्रकरण की निगरानी प्रोडेक्शन ऑफिसर के व्दारा 1 साल तक की जायेगी। आवेदिका ने फोन पे के माध्यम से खाते में रूपये देना स्वीकार किया है। इसी प्रकार अन्य प्रकरण में उभय पक्ष उपस्थित दोनों पक्षों को विस्तार से सुना गया। अंत में दोनों पक्ष न्यायालय के बाहर आपसी राजीनामा कर चुके है। ऐसा उल्लेख किया गया है और इस बात पर भी सहमत है कि दोनों एक ही स्थान पर कार्य करने में असहज महसूस करेंगे ऐसी दशा में आयोग की सुनवाई में उभय पक्ष ने बताया है कि अपने कार्यालय ने दोनों में से एक अपना स्थानांतरण करवायेंगे। इस पर आयोग की सहमति है और आयोग की आर्डर शीट को संलग्न कर अग्रिम कार्यवाही कर सकते है। इसके बाद प्रकरण राजीनामा के आधार पर नस्तीबध्द किया गया। आवेदिका एक माह का वेतन एन.आई.ओ.एस. का मानदेय लगभग 65 हजार रूपये बचा हुआ अनावेदक से प्राप्त करना चाहती है। इस आशय का कि कब तक का भुगतान शेष है लिखित में आवेदिका अनावेदक को प्रस्तुत करने कहा गया। एक माह के अंदर अनावेदक इसका भुगतान करेगा। भुगतान नहीं मिलने की शर्त में आवेदिका महिला आयोग को सूचित करेगी। तब प्रकरण केवल उसी दशा में आगामी सुनवाई में रखा जायेगा। अन्यथा प्रकरण नस्तीबध्ध किया जायेगा। एक अन्य आवेदिका ने अनावेदक के ऊपर कार्यस्थल से लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करवायी है। जिस पर जांच समिति ने क्या निर्णय दिया उसकी कॉपी अब तक आवेदिका के पास उपलब्ध नहीं है। अनावेदक जो उस स्कूल के प्राचार्य है उन्हें निर्देशित किया गया है कि 15 दिन के अंदर आवेदिका को जांच प्रतिवेदन की प्रति उपलब्ध करवाने में सहयोग करें।

# नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने क्रेडाई की बैठक में कहा-अर्बन फॉरेस्ट, ई-व्ही चार्जिंग व शहरी सुविधाओं के विस्तार में निभाएं बड़ी भूमिका

## रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, एसटीपी, फयर सेफ्टी जैसी सुविधाओं का मूल्यांकन होगा प्रॉपर्टी टैक्स में

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने भारतीय रियल एस्टेट डेवलपर्स संघ परिसंघ (क्रेडाई) के पदाधिकारियों व बिल्डर्स की बैठक लेकर पर्यावरण अनुकूल शहरी सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आवासीय परिसरों में सघन वृक्षारोपण के लिए स्थान सुनिश्चित करें एवं अर्बन फॉरेस्ट को बढ़ावा देने योजना क्षेत्र के एक प्रतिशत स्थान को आरक्षित कर पौधा रोपण व उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करें। बैठक में नव नियुक्त अपर आयुक्त यू.एस. अग्रवाल, नगर निवेश प्रभारी निशिकांत वर्मा, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान, कार्यपालन अभियंता योगेश कडू एवं नीतिश झा शामिल रहें। नगर निगम मुख्यालय गांधी सदन में आयोजित इस बैठक में आयुक्त मिश्रा ने सीएसआर व अन्य गतिविधियों के माध्यम से राजमार्गों, आंतरिक सड़कों के सौंदर्यीकरण कार्यों का जिक्र करते हुए क्रेडाई से भी मार्ग उन्नयन, सौंदर्यीकरण व सुविधा विस्तार हेतु अतिशेष मार्गो को गोद लेने की अपील की। शहरी वन विकास पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि योजना क्षेत्र के न्यूनतम 1 प्रतिशत क्षेत्र को वृक्षारोपण हेतु आरक्षित कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य पर विचार करें। क्रेडाई ने सुझाव का स्वागत करते हुए 10 एकड़ से बड़े प्रोजेक्ट के लिए अर्बन फॉरेस्ट हेतु स्थल आरक्षण को सामाजिक दायित्व के अनुरूप आवश्यक बताया है। क्रेडाई अपनी बैठक में इस पर निर्णय लेकर अपना प्रस्ताव निगम प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करेगा। स्वच्छता व जन सुरक्षा विषयक चर्चा के दौरान आयुक्त मिश्रा ने कहा है कि भू-जल स्तर का संरक्षण व संवर्धन प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है एवं आवासीय परिसरों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, एसटीपी, फायर सिस्टम, ई-व्ही चार्जिंग स्टेशन जैसी व्यवस्थाएं आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं की मॉनिटरिंग नगर निगम प्रभावी ढंग से कर सकें, इसके लिए अन्य महानगरों की तरह प्रॉपर्टी टैक्स में पृथक से प्रावधान निर्धारित करने पर विचार किया जाएगा एवं जिन भू-स्वामियों, बिल्डर्स अथवा रेसिडेंशियल वेलफेयर सोसायटी के स्वामित्व के अधीन यह व्यवस्थाएं मानक अनुरूप प्राप्त होंगी, उनके प्रॉपर्टी टैक्स में रियायत का प्रावधान रखा जाएगा। संपत्ति कर में एकरूपता न होने के संबंध में क्रेडाई द्वारा ध्यानाकर्षित कराए जाने पर आयुक्त मिश्रा ने कहा कि इस हेतु विचार विमर्श कर गाइड लाइन तैयार की जाएगी। बैठक में क्रेडाई सीजी के के.एल. दासवानी सहित सिंघानिया बिल्डकॉन, ऋषभ बिल्डकॉन, सृष्टि ग्रुप, ग्रुप ऑरेंज, वर्धमान बिल्डर, पायनियर होम्स, सन एंड सन रियालिटी, रहेजा ग्रुप, रजत बिल्डकॉन, आर.सी.पी. इंफ्राटेक, ऐश्वर्या ग्रुप के प्रमुख शामिल हुए। क्रेडाई पदाधिकारियों ने शहर विकास गतिविधियों के लिए सतत चर्चा को आवश्यक कहा एवं आयुक्त मिश्रा ने नियमित अंतराल में बैठकें आयोजित करने हेतु अपने अधिकारियों को निर्देशित किया।

# फाइट द बाईट अंतर्गत जुड़े स्कूल के शिक्षक व बच्चे हम भी अपने घर में मनाएंगे ड्राई डे

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत बुधवार को जोन क्रमांक 04 अंतर्गत वार्ड 41 औद्योगिक क्षेत्र छावनी में तिरंगा चैंक स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम हायर सेकण्ड्री स्कूल में जागरूकता चलाया गया। प्रथम एवं द्वितीय पाली में अध्ययनरत विधार्थियों 350 एवं शिक्षकों को जिला स्वास्थ्य विभाग एवं निगम की संयुक्त टीम द्वारा जल जनित मौसमी बीमारियों के बारे में बताया गया। किस प्रकार छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देने से डायरिया, उल्टी-दस्त, टाईफाइड, पीलिया से बच सकते हैं। हमें ध्यान देना होगा पानी उबालकर/ठंडा कर सेव करें, बाहर से जब भी आएं धर में साबुन से हाथ धोवे' एवं बासी खादय पदार्थ के सेवन से बचने की सलाह दी गई है। फाइट द बाइट मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम के तहत घर के आस-पास समुचित साफ-सफाई, बरसाती पानी का जमाव न होने दे साथ ही घर के कुलर, पानी की टंकी, पुराने टायर इत्यादि को समय समय पर साफ करते रहे की जानकारी दी गई। नालियों में मोबिल आईल का छिड़काव करने की सलाह दी गई। इस जन जागरूकता अभियान में विद्यालय की प्राचार्य मैडम शीला फ्रांसीस द्वारा सभी विधार्थीयों से अपने घर परिवार के साथ ही आस-पास के पॉच घरो में इन उपायो को बताने कहा। मौसमी जल जनित बीमारियों से बचाव कर अपने शहर को स्वच्छ शहर व स्वस्थ शहर बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिकों से आवाहन किया है कि चलो मिलकर के रविवार को ड्राई डे मनाएं, सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे तक हम सब लोग अपने घरों में अपने अड़ोस पड़ोस साफ-सफाई करें। एक दूसरे को करें। इस अभियान में शहरी परिवार कल्याण विभाग सुपेला से सेक्टर सुपरवाइजर एस.के. दिल्लीवार, मनोज साहू, एएनएम कविता कौशिक एवं जिला मलेरिया विभाग से सर्वेलेंस निरीक्षक मोहन राव, आरएचओ राजकुमार मर्सकोले, उमेश कपूर सहित निगम के वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह एवं उनकी दल के स्वास्थ्य सुपरवाइजर राजेश डहारे उपस्थित रहे।

# परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग ने संयुक्त रूप से जांच प्रारंभ किया

## 21 वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 75 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल की गई

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



दुर्ग जिले के अंतर्गत संचालित स्कूलों में स्कूली बच्चों को सुरक्षित यातायात को ध्यान रखते हुए स्कूली बच्चों को लाने ले जाने हेतु संचालित आटो रिक्शा, वेन आदि की परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से जांच 04 जुलाई से प्रारंभ किया गया, जिसमें क्षमता से अधिक व असुरक्षित बच्चों को बिठाते हुए पाया गया है। अवैधानिक रूप से संचालित 21 वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 75 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल की गई है। विद्यालयों में आटो-रिक्शा का संचालन को तत्काल बंद करने स्कूल प्रबंधनों को नोटिस जारी किया गया है। इस संबधं में पालकों से अपील की गई है कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपने बच्चों को आटो-रिक्शा व वेन से स्कूल न भेजें। आगामी दिनों में भी सतत् रूप से बिना परमिट, फिटनेश व बीमा के चलने वाले ऑटो रिक्शा, स्कूली वेन एवं स्कूल बसों आदि पर कार्यवाही किया जाएगा। उक्त जांच क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एस.एल. लकड़ा, प्रभा तिवारी, परिवहन उप निरीक्षक एवं यातायात विभाग के उप पुलिस अधीक्षक सतीश ठाकुर एवं उनकी सहयोगी द्वारा किया गया।

# आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने ली स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुधारने बैठक



■ कार्य एजेंसी सड़क रोशनी व्यवस्था की सतत निगरानी रखें, खराबी पर तत्काल सुधार के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सड़क रोशनी व्यवस्था से संबद्ध जोन इंजीनियर्स व कार्य एजेंसी ई.ई.सी.एल. की टीम की बैठक लेकर व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्र जहां पर निरंतर शिकायतें आती है, उसके तारों व कनेक्शन की नए सिरे से जांच करें तथा शिकायतों के निराकरण में देरी न करें। बैठक में कार्यपालन अभियंता इमरान खान, सहायक अभियंता संदीप शर्मा सहित सभी जोन के प्रभारी अधिकारी व इंजीनियर्स उपस्थित रहें।

# 31 लाख की लागत से दो वार्डो में होंगे विकास कार्य,सड़कों का होगा सीमेंटीकण, विधायक एवं महापौर ने किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा वार्ड पार्षद एव नागरिको के बीच विधि विधान से पूजा अर्चना कर वार्ड क्रमांक 10 सांई मंदिर से घनश्याम अग्रवाल,लक्ष्मी आटा चक्की के पास सी.सी.रोड निर्माण कर एवं वार्ड क्रमांक 12 स्ट्रीट-19 से 26 तक,चुमन गली, विश्वकर्मा मंदिर के पास, शंकर नगर रोड व नाली निर्माण कार्य दोनो वार्डो में 31 लाख से होगा सीमेंटीकरण निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।इस अवसर पर विधायक एवं महापौर ने कहा कि नागरिकों के द्वारा गली में सड़क की मांग की थी।इस अवसर विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल के द्वारा भूमिपूजन किये जाने के बाद पार्षद सहित वार्डवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक व महापौर का आभार व्यक्त किया। विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए की सीमेंट सड़क निर्माण का कार्य समय अवधि में पूर्ण किया जाए ताकि वार्ड के नागरिकों को आवगमन में अच्छी सुविधा मिल सके।उन्होंने ने कहा कि राज्य शासन से विकास कार्य के लिए स्वीकृति मिलने के बाद लगातार भूमिपूजन किया जा रहे है ओर आगे भी करते रहेंगे।कार्यक्रम के समय सभापति राजेश यादव,पार्षद एमआईसी सदस्य संजय कोहले,पार्षद चंद्रशेखर चन्द्राकर,पार्षद अजीत वैध,कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,उपअभियंता विनोद मांझी, विकास दमाहे,सहित नागरिकगण मौजूद रहें।नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत के दो वार्डो के लिए विधायक गजेंद्र यादव,महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा सभापति राजेश यादव के संग वार्ड पार्षद सहित नागरिको के बीच नारियल फोड़कर व् कुदाल चलाकर उक्त भूमिपूजन कार्यक्रम को संपन्न किया।

# ग्राम पंचायतों में चलाया जा रहा है बीज उपचार पखवाड़ा

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) द्वारा 26 जून से 10 जुलाई तक ग्राम पंचायत स्तर पर बीज उपचार पखवाड़ा चलाया जा रहा है, जिसमें बीज उपचार करने की प्रक्रिया बताई जा रही है। इस उपचार से बीज की बचत, भूमि के अंदर हानिकारक कीटों और बीमारियों से बीज की सुरक्षा होगी। पौधा निकलने के बाद जड़ों में होने वाली बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ जाएगी और स्वस्थ पौधा तैयार होगा। साथ ही दवाईयों के लागत खर्च में कमी आएगी। जिले के ढाबा, बासीन, परसदा, तरकोरी, अरसनारा, बोरी, नगपुरा, भटगांव, बोरेन्दा, चंगोरी, सोरम, मचांदूर, सेलूद सहित अन्य ग्रामों में भी यह अभियान चलाया गया। बीज उपचार करने के तरीके- अच्छे बीज का चयन कर उसे प्लास्टिक की बोरी या पन्नी पर फैला कर छायादार स्थान पर रखें। बीज अमृत या विभिन्न प्रकार के कल्चर का मिश्रण, बीज की मात्रा अनुसार बीज पर उपयोग करें। हाथों में पन्नी या दस्ताने पहन कर मिश्रण को इस तरह से मिलाएं कि बीज के ऊपर एक परत सी चढ़ जाए (आवश्यकता पड़ने पर गुड़ और पानी के घोल का उपयोग भी करें।) मिश्रित करने के बाद बीज को छायादार स्थान में फैलाकर सुखा लें और बुआई के लिए उपयोग करें।

# कृषि आदान उर्वरक एवं बीज का भण्डारण एवं वितरण कार्य प्रगति पर

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिले में कृषि विभाग द्वारा मौसम खरीफ 2024 में कृषकों को उच्च गुणवत्तायुक्त आदान सामग्री तथा यथा-उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवाई की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिले में इस वर्ष खरीफ 2024 में बीज वितरण का 28696 क्विंटल लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसकी तुलना में अद्यतन निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों में 33259.21 क्विंटल बीज का भण्डारण किया गया है। भण्डारित बीज में से 32809.86 क्विंटल बीज का वितरण कृषकों को किया जा चुका है। इसी प्रकार इस वर्ष खरीफ 2024 में उर्वरक वितरण का 62300 मि.टन लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसकी तुलना में अद्यतन निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों में 52317 मि.टन उर्वरक का भण्डारण किया गया है। जिसमें 39312 मि.टन उर्वरक वितरण कृषकों को किया जा चुका है। जिला विपणन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार सहकारी समितियों में मांग अनुसार उर्वरकों का भण्डारण कार्य प्रगतिरत् है। वर्तमान में 2967 मि.टन उर्वरक के आर.ओ. पेंडिंग है, जिसकी आपूर्ति प्रगतिरत् है। उर्वरक का शासन स्तर पर कृषकों के लिए निर्धारित दर प्रति बोरी क्रमशः यूरिया 266.50 रूपए, डी.ए.पी. 1350 रूपए, एन.पी.के. 12:32:16-1470 रूपए, एन.पी.के. 20:20:0:13-1200 रूपए, एम.ओ.पी. 1625 रूपए, एस.एस.पी. पाउडर 469 रूपए, एस.एस.पी. दानेदार 510 रूपए जिंकेटेड एस.एस.पी. पाउडर 490 रूपए है।

# पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग।** भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत ''पद्म विभूषण, पद्मभूषण एवं पद्मश्री'' पुरस्कारों के लिए वर्ष 2025 हेतु पात्र व्यक्तियों से ऑनलाईन नामांकन प्रस्ताव ीजजचरूध्ध्ंूतकेण्हवअण्पद पर आमंत्रित किया गया है। वर्ष 2025 में ''पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री'' पुरस्कार प्रदान करने हेतु निर्धारित पात्रता एवं मापदण्ड के अनुरूप ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। पद्म पुरस्कार देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह पुरस्कार उत्कृष्ट कार्य करने वाले जैसे-कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामलों, नागरिक सेवा, व्यापार और उद्योग आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों सेवा के लिए प्रदाय किया जाता है।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत दो महिला हितग्राही को दावा राशि का चेक किया गया प्रदान

# डीएलसीसी व डीएलआरसी की तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में डीएलसीसी व डीएलआरसी की तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में समस्त शासकीय योजनाओं की शाखावार 31 मार्च 2024 के लक्ष्य प्राप्ति, किसान क्रेडिट कार्ड (पशु पालन एवं मछली पालन) के प्रकरण के प्रस्तुति और स्वीकृति, अस्वीकृति, वित्तीय सेवाएं, विभाग का जनसुरक्षा योजनाओं की अभियान की प्रगति एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की वर्तमान स्थिति, किसान क्रेडिट कार्ड, आधार सीडिंग, वर्ष 2023-24 हेतु एनआरएलएम द्वारा आबंटित लक्ष्य एवं प्रगति, अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना की प्रगति की जानकारी ली गई।

कलेक्टर चौधरी ने कहा कि प्राइल्टी सेक्टर में केवल कृषि ही नहीं, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुपालन के प्रकरणों पर विशेष फोकस करें बैंकर्स। शासकीय योजनाओं से संबंधित ऋण प्रकरणों को प्राथमिकता से स्वीकृत करें। विभाग प्रकरण स्वीकृति हेतु बैंकों को प्रस्तुत करें। साथ ही बैंकों द्वारा प्रकरण रिजेक्ट के कारणों पर विशेष ध्यान देवें।

उन्होंने बैंकों को सीडी रेसियों पर विशेष ध्यान देने कहा। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान शासकीय योजना और सामाजिक सुरक्षा योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बैंकर्स को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी परीक्षा में राज्य में प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त कर 95 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जेवरा सिरसा की छात्रा कुमारी भावना साहू और हाई स्कूल परीक्षा में प्रावीण्य सूची में आठवा स्थान प्राप्त कर 97.50 प्रतिशत अंकों के साथ दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रा कुमारी दुर्गारानी वर्मा को बैंकर्स की तरफ से प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और बैडमिंटन रैकेट भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान ग्राम रसमड़ा के रंजिता नायक और गीता बाई साहू को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा से सेटल किये गये दो लाख रूपए का दावा चेक प्रदान किया गया। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधक दिलीप नायक एवं विभिन्न विभागों व बैंकों के अधिकारी उपस्थित थे।


## कब्जा नोटिस

जबकि, मुथूट हाउसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 (2002 का 54) (''उक्त अधिनियम'') के प्रावधानों के तहत और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (''उक्त नियम'') के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ता अर्थात सोमनाथ हरिदास सुखदेव, नीलेश हरिदास सुखदेव और प्रतिमा सोमनाथ सुखदेव, गारंटरों और बंधककर्ताओं को लैन नंबर -18600075425 और 18600088512 - 18600076233 के तहत, राशि चुकाने के लिए एक मांग नोटिस दिनांक 21-अगस्त-2019 और 21-अगस्त-2019 और 25-अक्टूबर 2019 को जारी किया गया था, जिसका विवरण नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है:

और जबकि बाद में, मुथूट हाउसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड ने दिनांक 31-03-2023 के असाइनमेंट एग्रीमेंट के माध्यम से अपने सभी अधिकार, शीर्षक, ब्याज और लाभ उधारकर्ता/गारंटर(ओं)/बंधककर्ता(ओं) को उधारकर्ता/गारंटर(ओं) द्वारा देय और देय ऋणों के संबंध में सौंपे हैं, जो एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड को अंतर्निहित अचल संपत्ति के साथ-साथ एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड को एआरसीआईएल-रिटेल के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्यरत ऋण पोर्टफोलियो-086-ए-ट्रस्ट (''एआरसीआईएल'') सुरक्षा रसीदों के धारकों के लाभ के लिए। इसलिए, उक्त असाइनमेंट के मद्देनजर, आर्सिल अब मुथूट हाउसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के स्थान पर प्रतिस्थापित हो गई है और एआरसीआईएल के उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता के खिलाफ सभी और किसी भी कार्यवाही को शुरू करने/जारी रखने और उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता द्वारा उनके द्वारा प्राप्त वित्तीय सुविधाओं के लिए निष्पादित और बनाए गए गारंटी और सुरक्षा हित के प्रवर्तन सहित वित्तीय दस्तावेजों के तहत अधिकारों और लाभों को लागू करने का हकदार होगा।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता(ओ) उक्त राशियों को चुकाने में विफल रहे हैं, विशेष रूप से उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता को तथा आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता, जो एआरसीआईएल का प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त नियम के नियम 8 के साथ पठित नीचे उल्लिखित तिथि को "जहां है और जो कुछ भी है, के आधार पर" नीचे वर्णित अंतर्निहित अचल संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।

| कर्जदार और गारंटर का नाम | मांग सूचना | सम्पत्ति का विवरण | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|
| **उधारकर्ता** सोमनाथ हरिदास सुखदेव, नीलेश हरिदास सुखदेव और प्रतिमा सोमनाथ सुखदेव | रु. 7,80,674.17 (रु. सात लाख अस्सी हजार छः सौ चौहत्तर और पैसे सत्रह मात्र) दिनांक 13.08.2019 तक और रु. 1,92,479.33 (रु. एक लाख बान्वे हजार चार सौ उनासी और पैसे तैंतीस मात्र) दिनांक 13.08.2019 तक और साथ में दिनांक 13.08.2019 से उपरोक्त राशि पर संविदात्मक दर से भविष्य का ब्याज एवं आकिस्मक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि और रु. 2,27,903.94 (रु. दो लाख सत्ताईस हजार नौ सौ तीन और पैसे चौरान्वे मात्र) दिनांक 16.10.2019 तक और साथ में दिनांक 16.10.2019 से उपरोक्त राशि पर संविदात्मक दर से भविष्य का ब्याज एवं आकिस्मक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि नोटिस की तिथिः 21 अगस्त 2019 और 21 अगस्त 2019 और 25 अक्टूबर 2019 | सम्पत्ति पर मालिकाना हकः सोमनाथ हरिदास सुखदेव, नीलेश हरिदास सुखदेव और प्रतिमा सोमनाथ सुखदेवः सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं. 17/एच, मौजा साई नगर, उरला (पूर्व), वार्ड नं. 58, केएच नं. 845 12 पार्ट पीएच नं. 17, मौजा उरला, आरएनएम दुर्ग 1 और 2 तहसील दुर्ग, छत्तीसगढ़, दुर्ग, 491001, भारत, चौहद्दीः पूरब में - अन्य का प्लॉट, पश्चिम में - खुला प्लॉट, उत्तर में - अन्य का प्लॉट, दक्षिण में - सड़क इसके बाद इसे "अचल संपत्ति" कहा जाएगा | 02.07.2024 |

विशेष रूप से उधारकर्ता/गारंटर(ओं)/बंधककर्ता(ओं) और सामान्य रूप से आम जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि एआरसीआईएल ऊपर उल्लिखित अचल संपत्ति के वैध कब्जे में है और सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(13) के तहत, उधारकर्ता/गारंटर(ओं)/बंधककर्ता(ओं) या किसी भी व्यक्ति को, इस नोटिस की प्राप्ति के बाद, बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण नहीं किया जाएगा, एआरसीआईएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना अचल संपत्ति को पट्टे पर देना या अन्यथा सौदा करना/हस्तांतरित करना और अचल संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन उपरोक्त राशि के लिए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि के साथ उपर्युक्त राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य के ब्याज के साथ एआरसीआईएल के प्रभार के अधीन होगा। उपर्युक्त अचल संपत्ति के विमोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में उधारकर्ता/गारंटर(ओं)/बंधककर्ता(ओं) का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 06.07.2024
स्थानः छत्तीसगढ़

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड
एआरसीआईएल-रिटेल लोन पोर्टफोलियो-086-ए-ट्रस्ट के ट्रस्टी

Arcil Premier ARC
एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड
विभिन्न आर्सिल ट्रस्टों के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्यरत
आर्किल कार्यालयः द रूबी, 10वीं मंजिल, 29, सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम) मुंबई-400 028.
वेबसाइटरू www.arcil.co.in; CIN: U65999MH2002PLC134884

## संपादकीय

# हाथरस हादसा कठोर नियंत्रण जरूरी


**हाथरस में हुई भगदड़** में कम से कम 121 लोगों की मौत हुई। इससे तत्काल कठोर नियंत्रण की आवश्यकता अनुभव होती है। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में एक धार्मिक 'सतसंग' के बाद हुई दुःखद व विनाशकारी भगदड़ में कम से कम 121 लोगों की जान गई। हालांकि, इस दुःखद घटना के सटीक कारण का पता विस्तृत जांच के बाद ही लगेगा, पर प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भगदड़ उस समय मची जब भक्त नारायण साकार विश्व हरि उर्फ 'भोले बाबा' का आर्शीवाद लेने आगे बढ़े। भक्त परंपरागत रूप से बाबा के पैर छूने और उसकी चरण रज लेने के लिए तेजी से आगे बढ़े जिससे अव्यवस्था फैल गई। अनेक लोग पड़ोस के एक नाले में गिर गए। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों का मानना है कि सतसंग समाप्त होने के बाद अनेक अनुयाई भोले बाबा के पैर छूने और उसके दर्शन करने के लिए आगे बढ़े जो अपनी कार से वहां से प्रस्थान कर रहे थे। लोग उनके दर्शन करने और उस सड़क से ही धूल एकत्र करना चाहते थे, जहां से वे गुजरे थे। सतसंग समाप्त होने के बाद लोग बड़ी संख्या में समूहों में बाहर निकलने लगे। बरसात के कारण बहुत से लोग फिसल गए और दूसरे उनके ऊपर गिर पड़े। इससे बहुत से लोग कुचल गए। दूसरे लोगों का कहना है कि घटना के समय महिलाओं समेत अनेक अनुयाई नमी के कारण दम घुटता महसूस कर रहे थे जिससे वे बाहर भागने लगे।

इस घटना से अनेक असहज करने वाले तथ्य सामने आए हैं। इनमें प्रशासन की लापरवाही से लेकर मासूम लोगों पर 'बाबाओं' का बढ़ता बेलगाम प्रभाव तक शामिल हैं। बताया जाता है कि भोले बाबा फरार हैं। इस आयोजन में भाग लेने वालों की संख्या अनुमति से बहुत अधिक थी। बाबा के कार्यक्रम के मुख्य आयोजक या 'सेवादार' के अनुसार वहां लगभग 80,000 लोग उपस्थित थे, पर वास्तविक संख्या इससे बहुत अधिक थी। वास्तव में अनुमति से बहुत अधिक संख्या में लोगों के होने के कारण स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई जिससे घटनास्थल पर बहुत अधिक भीड़ हो गई। इस भयानक घटना के बाद सरकार लोगों की तकलीफें कम करने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस का दौरा कर अस्पताल में भर्ती घायलों तथा उनके परिजनों से मुलाकात कर मुआवजे की घोषणा की। उन्होंने उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायिक जांच की घोषणा की है। योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने आयोजन के सेवादारों के खिलाफ एफआईआर की है। सरकार को भविष्य में ऐसी घटनायें रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। हमें लोगों की सुरक्षा तथा आयोजनों की तैयारियों पर नजर रखते हुए आयोजकों को जिम्मेदार व जवाबदेह ठहराना चाहिए। यह समाजविज्ञानियों, दार्शनिकों व बुद्धिजीवियों के विचार का विषय होना चाहिए कि ऐसे स्वघोषित 'बाबा' लोगों का मासूम जनता पर इतना प्रभाव कैसे बढ़ जाता है। इससे उन्हें शक्ति मिलती है और वे भारी संपदा एकत्र करते हैं। बताया जाता है कि हाथरस हादसे का कारण बनने वाले 'भोले बाबा' ने भारी संपत्ति एकत्र की है तथा उसे कई गैर-भाजपा नेताओं का समर्थन प्राप्त था। इस हादसे के बाद अब पुलिस, प्रशासन तथा राजस्व विभाग 'भोले बाबा' व आयोजन के सेवादारों की अवैध संपत्तियों का पता लगा रहा है। उम्मीद है कि प्रदेश प्रशासन उनके खिलाफ ऐसी कठोर कार्रवाई करेगा जिससे भविष्य में ऐसे स्वयंभू 'बाबा' लोगों की गतिविधियों पर लगाम लगेगी तथा आयोजनों में निरपराध लोगों की जान नहीं जाएगी।



# संसद में व्याप्त अव्यवस्था

मोदी सरकार का संख्याबल तुलनात्मक रूप से कम होने तथा विपक्ष की बढ़ी संख्या व उसकी आक्रामकता के कारण संसद में अव्यवस्था पैदा हो रही है।



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



मोदी सरकार का संख्याबल तुलनात्मक रूप से कम होने तथा विपक्ष की बढ़ी संख्या व उसकी आक्रामकता के कारण संसद में अव्यवस्था पैदा हो रही है। इससे भविष्य में संसद का कामकाज सुचारु रूप से चलाने की चुनौती सामने आई है। हालांकि, 18वीं लोकसभा में सकारात्मक कामकाज की संभावनायें भी मौजूद हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार बनी सरकार ने कहा था कि वह सहमति बनाना चाहती है। वर्तमान स्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सहमति की आवश्यकता पर जोर देते हुए समस्यायें खड़ी करने के लिए विपक्ष की आलोचना की है। मोदी ने कहा है कि अपने तीसरे कार्यकाल में उनकी सरकार का लक्ष्य सहमति बनाना होगा। लेकिन इसके साथ ही नेता विपक्ष राहुल गांधी ने विपक्ष की भूमिका के महत्व पर जोर दिया है।

उन्होंने सदन में 'जनता की आवाज' का प्रतिनिधित्व करने की विपक्षी भूमिका को रेखांकित किया है। लेकिन यह सत्र शुरू होने पर सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के बीच महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति नहीं बन सकी। कांग्रेस नेता श्रीमती सोनिया गांधी ने एक अंग्रेजी दैनिक में लिखे संपादकीय लेख में हाल ही में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'सहमति की पैरवी करते हुए भी टकराव को उकसा रहे हैं।' सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना की कि वे चुनावी परिणामों को स्वीकार नहीं कर रहे हैं और सहमति के बजाय टकराव को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने निराशा व्यक्त की कि 18वीं लोकसभा के पहले कुछ दिन निराशाजनक रहे हैं जिससे संकेत मिलता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण में कोई परिवर्तन नहीं आया है। 18वीं लोकसभा भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ का संकेत देती है। एक दशक में पहली बार मोदी ऐसी संसद का नेतृत्व पहली बार कर रहे हैं जहां उनका प्रभुत्व कुछ घटा है। सत्ता समीकरण में इस परिवर्तन के कारण उनकी गठबंधन पर निर्भरता बढ़ी है तथा उनको ज्यादा आक्रामक विपक्ष का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार अब दो प्रमुख गठबंधन सहयोगियों-जदयू व तेदेपा पर ज्यादा निर्भर है। हालांकि, ये दोनों चुनाव के पहले से ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग का हिस्सा हैं और भाजपा राज्य सरकारों में इनके साथ सत्ता में शामिल है।

इसका अर्थ है कि राजग सहयोगी सरकार की योजनाओं और कार्यों पर पहले की तुलना में ज्यादा प्रभाव डाल सकते हैं। यह स्थिति 2019 और 2014 से उलट है जब भाजपा को अपने दम पर पूर्ण बहुमत से अधिक सीटें मिली थीं और उसका प्रभुत्व था। हालांकि, विभिन्न संसदीय समितियों में विपक्ष की ज्यादा उपस्थिति ज्यादा सहमति पैदा कर सकती है। वर्तमान लोकसभा का पहला सत्र मजबूत विपक्ष द्वारा अपने अधिकारों पर जोर देने के साथ शुरू हुआ है। सत्र की शुरुआत में ही भाजपा सांसद भतृहरि महताब की प्रोटेम स्पीकर के रूप में नियुक्ति पर विवाद हुआ था जो नव-निर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाते हैं। कांग्रेस का कहना था कि विपक्षी 'इंडिया' समूह के सदस्यों की राय कांग्रेस सांसद कोडक्कुनील सुरेश को प्रोटेम स्पीकर बनाने के पक्ष में थी क्योंकि वे आठ बार सांसद बने हैं। लेकिन भाजपा का तर्क था कि उसने नियमों का पालन किया है। भाजपा सांसद भर्तहरि महताब लगातार सात बार संसद के लिए चुने गए थे, जबकि सुरेश बीच में दो चुनावों में पराजित हो चुके थे। यह नियुक्ति महत्वपूर्ण है क्योंकि अध्यक्ष भारतीय संसदीय प्रणाली में लोकसभा प्रमुख के रूप में उल्लेखनीय भूमिका निभाते हैं। लोकसभा अध्यक्ष व्यवस्था बनाए रखते हैं, बहसों का संचालन करते हैं तथा सदन में सहज कामकाज सुनिश्चित करते हैं। दूसरा, राहुल गांधी ने कहा था कि वे राजग उम्मीदवार ओम बिड़ला का समर्थन केवल इस शर्त पर कर सकते हैं कि उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को देना सुनिश्चित किया जाए। आमतौर से विपक्ष को उपाध्यक्ष का पद मिलता रहा है। हालांकि, अन्नाद्रविड़ मुन्नेत्र कझगम-अन्नाद्रमुक के थंबीदुराई को 2014 से 2019 तक लोकसभा में उपाध्यक्ष का पद दिया गया था, पर 2019 से 2024 तक यह पद खाली रहा था। अन्नाद्रमुक उस समय सत्तारूढ़ राजग का हिस्सा थी।

अनुच्छेद 93 के अनुसार लोकसभा सदस्यों का अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के रूप में चयन किया जाएगा। 17वीं लोकसभा के अध्यक्ष रहे ओम बिड़ला को पुनः 18वीं लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया है जिससे सदन में निरंतरता व स्थायित्व सुनिश्चित होता है। अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर मुबारकवाद प्राप्त करने के बाद ओम बिड़ला ने एक कागज निकाला और 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी द्वारा लागू किए गए आपातकाल के विरोध में प्रस्ताव पढ़ दिया। बहुत से लोगों के लिए इस आश्चर्यजनक कदम से कांग्रेस हतप्रभ रह गई क्योंकि पचास साल पहले इसी दिन 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी।

इस प्रस्ताव से व्यथित नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सांसदों के एक समूह के साथ अध्यक्ष से मुलाकात कर अपना विरोध दर्ज कराया। उनका कहना था कि अध्यक्ष की ओर से इस प्रकार का प्रस्ताव नहीं आना चाहिए था। इसके साथ ही कुछ विपक्षी सदस्यों का विचार था कि संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण में सर्वाधिक गंभीर समस्याओं की अनदेखी की गई थी। इसके साथ ही विपक्ष के कुछ नेताओं ने 'सेंगोल' हटाने की मांग की थी जिसे प्रधानमंत्री ने चुनाव के पहले एक बड़े आयोजन में संसद में लगाया था। इसके अलावा राहुल गांधी तथा अन्य विपक्षी सांसदों की मांग थी कि 'नीट' पेपर लीक के मामले पर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के पहले चर्चा की जानी चाहिए क्योंकि यह मुद्दा महत्वपूर्ण है। इस पर भाजपा का कहना था कि चूंकि यह मुद्दा राष्ट्रपति के अभिभाषण में शामिल है, इसलिए इस पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस के दौरान चर्चा हो सकती है। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि पहले सप्ताह में टकराव और अपनी संख्या नई संसद में घटने के बावजूद भाजपा अपनी कार्यशैली में परिवर्तन नहीं करेगी। स्पष्ट है कि इन घटनाओं से उत्तेजित विपक्ष ज्यादा आक्रामक होगा। राज्यसभा की कार्यवाही में भी कई बार बाधा आई जिससे कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। यहां भी विपक्षी सदस्य 'नीट' पेपर लीक के मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए नारे लगा रहे थे। इसके अलावा राज्यसभा के सभापति तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच तीखी नोकझोंक हुई। सदन का कामकाज लोकसभा अध्यक्ष पर निर्भर करता है। सदन में व्यवस्था बनाए रखने तथा न्यायोचित बहसें सुनिश्चित करने में उसकी भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

राज्यसभा के सभापति उच्च सदन में बैठकों की अध्यक्षता करते हैं। लोकसभा और राज्यसभा का समुचित कामकाल स्वस्थ लोकतंत्र की पूर्वशर्त है। ऐसे में सरकार तथा विपक्ष के बीच रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। विडंबना है कि लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई बहस का जवाब देते समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण के समय लगातार विपक्षी सदस्यों ने शोर मचाया। लोकसभा अध्यक्ष के कई बार टोकने तथा नेता विपक्ष राहुल गांधी का नाम लेने के बावजूद यह अराजकता जारी रही। राष्ट्र के समक्ष उपस्थित महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने में सदन का प्रभावी कामकाज बहुत महत्वपूर्ण है। इसे देखते हुए सत्ता पक्ष व विपक्ष को यह अवश्य स्वीकार करना चाहिए कि उनके सहयोग से संसद का कामकाज व्यवस्थित रूप से चल सके।

आखिरकार भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार संसद के प्रति जवाबदेह है। भारतीय संसदीय लोकतांत्रिक प्रणाली में कार्यपालिका विधायिका, यानी संसद के प्रति सामूहिक रूप से जिम्मेदार है। ऐसे में संसदीय कामकाज में सत्ता पक्ष और विपक्ष को सामूहिक जिम्मेदारी, जवाबदेही और लचीलेपन की भावना से काम करना चाहिए। पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने कहा था कि संसद का कामकाज बहस, मतभेद तथा निर्णय की प्रक्रिया से आगे बढ़ता है। सभी सांसदों को प्रणव मुखर्जी की इस सलाह पर ध्यान देना चाहिए।

# दैवीय शक्ति को समझना होगा!

> आप प्रार्थना करते हैं और ईश्वर को उचित रूप से जवाब देना होता है, यदि बिल्कुल भी उचित हो।

**अजित कुमार बिश्नोई**
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)



हम ईश्वर को श्रेय नहीं देते, क्योंकि हम यह मानकर चलते हैं कि सृष्टि चलती रहेगी। व्यवसाय के बारे में क्या? हम सभी जानते हैं कि इसकी आयु सीमित है, चाहे यह कितना भी लंबा क्यों न हो। लेकिन सृष्टि, जो ईश्वर का व्यवसाय है, चलती रहती है। क्यों? क्योंकि ईश्वर इसे चालू रखते हैं। जरा कल्पना कीजिए। कई परमाणु-सशस्त्र देश हैं, जिनमें से कुछ के नेता पागल हैं। ईश्वर पूर्ण परमाणु युद्ध को कैसे रोकता है? सरल रूप में ईश्वर हमारे हृदय तक पहुंच सकता है।

वह जानता है कि हम क्या सोच रहे हैं। (भगवद-गीता 13.2) और वह जानता है कि यदि उसकी सृष्टि खतरे में है तो उसे कैसे ढालना है। ईश्वर हर समय पूरी तरह से सतर्क रहता है; कोई चूक होने की संभावना नहीं है। और हम सोच सकते हैं कि ईश्वर कहीं बैठा है या सो रहा है। यदि ईश्वर द्वारा किया गया यह कार्य बहुत बड़ा नहीं होता, तो कल्पना कीजिए कि हम सभी आठ अरब लोगों के लिए हर समय उपलब्ध हो। आप प्रार्थना करते हैं और ईश्वर को उचित रूप से जवाब देना होता है, यदि बिल्कुल भी उचित हो। क्यों? क्योंकि अधिकांश प्रार्थनाएं हास्यास्पद होती हैं, जैसे कि एक छात्र, जिसने पूरे साल पढ़ाई नहीं की है, जो पास होने के लिए प्रार्थना करता है। भगवान यह कार्य कैसे करते हैं?

भगवान कृष्ण बताते हैं, सभी ओर अंग होने से, सभी ओर नेत्र, सिर और मुख होने से, सभी ओर कान होने से, भगवान इस संसार में स्थित हैं और सबमें व्याप्त हैं। (13.13) भगवान यह सब अपने अव्यक्त रूप में करते हैं। (9.4) उन्हें इसे स्थूल रूप में करने की आवश्यकता नहीं है, जैसा कि हम किसी को करते हुए देखते हैं। भगवान हमसे भिन्न हैं, बहुत भिन्न हैं। यदि यह कार्य बहुत कठिन नहीं है, तो भगवान यह सुनिश्चित करते हैं कि हमें उचित रूप से



पुरस्कृत किया जाए और हां, दंडित भी किया जाए। न्याय हमेशा होता है, और किसी को दूसरे की कीमत पर पुरस्कृत नहीं किया जाता है। कल्पना कीजिए कि दो टीमें खेल रही हैं और उनके समर्थक जीत के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। कौन जीतता है? निश्चित रूप से सही कर्मफल वाली टीम, यानी जो नियति थी। हम नहीं जानते कि यह कैसे हुआ, लेकिन यह सुनिश्चित करें कि यह सही परिणाम था। हां, भगवान प्रार्थनाओं का उत्तर देते हैं, लेकिन केवल उन लोगों की जो इसके योग्य हैं। और वह जानते हैं कि कौन इसका पात्र है; अधिक प्रार्थना करना पर्याप्त नहीं है। व्यक्ति को प्रार्थना करनी चाहिए और अनुकूल परिणाम के लिए योग्य भी होना चाहिए। यदि हम जानना चाहते हैं कि भगवान की कृपा पाने के लिए क्या आवश्यक है, तो भगवान ने भगवद गीता जैसे प्रामाणिक शास्त्रों में विस्तृत निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त, यदि हम ईमानदारी से प्रार्थना करें तो भगवान हमारा मार्गदर्शन करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। कल्पना करें कि यदि हम खो गए हैं तो हम किसी स्थानीय व्यक्ति से मार्गदर्शन मांग रहे हैं। स्थानीय व्यक्ति क्या करता है? वह हमारी मदद करने की पूरी कोशिश करता है। भगवान अलग नहीं हैं; वह मदद करते हैं। अच्छे लोगों को राक्षसों से बचाने के लिए भगवान बहुत आगे हैं, क्योंकि दैवीय और राक्षसी शक्तियों के बीच हमेशा संघर्ष चलता रहता है। भगवान धर्म का उल्लंघन किए बिना दैवीय शक्तियों का पक्ष लेते हैं, जैसा कि महाभारत युद्ध में और भगवान रामचंद्र के अवतार के दौरान किया गया था; भगवान ने कई अन्य राक्षसों के साथ रावण का भी वध किया। केवल बड़े-बड़े वध ही नहीं, भगवान अपने भक्तों के लिए कर्ता के रूप में सभी बड़े कार्यों का ध्यान रखते हैं।

आपको क्या लगता है कि अर्जुन बड़े योद्धाओं को मारने/क्षतिग्रस्त करने में सक्षम कैसे था? क्योंकि भगवान सफलता के लिए सभी प्रासंगिक पाँच कारकों को नियंत्रित करते हैं; किसी और के पास यह नियंत्रण नहीं है; हम केवल खुद को नियंत्रित कर सकते हैं। कार्य का स्थान परिस्थितियों द्वारा निर्धारित होता है। इसी प्रकार, हमारे पास साधन सीमित हैं, उदाहरण के लिए, यदि सभी सही दवाइयाँ आसानी से उपलब्ध न हों तो डॉक्टर को परेशानी होती है। हमारे प्रयास भी सीमित हैं क्योंकि हम अपने स्वास्थ्य आदि से सीमित हैं। और निश्चित रूप से ईश्वर हमारे नियंत्रण में नहीं है। (18.14) ईश्वर में ऐसी कोई दुर्बलता नहीं है।

ईश्वर हमेशा बहुत व्यस्त रहते हैं। न केवल व्यस्त रहते हैं, बल्कि ईश्वर बहुत सावधानी से कार्य में लगे रहते हैं। क्यों? क्योंकि मनुष्य उनके नेतृत्व का अनुसरण करते हैं, ईश्वर सबसे श्रेष्ठ सत्ता है। जैसा कि पहले बताया गया है, ईश्वर ने अपने ऊपर कई कार्य लिए हैं, मैंने केवल कुछ का ही उल्लेख किया है। इस लेख का संदेश क्या है? यदि हम उनकी शरण में जाते हैं और उनके निर्देशों का पालन करते हैं, विशेष रूप से धर्म का, तो हमें अपने कल्याण में ईश्वर के विशाल योगदान के बारे में पता होना चाहिए। बदले में ईश्वर हमसे क्या चाहते हैं? कि हमें अपनी प्रगति के लिए सक्रिय रूप से काम करना चाहिए और दूसरों की मदद और सेवा करनी चाहिए ताकि वे भी ऐसा ही करें। ईश्वर चाहते हैं कि हम भी ईश्वर की तरह उपयोगी बनें।

## आप की बात

### मोदी का महत्व

**मोदी सरकार** का तीसरी बार सत्ता में आना न सिर्फ भारत के लिए वरन पूरी दुनिया के लिए राहत की रोशनी के समान है। आज के युद्धरत समय में जब संयुक्त राष्ट्रसंघ व अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं नाकाम सिद्ध हो रही है, ऐसे में किसी प्रभावशाली निष्पक्ष अंतरराष्ट्रीय नेता की जरूरत है जो मध्य मार्ग निकाल कर लंबे समय से जारी रूस-यूक्रेन और इसराइल-हमास युद्ध को बंद करवा सके। इस असाधारण प्रयास के लिए सक्षम राजनेता के रूप में सबके मुंह पर मोदी का ही नाम आएगा। सारी दुनिया को अपना परिवार मान कर तटस्थता की नीति पर चलने वाले वही ऐसे व्यक्ति हैं जो युद्धरत देशों के राष्ट्रीय अध्यक्षों को वार्ता के लिए एक टेबल पर लाकर बैठा सकते हैं। उनके युद्धरत देशों समेत दुनिया के अनेक देशों के राष्ट्राध्यक्षों से अच्छे संबंध है। इसे देखते हुए वे सबके लिए सम्मानजनक विकल्प पेश कर लंबे समय से चल रहे युद्धों को समाप्त करवाने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। भारत की बढ़ती सामरिक और आर्थिक क्षमताओं के साथ ही विश्व कल्याण की उसकी भावना से देश की अंतरराष्ट्रीय मंच पर ऊज्जवल छवि बनी है। इसका लाभ उठा कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व शांति की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### हादसे से सबक

**उत्तर प्रदेश** के हाथरस में मची भगदड़ के कारण इतनी बड़ी संख्या में हुई श्रद्धालुओं की मौत विषादजनक और मन को व्यथित कर देने वाली है। यह कोई पहला हादसा नहीं है। आजकल के अनेक कथावाचक या उपदेशक सच्चे साधु-महात्मा नहीं है। अपने लच्छेदार प्रवचनों के साथ-साथ खुद को चमत्कारी और भगवान के दूत के रूप में पेश कर ये जन मानस में ख्याति बना लेते हैं। मोह माया से दूर रहने और धन को मिट्टी बताने वाले यह तथाकथित कथा वाचक दोनों हाथों से धन बटोरते हैं। वे एक-एक कथा के आयोजन हेतु लाखों रुपए की राशि भेंट में लेते हैं। सेवादार के रूप में यह कुछ गुंडों को अपने इर्द-गिर्द रखते हैं जो आम जनता को ढोंगी बाबा के पास फटकने नहीं देते। उनके वंदन का लाभ और मुलाकात बड़ी राशि दान करने वाले धनाढ्य लोगों को ही मिलता है। इस हादसे में कथावाचक और सेवादारों के साथ अंधभक्त श्रद्धालु भी जिम्मेदार हैं जो किसी भी अफ्वाह पर हजारों की संख्या में इकट्ठा हो जाते हैं। इस कारण स्थानीय नेता और प्रशासन भी सहयोग करता है इस तरह इनकी दुकानदारी धड़ल्ले से चलती है। ढोंगियों से बचाने के लिए लोगों में जागरूकता भी फैलानी होगी।

– **सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### ढोंगियों का मायाजाल

**ढोंगियों** ने अतीत में भी जनता को भ्रमित कर क़ानून- व्यवस्था के समक्ष चुनौती खड़ी कर क्षेत्र में सामंती रुतबा स्थापित किया है। उन्होंने लोगों को भ्रमित कर अंधविश्वास व पाखंड को बढ़ावा दिया है। ये तथाकथित बाबा भौतिक सुविधाओं का भोग करने में पीछे नहीं हैं। हाथरस के नारायण साकार हरि उर्फ़ सूरज पाल उर्फ़ भोले बाबा के सत्संग में भीड़ की भगदड़ में सवा सौ से अधिक लोगों की मौत ने अनेक सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या समाज में किसी भी ढोंगी बाबा को किसी भी प्रकार के अंधविश्वास को बढ़ावा देने की मनमानी छूट प्रदान की जानी उचित है? व्यक्तिगत स्वार्थों की पूर्ति में लगे बाबाओं को क्या ऐसे सार्वजनिक प्रवचन करने की छूट मिलनी चाहिए जिनमें व्यवस्था से अधिक भीड़ जुटाने की स्वतंत्रता हो? दुर्भाग्य है कि जनता का एक हिस्सा इनके चंगुल में फंसा रहता है जो स्वयं को भगवान घोषित कर अफ्वाह फैलाते हैं कि उनके चरणों की रज को माथे पर लगाने से बीमारियां दूर हो जांएगी। भारतीय संतों की सम्मानित संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ऐसे अनेक ढोंगी बाबाओं को फर्जी घोषित कर चुकी है। प्रशासनिक कार्रवाई के साथ ही जनता को ऐसे ढोंगियों से जागरूक करने की व्यापक स्तर पर आवश्यकता है।

– **सुधाकर आशावादी,** मेरठ

### पाकिस्तान में संकट

**आतंकी समूह** तहरीके तालिबान को लेकर पाकिस्तान-अफगानिस्तान फिर आमने सामने हैं। पाकिस्तान को आशंका है कि अफ़ग़ानिस्तान इस आतंकी समूह की शरणस्थली बना हुआ है। हाल ही में पाक रक्षामंत्री ने अफ़ग़ानिस्तान में तहरीके तालिबान पाकिस्तान के ठिकानों को निशाना बनाने की बात कही। इस पर अफ़ग़ान रक्षा मंत्रालय ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता में उल्लंघन बताते हुए कहा कि इससे रिश्तों में तनाव पैदा हो सकता है। और ये किसी के हक़ में नहीं हैण। चीनी मंत्री ने हालिया पाकिस्तानी दौरे पर उसे चेतावनी दी थी कि चीन पाकिस्तान में पूंजी निवेश तभी बढायेगा जब आंतरिक स्थिरता और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था होगी। इसके बाद पाकिस्तान चरमपंथ के खिलाफ़ ऑपरेशन शुरु करने जा रहा है। इसके अन्तर्गत उसकी योजना अफ़ग़ानिस्तान में तहरीके तालिबान के आतंकी ठिकानों को निशाना बना कर नष्ट करने की है। लेकिन अफगानिस्तान व चीन के बीच फंसे पाकिस्तान की मुसीबतें इस स्थिति में और बढ़ सकती हैं। देश में आतंकियों व चरमपंथियों के बढ़ते दबाव के कारण पाकिस्तान संकट में है।

– **विमलेश पगारिया,** बदनावर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# इस विधानसभा सत्र अवैध रेत, शराब सहित धान शार्टेज का मुद्दा गूंजेगा जोरो शोरो से





पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

विधानसभा के मानसून सत्र के लिये विधायकों के सवाल लग चुके है। पांच दिनों के सत्र के लिए अब तक 750 से अधिक सवाल लग चुके हैं। जिसमें गुंडरदेही विधानसभा विधायक कुंवर सिंह निषाद ने 19, संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने 20 और डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़ियाँ ने 10 सवाल लगाए है। इस बार मानसून का विधानसभा सत्र गरमाने वाला है। विपक्ष कई मुद्दों को लेकर सरकार को घेर सकती है। जिले के तीनों विधानसभा के कांग्रेसी विधायक अपने अपने क्षेत्र के कई मुद्दों को लेकर सरकार पर हावी रहेगी। जिले में हुई नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी, खाद बीज की कमी, जिले में जारी रेत का अवैध उत्खनन, धान शार्टेज, शराब की अवैध बिक्री, हेमचंद यूनिवर्सिटी में छात्रों को दिए गए जीरो अंक, अनुपस्तिथ, पूरक कर देने का मामला, अतिक्रमण सहित किसानों के मुद्दे जोरों शोरो से उठाने की तैयारी है।

### अवैध रेत खनन का उठाएंगे मुद्दा- कुंवर

गुंडरदेही विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद जिले में जारी रेत का अवैध उत्खनन, उनके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत में हो रही शराब की अवैध बिक्री सहित धान शार्टेज के मुद्दे को जोरो शोरो से उठाने वाले है। इन तमाम मुद्दों पर ध्यानाकर्षण लगाएंगे। वही विधायक कुंवर सिंह निषाद के 19 सवाल लगे है। कुंवर ने बताया कि भाजपा सरकार में विधायक निधि भी कम कर दी गई है, इस बारे में भी सदन में बात रखी जाएगी। वही मोदी की गांरटी और साय के सुशासन की बात करने वाले आज रेत शराब का अवैध कारोबार कर रहे है। तो कहा है मोदी की गांरटी और कहा है साय का सुशासन..?

### 20 सवाल लगे- संगीता

संजारी बालोद विधानसभा की विधायक संगीता सिन्हा ने बताया कि नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी, हेमचंद यूनिवर्सिटी में कई छात्रों को जीरो अंक दे दिया गया, तो कई को अनुपस्तिथ और पूरक कर दिया ये मामले 5 दिन के विधानसभा सत्र में प्रमुखता से उठाउंगी। साथ ही खाद बीज की कमी और किसानों के मुद्दों को भी सत्र के दौरान सामने लाऊंगी। संगीता ने बताया कि उनके 20 सवाल लगे हैं।

### भाजपा कर रही बदले की राजनीति- अनिला

डौंडीलोहारा विधानसभा विधायक अनिला भेड़ियाँ ने कहा कि उनके द्वारा 10 सवाल लगाए गए है। साथ ही उनके अमानक बीज, खाद की कमी, अति मण, बिजली कटौती सहित उनके विधानसभा में हो रहे अवैध रेत खनन का मुद्दा वो उठाएंगीं। वही अनिला ने आरोप लगाया कि उनके विधानसभा में स्कूलों को तोड़ दिए गए है, पैसे जारी नही हुए है, कई कार्य अधूरे पड़े है। बच्चे बरसात में बैठ रहे है। अरमुरकसा में स्कूल बिल्डिंग टूटी पड़ी है। डौंडीलोहारा नगर में बीजेपी के दबाव में विधायक निधि से बनी दुकाने तोड़ दी गई है, भाजपा में जरा भी मानवता नही है। अनिला ने भाजपा पर बदले की राजनीति करने का आरोप लगाया है।

### सरकार को घेरने को होगा प्रयास

नई सरकार बनने के बाद यह तीसरा सत्र होगा। सत्र में रूप से खाद-बीज वितरण को लेकर चर्चा किये जाने के साथ अन्य विभागों की कार्यप्रणाली को लेकर विपक्ष सरकार को घेरने का प्रयास करेगा। माना जा रहा है कि सत्र के दौरान कई मामलों में हंगामा होने के आसार है। बालोद जिला सहित राज्य में नदियों से रेत निकाले जाने को लेकर पूरे प्रदेश में अवैध उत्खनन को लेकर कई सवाल लगे है। ऐसे मामलों में कार्यवाही न होने से हंगामे के आसार है।

## खाद्य एवं औषधि विभाग ने व्यवसायिक खाद्य सामग्री का किया प्राथमिक जांच



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिला अंतर्गत चौपाटी, गुपचुप सेंटर, मिठाई दुकान, होटल, ढाबा, डेयरी व बेकरी फर्म इत्यादि का निरीक्षण किया जा रहा है। ऐसे प्रतिष्ठानों की कीचन, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, परिसर की स्वच्छता का निरीक्षण किया जा रहा है। मोमोस सेंटर, गुपचुप सेंटर, बेकरी शॉप में बनाए जाने वाले ग्रेवी, चाट मसाला, केक इत्यादि में परमिटेड खाद्य रंग का सीमित मात्रा में उपयोग किया जा रहा है अथवा नहीं, अखबारी पेपर का उपयोग खाद्य पदार्थ परोसने में नहीं करने, खाद्य तेल में तीन बार से अधिक फ्राई नहीं करने संबंधी निर्देश दिया जा रहा है तथा डेयरी फर्मों का विशेष तौर पर औचक निरीक्षण किया जा रहा है जिससे लोगों को दूध एवं दूध से बने उत्पाद गुणवत्तायुक्त प्राप्त हो सके। बेमेतरा चौपाटी से समोसा, कचौड़ी, बूंदी लड्डू, जलेबी, दही चटनी, कढ़ी, इत्यादि का प्राथमिक जांच किया गया। साथ ही नवागढ़ स्थित गोपाल डेयरी से दूध एवं पनीर, बेमेतरा के झरना डेयरी से पनीर लूज का नमूना लिया गया है। संबंधित खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण करते हुए कार्यवाहीं की जा रही है। उक्त कार्यवाही खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजू कुर्रे एवं कमल प्रसाद, नमूना सहायक द्वारा किया जा रहा है।

## भाजपा नेताओं ने नगर पालिका के विभिन्न समस्याओं को लेकर विधायक से की चर्चा

### भाजपा नेताओं ने नगर पालिका के विभिन्न समस्याओ को लेकर विधायक से की चर्चा



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा शहर के भाजपा नेताओं ने विधायक दीपेश साहू से उनके निवास कार्यलय मे सौजन्य मुलाक़ात कर नगर पालिका के विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा किया गया। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बताया की नगर पालिका बेमेतरा में कई विकास कार्य रूके हुए हैं। इस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सिन्हा ने बताया की शहर के विकास कार्य को लेकर पालिका द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर के कई घरों में मीठा जल नहीं पहुंच पाई है, जबकि इसके लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है। शहर में कई जगह पर निर्माण कार्य अधूरा पड़े हैं। इसमें समृद्धि बाजार, बस स्टैंड जैसे निर्माण कार्य अब तक पूरे नहीं हो सके। स्थिति ऐसी है कि पालिका बाजार के कई दुकान आज तक नीलाम नहीं हो पाए है। शहर में बनाए गए गार्डन की साफ-सफाई नहीं हो पा रही। शहर की समस्या को लेकर लगातार मांग व निवेदन भी किया गया। इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया। इसलिए आज हम सब भाजपा नेताओं द्वारा विधायक दीपेश साहू से मुलाक़ात कर नगर पालिका के विभिन्न समस्याओ से विधायक को अवगत करवाया। एस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू विकाश तम्बोली कमलेश वर्मा गौरव साहू रोशन दत्ता गोलू कोशले रोहित साहू निखिल साहू युगल देवांगन नरेश साहू उपस्थित रहे।

## रेंगाखार में आकांक्षी शिविर आयोजित, लोगो का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण




पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने स्वामी विवेकानंद स्कूल रेंगाखार में आकांक्षी विकासखंड शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे डायरिया से संबंधित स्वास्थ्य संवर्धन खेल सांप-सीढी का विमोचन किया। जिससे खेल के माध्यम से बच्चे डायरिया से संबंधित जानकारी और बचाव के तरीके को जान सके और अपने प्रतिदिन के दिनचर्या में शामिल कर सके। कलेक्टर ने लोगो को बताया कि गहन डायरिया नियंत्रण पखवाडा 01 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु को रोकना है। यदि किसी भी व्यक्ति में डायरिया के कोई भी लक्षण दिखाई देता है बिना देरी किए गांव के मितानिन, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवम् ए.एन.एम से को सुचना देवे , उक्त शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में 310 मरीजों की जाँच की गई, जिनमें से 55 गर्भवती माताओं, 65 व्यक्तियों की रक्तचाप की जाँच, 65 व्यक्तियों की मधुमेह, 82 व्यक्तियों की सिकल, जिनमें से 02 AS तथा 02 SS मरीज मिले, बियासी व्यक्तियों की मलेरिया की जाँच की गई, जिनमें से दो पॉजीटीव मिले। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एल. राज के मार्गदर्शन में चिन्हाकिंत डायरिया प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। इस अभियान के संबंध में उन्होने जानकारी दी है कि समस्त मितानिनों एवं आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर सर्वे कर हाथ धोने की विधि, जीवन रक्षक घोल बनाने, ओ.आर.एस. एवं जिंक की महत्ता, दस्त होने पर माँ के दूध पिलाने की आवश्यकता तथा शौच हेतु शौचालक के उपयोग के बारे में बताया जावेगा, जलजनित बिमारियों को ध्यान में रखते हुए कुएं, जलस्त्रोतों की साफ-सफाई एवं संक्रमण रोकने हेतु क्लोरीन टेबलेट वितरित किया जा रहा है। जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में ओ.आर.एस. जिंक कार्नर की स्थापना की गई है। इस अभियान में आमजनों को बच्चों में होने वाले डायरिया की रोकथाम के उपायों के प्रति जागरूक किया जावेगा।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बालोद जिला के 36 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

राज्य स्तरीय कलारिप्पयत्तू प्रतियोगिता का आयोजन 6 जुलाई से 9 जुलाई तक कोरबा (कुसमुंडा) में आयोजित है, इसमें बालोद जिला के 36 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जिसमें मार्शल आर्ट क्लब दल्ली राजहरा के 21 खिलाड़ी एवं शहीद वीर नारायण क्लब बालोद के 15 खिलाड़ी हिस्सा होंगे। इन खिलाड़ियों का चयन 23 जून 2024 को मार्शल आर्ट क्लब दल्ली राजहरा में चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो की 6 अगस्त से 11 अगस्त तक त्रिवेंद्रम में आयोजित है इसमें हिस्सा लेंगे। कलारिप्पयत्तू खेल भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है एवं खेलो इंडिया यूथ गेम में शामिल है हमारे खिलाड़ी खेलो इंडिया यूथ गेम में पदक जीतकर राज्य एवं लौह नगरी का नाम रोशन कर चुके हैं। दल्ली राजहरा मार्शल आर्ट क्लब के चयनित खिलाड़ियों के नाम इस तरह हैं। ट्विंकल, आदित्य, राहुल, नेहा ठाकुर, सिमरन कौर, मोहित, विपिन, वीरेंद्र, चंद्रप्रकाश, हर्ष देवांगन, राधा, शादीके, दिव्यानी, जास्मीन, हिमानी, आयुष, हर्षदीप, जिया, सोनम, मिलन, गगन सोनी एवं अधिकारी के रूप में कुमारी हरबंस कौर एवं किशोर नाथ योगी हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर सी जी एम माइंस दल्ली राजहरा आर बी गहरवार श्रीकांत जनरल मैनेजर दल्ली राजहरा माइंस नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर अध्यक्ष बालोद जिला कलारिप्पयत्तू संघ अनिल खोबरागड़े खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिकों ने अपनी शुभकामनाएं प्रदान की यह समस्त जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश कलारिप्पयत्तू संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू ने दी।

## जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जनसंख्या स्थरीकरण पखवाड़ा में बेमेतरा जिला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं ग्रामीण स्तर पर प्रचार प्रसार के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 24 जुलाई 2024 तक चलाया जायेगा। जिसमें प्रथम चरण मोबालाइजेशन फेस (दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा) 10 जुलाई तक तथा द्वितीय चरण जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 24 जुलाई तक चलेगा। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक बसोड़ जिला टीकाकरण नोडल अधिकारी डॉ.शरद कोहाडे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे, प्रभारी मीडिया अधिकारी संजय तिवारी, डीटीसी अमित दीक्षित, हिना सिन्हा, देवेंद्र नामदेव के साथ सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े में परिवार नियोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं लक्ष्य दंपत्तियों को आवश्यकता अनुरूप परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों के उपयोग हेतु अपील की जाएगी। समस्त शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार नियोजन से संबंधित सेवाएं निशुल्क उपलब्ध है। सीएच एम ओ द्वारा बताया गया कि सारथी रथ जिले के सभी विकासखण्डों में प्रचार प्रसार के लिए चलाया जा रहा है।

## राजहरा माइंस हॉस्पिटल में अपनी सेवा देने के लिए संयुक्त खदान मजदूर संघ ने किया डॉक्टरों का सम्मान



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

संयुक्त खदान मजदूर संघ के द्वारा राजहरा माइंस हॉस्पिटल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवा उपलब्धता तथा अन्य चिकित्सा सुविधाओं को उन्नत किए जाने के संबंध में लगातार प्रबंधन से मांग की जा रही है। इसी संबंध में मुख्य महाप्रबंधक (खदान) तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (खदान) जवाहरलाल नेहरू हॉस्पिटल भिलाई से लगातार चर्चा की जा रही थी। पिछले माह सचिव कमलजीत सिंह मान के साथ संयुक्त खदान मजदूर संघ यूनियन के प्रतिनिधियों तथा डॉक्टर कौशलेंद्र ठाकुर-मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (खदान) के साथ मीटिंग हुई। उसके बाद राजहरा माइन्स ऑफिस में मुख्य महाप्रबंधक आर.बी. गहरवार की उपस्थिति में माइन्स ऑफिस के सभागृह में डॉक्टर कौशलेंद्र ठाकुर, डॉक्टर मनोज डहरवाल मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजहरा माइंस अस्पताल, सी.श्रीकांत-महाप्रबंधक प्रभारी राजहरा, बिपिन कुमार महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं सेवाएं), जी.एस. पलनीवेल, महाप्रबंधक इलेक्ट्रिकल राजहरा, एम.डी. रेड्डी, उपमहाप्रबंधक (कार्मिक) तथा जयसिंह बघेल-सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक) आदि अधिकारियों की उपस्थिति में पुनः बैठक हुई थी। इस मीटिंग में डॉक्टर कौशलेंद्र ठाकुर ने आश्वासन दिया था कि जल्द से जल्द विशेषज्ञ डॉक्टरों को राजहरा माइंस अस्पताल में भिलाई से प्रत्येक माह नियमित रूप से एक या दो बार भेजने की व्यवस्था की जाएगी। इसी कड़ी में 1 जुलाई को सर्जरी विशेषज्ञ, ऑर्थो विशेषज्ञ, नेत्र विशेषज्ञ, ईएनटी, डाइटिशियन तथा फिजियोथैरेपी विभाग आदि के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने राजहरा माइंस हॉस्पिटल ओ.पी.डी. में अपनी सेवा प्रदान की। संयुक्त खदान मजदूर संघ के सचिव कमलजीत सिंह मांन के नेतृत्व में यूनियन प्रतिनिधि तोरण लाल साहू, राजेश कुमार साहू, कुलदीप सिंह, डी डी वर्मा, ओपी शर्मा, नरेंद्र जनबंधु, आर.बी.सिंह, सी.जी. केटी, मल्लूराम, हंस कुमार, सुनील कुमार आदि ने डॉक्टर कौशलेंद्र ठाकुर व भिलाई से आए सभी डॉक्टरों को राजहरा माइंस हॉस्पिटल में अपनी सेवा देने के लिए धन्यवाद दिया तथा एक जुलाई को डॉक्टर-डे के अवसर पर सभी डॉक्टरों को यूनियन की तरफ से पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। इस अवसर पर डॉक्टर कौशलेंद्र ठाकुर ने कहा कि आप लोगों के द्वारा हमारा जो सम्मान किया गया है उसके लिए हम चिकित्सक टीम की ओर से धन्यवाद करते हैं और आगे कहा कि माइंस के कर्मचारियों को इन सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों की ओ पी डी सुविधा नियमित रूप से प्रत्येक माह की 1 तारीख को सुनिश्चित करते हैं। यदि 1 तारीख को किसी कारण से अवकाश या रविवार का दिन होता है तो 2 तारीख को डाक्टर आएंगे जिसकी पूर्व में सूचना दे दी जाएगी जिससे माइंस के सभी कर्मचारियों तथा अधिकारियों को इन विशेषज्ञ डॉक्टरों की चिकित्सा सुविधा प्राप्त होगी।

## कृष्णा वैष्णव बने गौरक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के जिला अध्यक्ष



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

गौरक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर ने बेमेतरा के जिला अध्यक्ष के पद पर कृष्णा वैष्णव की नियुक्ति की है उनकी नियुक्ति छत्तीसगढ़ कार्य समिति के सदस्य विक्रमादित्य जूदेव और पालहरा युवराज बाबा भैया की अनुशंसा पर की गई, उनकी नियुक्ति पर जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,गौसेवक राजा पांडेय रोशन दत्ता,राजेश शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष कुमारी बाई जायसवाल, रेवती साहू,कृषि समिति के सभापति लाला भारती, जनपद सदस्य राजेश साहू, झाल सरपंच पिंकी गज्जू वर्मा, सरपंच केशव साहू, भाजपा नेता राजेश दीवान, वांकेश्वर साहू, प्रतीक वैष्णव सहित अंचल के युवाओं ने शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

## अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी के साथ नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु हुई बैठक




पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के अध्यक्षता में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी एवं आगामी नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई 2024 के सफल आयोजन हेतु मॉनिटरिंग सेल की बैठक में अधिक से अधिक संख्या में राजस्व प्रकरण के निराकरण के संबंध में कलेक्टर रणवीर शर्मा, उमेश कुमार उपाध्याय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, निधि शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, जिला जेल अधीक्षक दिनेशचन्द्र ध्रुव की उपस्थिति में बैठक ली गई। वृजेन्द्र कुमार शास्त्री प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा बैठक में ऐसे आरोपीगण जिनका न्यायालय द्वारा जमानत का आदेश किये जाने के बाद भी किसी कारण से जमानत प्रस्तुत करने में असमर्थ होने से अभिरक्षा में हो, कोई बंदी बीमार है या मानसिक रोगी है, तत्संबंध व अन्य बिन्दुओं पर एजेण्डा अनुसार चर्चा की गई। अध्यक्ष द्वारा मॉनिटरिंग सेल की बैठक में पुलिस विभाग को न्यायालय से पक्षकारों को प्री-सीटिंग हेतु जारी किये जा रहे नोटिस की तामिली पर विशेष ध्यान दिये जाने का निर्देश प्रदान किया गया साथ ही आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बैंक अधिकारीगण से की गई बैठक में धारा 138 परक्राम्य लिखित अधिनियम के प्रकरणों में पक्षकारों से आपसी सुलाह एवं समझौते से अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किये जाने के साथ ही बैंक रिकवरी के संबंध में प्री-लिटिगेशन समय-सीमा में प्रस्तुत कर अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला चिखलाकसा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

5 जुलाई 2024 को शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला चिखलाकसा (दल्लीराजहरा) में शासन के आदेशानुसार शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम में नगर के अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षद समेत कई अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की प्रतिमा में पूजन अर्चन करने से प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत, स्टाफ के डेविड और सोनी द्वारा तिलक लगाकर व पुष्पगुच्छ भेंट करके किया गया। इसके उपरांत सभी अतिथियों ने मिलकर नव प्रवेशी छात्राओं को तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर, मिठाई खिलाकर उनका शाला में प्रवेश करवाया और आशीर्वाद दिया, साथ ही साथ नव प्रवेशी छात्रों को पुस्तक एवं गणवेश वितरण का भी कार्यक्रम संपन्न किया गया। नव प्रवेशी छात्रों के इस कार्यक्रम पर शाला की प्रधान पाठक का शशिकला देशमुख ने शाला प्रतिवेदन, सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने बताया कि शाला में जो पाठ्यक्रम है, उसके अनुरूप पढ़ाई तो होती ही है;साथ में व्यावसायिक शिक्षा के रूप में उन्हें हस्तकला, शिल्प कला सिलाई, कढ़ाई, बागवानी और सब्जी उत्पादन, कंप्यूटर आदि के बुनियादी शिक्षा भी प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कक्षा छठवीं में जो उनका लक्ष्य था, वह शाला खुलने के एक हफ्ते के भीतर ही प्राप्त कर लिया है और अभी भी बच्चों का शाला में प्रवेश अभी चल रहा है। उन्होंने उम्मीद की कि इस वर्ष शाला की कुल दर्ज संख्या सैकड़े को पार कर जाएगी और इस पर उन्होंने काफी हर्ष भी व्यक्त किया कि शासकीय स्कूलों का स्तर उठने से लोगों में जागरूकता आई है और पालक भी निजी स्कूलों की तुलना में शासकीय स्कूलों पर अपनी रुचि दिखाने लगे हैं। इस पर उन्होंने शाला प्रबंधन समिति एवं सभी जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद किया कि उनके निरंतर प्रयास से शाला की गुणवत्ता में और प्रांगण में काफी सुधार आए हैं, जिससे की पालकों की रुचि बढ़ने लगी है। इसके पश्चात शाला प्रबंधन समिति के सदस्य कुंती देवांगन ने भी नव प्रवेशी छात्राओं को बधाई दी, स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इसके पश्चात समस्त पार्षद गणों ने भी सभी बच्चों को आशीष वचन के रूप में उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और निरंतर आगे बढ़ते रहने और परिश्रम करके सफल होने तथा प्रयास करते रहने की बात कही और इस तरह सभी ने अपने आशीष वचन दिए। इसके पश्चात नगर पंचायत अध्यक्ष भीखी मसिया और उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम सैयद ने भी बच्चों को आशीष वचन दिए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि भारत भाई पटेल ने छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में संस्था की प्रधान पाठक शशि कला देशमुख ने आभार व्यक्त किया और सभी उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद किया। प्रवेश उत्सव के उपलक्ष में न्यौता भोज का आयोजन किया गया था जिसमें सभी के सहयोग से यहां उपस्थित सभी छात्राओं को खीर-पूरी मिठाई आदि भोजन के रूप में दिया गया और इस तरह से शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में प्रवेश उत्सव 2024 का कार्यक्रम 5 जुलाई 2024 को संपन्न हुआ।

# रथ यात्रा व मोहर्रम को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस नियंत्रण कक्ष रायगढ़ में कल नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला एवं एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी द्वारा रथ यात्रा और मोहर्रम पर्व को लेकर रथ यात्रा समिति एवं शहर के मुस्लिम समुदाय प्रमुखों के साथ शांति समिति की बैठक ली गई। विदित हो कि जिले में 07 और 08 जुलाई को रथ यात्रा पर्व मनाया जावेगा जिसे लेकर कल एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, थाना प्रभारी कोतवाली सुखनंदन पटेल द्वारा रथ यात्रा समिति के लोगों के साथ मिलकर रथ यात्रा के रूट का निरीक्षण किया गया। शांति समिति बैठक में रथ यात्रा समिति द्वारा जानकारी दी गई कि 07 जुलाई को भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी को समलाई मंदिर से उनके रथ में बिठाया जाएगा। रथ मंदिर के बाहर मोतीमहल परिसर में खड़ी रहेगी। यहां दर्शनार्थी दर्शन कर सकेंगे और शाम को मंदिर परिसर में मेला लगेगी। दूसरे दिन 08 जुलाई को रथ नगर भ्रमण करेगी। समिति द्वारा रथ यात्रा के रूट में खड़े चार पहिया वाहन, मकान निर्माण सामाग्री इत्यादि को हटा लेने तथा बिजली तारों को व्यवस्थित करने कहा गया। अधिकारियों ने रथ यात्रा के पूर्व रूट को क्लीयर करा लेना बताए तथा रथ यात्रा के दिन कई मार्गों को डाइवर्ट और वन-वे करने की जानकारी दिये। वहीं अधिकारियों ने मुस्लिम समुदाय से मोहर्रम पर्व पर निकाले जाने वाले मातमी जुलूस ताजिया और अखाड़े की जानकारी लिया गया। समाज प्रमुखों ने 17 जुलाई को चांदनी चैक, मोमिनपुरा, तुर्कापारा, इंदिरानगर, फ्टहामुड़ा, मधुबन पारा, प्रेमनगर, जूटमिल व कई वार्ड से दोपहर के नमाज अदा बाद ताजिया और अखाड़ा शहर के प्रमुख मार्गों में निकाले जाने की जानकारी दिये। मुस्लिम समाज के लोगों ने त्यौहार के दिन एंबुलेंस एवं प्रमुख चैंक में प्रकाश की अतिरिक्त व्यवस्था को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित बिजली विभाग के अधिकारियों ने त्योहार के पूर्व व्यवस्था सुनिश्चित करना बताया गया। नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों त्योहारों में पर्याप्त पुलिस व्यवस्था लगाये जाने की जानकारी देते हुए बताये कि त्यौहार को लेकर सोशल मीडिया पर भी पुलिस की नजर है। प्रशासन व पुलिस की दोनों त्यौहारों को शांति और सौहार्दपूर्ण रूप से मनाए जाने की अपील की गई। बैठक में उत्कल समाज के नारायण प्रसाद मिश्रा, राजेंद्र कुमार षड़ंगी, श्री जगन्नाथ समिति के नीलकंठ साहू, दिनेश षड़ंगी तथा मुस्लिम समुदाय प्रमुख- शेख सलीम नियारिया पूर्व सभापति, रेहान वारसी बीड़पारा, शानू खान चांदनी चैक, मोहम्मद उवेश, मोहम्मद करीम, मोनू अली मोमिनपुरा, जाकिर अली जूटमिल, समीर खान जूटमिल, नूर मोहम्मद जूटमिल, शेख मंसूर मधुबन मोमिनपुरा, मोहम्मद मिराज मोमिनपुरा, साहिल खान मोमिनपुरा तथा वरिष्ठ पत्रकार हरे राम तिवारी, शेख ताजीम, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, उप निरीक्षक जी.एल. साहू थाना चक्रधरनगर, सहायक अभियंता आर.के. देवांगन, के.के.पटेल एवं जिविशा प्रभारी उप निरीक्षक डीपी साहू मौजूद रहे।

# नक्शा सुधार एवं राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए चलाएं अभियान: कलेक्टर

## कलेक्टर ने मुंगेली एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसील कार्यालय मुंगेली का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में नामांतरण, बटांकन आदि राजस्व से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया तथा राजस्व संबंधी प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन नक्शा सुधार एवं राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए तहसील एवं राजस्व कार्यालय के चक्कर लगाते हैं। इसके लिए अभियान चलाएं और आमजनों को राहत दिलाएं। कलेक्टर ने तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारियों को मौके पर जाकर नक्शा, बटांकन आदि राजस्व प्रकरणों का निरीक्षण कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए और गलत नक्शा काटने पर संबंधित पटवारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए कहा। उन्होंने त्रुटि सुधार के प्रकरणों पर भी विशेष ध्यान देते हुए उनके यथाशीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

### कार्यालय पहुंचे फरियादियों से बातचीत कर जाना हाल-चाल

कलेक्टर ने कार्यालय में आए फरियादियों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें त्वरित लाभ दिलाने संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया। उन्होंने फरियादी संतोष साहू, सुमन प्रसाद, मालिक राम से बातचीत कर उनके राजस्व संबंधी समस्याओं को गंभीरता से सुना और तहसीलदार को जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, तहसीलदार कुनाल पाण्डेय मौजूद रहे।

# विधायक और कलेक्टर ने मुंगेली-फास्टरपुर सड़क मार्ग का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com




बारिश के दिनों में सड़कों में पानी भरने एवं गढ्डों के कारण दुर्घटना की संभावना को देखते हुए विधायक पुन्नूलाल मोहले और कलेक्टर ने आज मुंगेली-फास्टरपुर सड़क मार्ग का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निर्माणाधीन सड़क मार्ग में जगह-जगह जल जमाव होने पर नाराजगी जाहिर की और वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए पानी की निकासी के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने गड्ढों की पैच रिपेयरिंग और निर्माणाधीन कार्य को त्वरित गति से पूर्ण करने के लिए कहा। विधायक मोहले ने बाघामुड़ा से बीजातराई तक अधूरे सड़क एवं नाली निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि बारिश में अधूरे निर्माण कार्य के कारण कहीं भी सड़क दुर्घटना की शिकायत नहीं मिलना चाहिए। विधायक मोहले ने दशरंगपुर से किशनपुर सड़क मार्ग को भी संज्ञान में लिया और सड़क में जल जमाव की स्थिति को देखते हुए शीघ्र निकासी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल सहित संबंधित अधिकारी और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक मालती गोस्वामी द्वारा 110 छात्र-छात्राओं की सिकल सेल की जांच की गई

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



ज्ञान सागर विद्या मंदिर निरजाम में 4 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी निरजाम ज्योतिकिरण कश्यप और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक मालती गोस्वामी द्वारा 110 छात्र-छात्राओं की सिकल सेल की जांच की गई। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक गोस्वामी ने बहुत ही सरल रूप में बच्चो को दस्त नियंत्रण पखवाड़ा के बारे में बताया। इसके साथ ही साबुन से हाथ धोकर हाथ धोने की विधि व ओआरएस घोल बनाना सिखाया। इस अवसर में योगेश्वर साहू प्राचार्य ज्ञान सागर विद्या मंदिर निरजाम, शिक्षक, शिक्षिका टेकराम साहू,रामायण साहू, सरोज डाहिरे,केदार साहू, विजय साहू, कु.कविता राजपूत उपस्थित रहे।

### लोरमी के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पर हुई कार्यवाही-समिति में बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के उर्वरकों का कर रहा था भण्डारण

**मुंगेली।** कलेक्टर के निर्देशानुसार लोरमी के कृषि विकास अधिकारी धनंजय कुमार कुर्रे की एक वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही की गई है। कृषि विभाग के उपसंचालक डी. के. ब्यौहार ने बताया कि सेवा सहकारी समिति खुड़िया में बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के जैव उर्वरक भण्डारण विक्रय की प्राप्त शिकायत पर कुर्रे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का जवाब संतोषप्रद नहीं होने पर सिविल सेवा आचरण नियम के प्रावधान अनुसार यह कार्यवाही की गई है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपा स्कूली बच्चों ने पौधा



पायनियर संवाददाता जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में बम्हनीडीह ग्राम पंचायत सोनाईडीह स्कूल में नारी शक्ति से जलशक्ति अभियान के अंतर्गत स्कूल प्रांगण एवं खेल मैदान में जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, एवं स्कूल के छात्र छात्राओं के द्वारा एक पौधा माँ के नाम पौधारोपण किया गया। आम लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने अभियान में शामिल किया गया है। इसके अलावा ग्राम देवरी में जागृति महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मंडल तालाब किनारे मेड पर खाली पड़े जमीन पर वृक्षारोपण का कार्य किया गया। समूह की महिलाओ ने अपने घर की बाड़ी मे नर्सरी बनाकर पौधा तैयार किया। इनके द्वारा नीम 06 नग, आम 50 नग, करंज 20 नग, पीपल 05 नग, बरगद 05 नग, अर्जुन 10 नग, इस तरह कुल 96 पौधा लगाया गया। इस कार्य मे समूह के सदस्यगण अमीना देवी, इंदल बाई,शांति बाई,राम बाई, साहिन बाई,सीता बाई, विमला, गीता, राजकुमारी, श्यामता, शकुंतला, काजल करियारे सहित ग्रामीण शामिल रहे।

# स्नेक रेस्क्यू के लिए कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देश पर जिले में बारिश के दिनों में घरों और आसपास निकलने वाले सर्प के रेस्क्यू के लिए जिला प्रशासन द्वारा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने बताया कि बरसात के दिनों में सर्पदंश की संभावना बनी रहती है। जिसे देखते हुए वनपाल नंदलाल गहरवार 7974018627, वनरक्षक निलेश सोनकर 7000236038 एवं ललित बंजारे 6261933651, उप वनक्षेत्रपाल सवित ध्रुव 9669049793, प्रदीप कुमार 6265242676 और दैनिक श्रमिक सुरेश यादव 7987676129 की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर 9406275514 भी जारी किया गया है, जिसमें कॉल कर घरों और आसपास निकलने वाले सर्प के रेस्क्यू एवं बाढ़ में फंसे लोगों के लिए आवश्यक सहायता के लिए त्वरित जानकारी दे सकते हैं।

### स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी स्नैक वेनम उपलब्ध

सर्पदंश के ईलाज हेतु एंटी स्नैक वेनम स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध है। इनमें जिला औषधि भंडार, जिला अस्पताल मुंगेली, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पालचुवा, नवागांव, घोरपुरा, जरहागांव, दशरंगपुर, भठलीकला, सेतगंगा, कंतेली, बरेला, पदमपुर, खम्हरिया, पण्डरभट्ठा, ब्लॉक स्टोर मुंगेली, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बेलखुरी, अमोरा, सिलदहा, भटगांव, रामबोड़, जगताकापा, खैरवार, साल्हेघोरी, लालपुर थाना, राम्हेपुर, खपरीकला, सेमरसल, बरमपुर, चंदली, देवरहट, खुड़िया के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया, लोरमी एवं सरगांव, फारेस्ट डिस्पेनसरी अचानकमार, एएएम पेण्ड्रीतालाब और एएएम छपरवा में एंटी स्नैक वेनम उपलब्ध है।

# बुजुर्ग महिला की हत्या करने वाली आरोपी चढ़ी पुलिस के हत्थे, पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



73 वर्षिय बुजुर्ग महिला की हत्या करने वाली आरोपिया गिरफ्तार कर जेल भेजी गई है, 03.07.2024 को प्रार्थी रेशम कुमार पिता सीताराम उम्र 33 साल साकिन सिरीयागढ़ थाना डभरा का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 03.07.2024 के शाम करीबन 05.00 बजे जयश्री भारद्वाज के घर के आंगन स्थित पुस्तैनी कुंआ में प्रार्थी और यशवंत तेन्दुलकर दोनो मिलकर टुल्लू पंप लगा रहे थे उसी समय जयश्री भारद्वाज आकर टुल्लू पंप क्यो लगा रहे हो कहकर अश्लील गाली गुप्तार करने लगा तो रेशम कुमार द्वारा बोला कि हम सभी का खानदानी समलामी कुंआ है पहले से टुल्लू पंप लगा था जो खराब होने से बनने के बाद प्रार्थी फिर से लगाया तो इतने में जयश्री भारद्वाज बहुत उग्र होकर मां बहन की गाली देने लगी इतने में इसके दादी मोहनमती, जयश्री के गाली के आवाज को सुनकर आयी तथा गाली देने से जयश्री भारद्वाज को मना की तो जयश्री भारद्वाज हाथ मुक्का से मारपीट करते हुये बुजुर्ग हो गयी है जानते हुयें जानबुझकर हत्या करने की नियत से अपने दोनो हाथ से काफी जोर से धक्का मारी जिससे इसकी बुजुर्ग दादी मोहनमती तेन्दुलकर वही गिर गयी व बेहोस हो गयी तो घर के सदस्य द्वारा उठाये तो देखे कि इसकी दादी की दाहिने माथा, दाहिने आंख, दाहिने उपरी होठ में चोट लगकर खून निकल रहा था जिसे ईलाज हेतु शास. अस्पताल डभरा लाले जहां पर डॉक्टर साहब द्वारा चेक कर मृत्यु होना बताये कि रिपोर्ट अपराध धारा सदर कायम कर विवेचना में लिया गया है। घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल (रा.पु.से.), उप पुलिस अधीक्षक अंजली गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुय प्रकरण के आरोपिया जयश्री पति छविलाल भारद्वाज उम्र 42 साल साकिन सिरीयागढ़ आज 04.07.2024 के 14:15 बजे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण राजपूत सउनि. शंकरलाल साहू, प्र.आर. मिथुन सुल्तान, आर. मानसिंह कुर्रे, मिरीश साहू, भुनेश्वर गर्ग धनेश्वर दिवाकर, म.आर. मालती बघेल, सविता भारद्वाज का विशेष योगदान रहा।

# श्रावणी मास में गायत्री शक्तिपीठ में होगी शिव महापुराण कथा एवं महोत्सव

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर के गायत्री शक्ति पीठ में सावन महीने में श्री शिव महापुराण कथा महोत्सव के आयोजन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई,इस बैठक में गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक सहित अनेक कार्यकर्ता और मुख्य रूप से भागवत आचार्य राजेंद्र महाराज उपस्थित थे, आचार्य जी द्वारा श्रावण मास में आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा के संबंध में बताया गया कि, मठ मंदिर हमेशा प्रेरणा के स्त्रोत एवं, सामाजिक चेतना के केंद्र होने ही चाहिए, किसी भी देवालय अथवा मंदिर में केवल आरती और प्रसाद ही वितरण न किए जाएं बल्कि समाज में जागरण के कार्य खड़े किए जाने आचार्य राजेंद्र जी महाराज ने कहा कि श्रावण मास का अर्थ है - श्रावण मास अर्थात सुनने का महीना इसका तात्पर्य भगवान की कथा और सत्संग संकीर्तन को श्रवण करना, भगवान श्री महादेव की कथा को श्रवण करना और शिवपूजन से जीवन कृत कृत्य करना, बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों एवं नागरिकों ने शिव महापुराण कथा महोत्सव की स्वीकृति प्रदान करते हुए व्यवस्था संबंधी विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा के साथ आगामी अगस्त माह में, 9 से 16 अगस्त तक यज्ञ को आयोजित करना सुनिश्चित किया,इस शिव महापुराण कथा महोत्सव में मुख्य यजमान के साथ अन्य नागरिकों को भी यजमान जोड़ी बनाना, तय किया गया, तथा एक दिन के यजमान जोड़ी बनने पर भी विचार रखा गया द्य कथा महोत्सव को संपन्न करने हेतु शक्ति नगर एवं अन्य दानदाताओं से दान सहयोग हेतु निवेदन किया जाएगा द्य प्रतिदिन के प्रसाद व्यवस्था हेतु भी दानदाताओं से चर्चा की जाए,आचार्य राजेंद्र जी महाराज ने बताया कि यह शिव महापुराण कथा महोत्सव सनातन धर्म की रक्षा, हिंदुत्व और भारतीय संस्कृति का संरक्षण के साथ व्यक्ति व्यक्ति को ईश्वर के प्रति आस्था रखते हुए समाज सेवा हेतु प्रेरित किया जाएगा,आगामी 6 जुलाई दिन शनिवार को यज्ञ की महत्वपूर्ण गतिविधि को अंतिम स्वरूप प्रदान करने के लिए गायत्री शक्तिपीठ में बैठक आयोजितकी जाएगी ।

## शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ओबीसी महासभा के अंतिम व्यक्ति तक लाभ मिले उन्होंने सभी पदाधिकारी से अपील की

# ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ ईकाई की बैठक का आयोजन

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ ईकाई की बैठक का आयोजन बिलासपुर संभाग के मुंगेली जिला में किया गया। यह बैठक प्रदेश के पदाधिकारी एवं मुंगेली जिला के पदाधिकारी की समी समीक्षा बैठक थी। यह बैठक प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ओबीसी महासभा के अंतिम व्यक्ति तक लाभ मिले उन्होंने सभी पदाधिकारी से अपील की। इस सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष परशुराम सोनी ने पूरे प्रदेश में संगठन को ब्लॉक स्तर पर बनाने का आव्हान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए प्रदेश महासचिव जनक राम साहू ने ओबीसी की राष्ट्रीय जनगणना करवाने और ओबीसी की आबादी के अनुरूप हिस्सेदारी देने की बात कही-गुलाम भारत में ओबीसी की राष्ट्रीय जनगणना हो सकती है तो आजाद भारत में क्यों नहीं और आजादी का 77 साल फिर भी ओबीसी का बुरा हाल क्यों? प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश उपाध्यक्ष परशुराम सोनी को सरगुजा संभाग प्रभारी, जनक राम साहू प्रदेश महासचिव को बिलासपुर संभाग प्रभारी और यज्ञदेव पटेल प्रदेश महासचिव को रायपुर संभाग प्रभारी का दायित्व सौपा गया तथा ओबीसी खिलेश्वरी प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा के साथ दुर्ग संभाग प्रभारी एवं बिलासपुर जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सतरुपा धुरी को जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा की जिम्मेदारी सर्व सहमति से दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा को संभाग में जिम्मेदारी दी जायेगी। इन पदाधिकारी के नेतृत्व में संभाग से ग्राम इकाई तक का संगठन का विस्तार कर मजबूत किया जाएगा। उपस्थित पदाधिकारी के सुझावपर प्रदेश स्तरपर डाक्यूमेंट्री तैयारकिया जायेगा । सभी संभाग एवं जिलाध्यक्ष अपने पदाधिकारी की सूची मोबाइलनंबर सहित प्रदेशअध्यक्ष के पास भेजेंगे। बैठकमें प्राप्त सुझावपर ओबीसी महासभा का मासिक पत्रिका का प्रकाशन किया जायेगा। इन सभी पदाधिकारी को प्रदेश अध्यक्ष एवं उपस्थित प्रदेश व जिले के पदाधिकारी ने हार्दिक बधाई दी एवं अपने दायित्व पर सफल हो शुभकामनाएं दी। इस बैठक में प्रमुख रूप ओबीसी की राष्ट्रीय जनगणना ओबीसी की आबादी के अनुरूप सभी क्षेत्रों में हिस्सेदारी आरक्षण भारत की आजादी का 77 साल तक ओबीसी के विकास के समीक्षा परीक्षा में साक्षात्कार, छात्रवृत्ति वितरण में समानता संगठन विस्तार एवं सदस्यता अभियान जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देने 27 प्रतिशत लंबित आरक्षण, कॉलेजियम सिस्टम, लेटरल सिस्टम बंद पर चर्चा करते हुए मांग की गई।

J&K Bank
Serving To Empower

जम्मू एवं कश्मीर बैंक लिमिटेड
शाखा विभाग आंचलिक कार्यालय मुंबई राष्ट्रीय व्यापार केंद्र बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा पूर्व टी : 022-26384126

अज्ञात लॉकरों के लिए सूचना

यह लॉकर नंबर के संबंध में ग्राहक/ग्राहकों (जैसा कि निम्नलिखित सूची में दर्शाया गया है) द्वारा बैंक के साथ निष्पादित लॉकर समझौते/समझौतों का संदर्भ है। इस संबंध में, यह देखा गया है कि आप (सूची में ग्राहक/ग्राहकों का नाम) बैंक के साथ आपके द्वारा हस्ताक्षरित उक्त लॉकर समझौते की शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं और/या उनका पालन नहीं कर रहे हैं,

इसमें विषय लॉकर नंबर के संबंध में बैंक के साथ ग्राहक/ग्राहकों द्वारा निष्पादित लॉकर अनुबंध (जैसा कि निम्नलिखित सूची में दर्शाया गया है) का संदर्भ है। इस संबंध में, यह देखा गया है कि आप (सूची में ग्राहकों के नाम) बैंक के साथ आपके द्वारा हस्ताक्षरित लॉकर समझौते के नियमों और शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं और/या उनका अनुपालन नहीं कर रहे हैं।

इसके अलावा, आप न केवल नियत तिथि पर किराए का भुगतान करने में विफल रहे हैं, बल्कि किराए के भुगतान के संबंध में हमारे नोटिस/नोटिस (जैसा कि निम्नलिखित सूची में दर्शाया गया है) का भी जवाब नहीं दिया है।

उपर्युक्त के मद्देनजर, बैंक ने लॉकर समझौते को समाप्त करने और इसके तहत आपको प्रदान किए गए लाइसेंस को रद्द करने का निर्णय लिया है।

| क्र. सं. | शाखा | नाम | पता | लॉकर नं. | किराए की देय तिथि | नोटिस तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | रायपुर | राकेश भभूतमल जैन और शीतल जैन | बी-202 ओम कॉम्प्लेक्स, फाफाडीह रायपुर गंज रायपुर छत्तीसगढ़ | बी-17 | 4/1/2023 | 26-02-2024 18-11-23 |
| 02 | रायपुर | वीना वर्मा और सुरिंदर कुमार वर्मा | निवासी ए-12 राजीव नगर रायपुर छत्तीसगढ़ | बी-27 | 4/1/2024 | 08-02-2024 18-11-23 |

अत:, आपसे (उपर्युक्त सूची में दर्शाए गए ग्राहक/ग्राहकों से) अनुरोध किया जाता है कि आप लॉकर/लॉकरों से अपना सामान खाली कर दें और इस नोटिस को प्राप्त करने के 30 दिनों के भीतर लॉकर खोलने के लिए बैंक द्वारा प्रदान की गई चाबियाँ, पासवर्ड या कोई अन्य पहचान तंत्र और दस्तावेज़ बैंक को सौंप दें, ऐसा न करने पर बैंक की लॉकर नीति के अनुसार लॉकर खोलने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

दिनांक : 06-07-2024

**पंजीकृत कार्यालय :** कॉर्पोरेट मुख्यालय, एम.ए.रोड, श्रीनगर 190001, कश्मीर, भारत **सीआईएन :** L65110JK1938SGC000048; **टी:** +91 (0)194 2481 930-35; **एफ:**+91 (0)194 248 1928; **ई:** info@jkbmail.com; **W:** www.jkbank.com

# पुलिस द्वारा शिक्षा विभाग के साथ शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्य एवं संचालकों की ली गई समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com



04 जुलाई को शाम 04:00 बजे से पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अमृत कुजुर उप पुलिस अधीक्षक यातायात एवं हिमांशु भारतीय जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में जिले में स्थित शासकीय एवं प्राइवेट शिक्षण संस्थानों के प्रमुख एवं प्राचार्यों का समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में हेमसागर सिदार ने स्कूली बसों एवं स्कूलों में सीसीटीवी कैमरा लगाना समस्त स्कूल प्रबंधकों के लिए अनिवार्य होना बताया। साथ ही स्कूली बच्चों की जागरूकता के लिए गुड टच, बैड टच की जानकारी देना एवं महिला एवं बालक विरुद्ध अपराध की भी समुचित जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही उनके द्वारा शिकायत एवं सुझाव देने के लिए अनिवार्य रूप से समस्त स्कूलों में शिकायत पेटी लगाने हेतु निर्देशित किया गया। अमृत कुजूर द्वारा स्कूल प्रबंधकों को स्कूल में आने वाले बच्चों को बाइक आदि लाने के लिए पूर्ण रूप में मनाही करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्कूल जाने के समय एवं बच्चों के स्कूल से आने का समय ही यातायात के दृष्टिकोण से बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं। इसलिए हमें, स्कूल प्रबंधन एवं बच्चों के पालकों को सचेत एवं जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय द्वारा समीक्षा बैठक के माध्यम से दिए जा रहे समस्त सुरक्षा बिंदुओं को अमल में लाते हुए स्कूल में बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बेहतर प्रबंधन करने हेतु समस्त संचालकों एवं प्राचार्य को निर्देशित किया गया। इस दौरान बैठक में जिला मुख्यालय बलौदाबाजार एवं इसके आसपास स्थित 50 की संख्या में शासकीय एवं प्राइवेट शैक्षणिक संस्थाओं के प्राचार्य एवं संचालक उपस्थित रहे।

# जिले के 20 हजार असाक्षरो को साक्षर बनाने का लक्ष्य

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण रणबीर शर्मा ने जिला पंचायत के सभागार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का समय सीमा में क्रियान्वयन करने के संबंध में बैठक ली। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत 2030 तक सभी युवा, प्रौढ, पुरुष एवं महिलाओं को शत-प्रतिशत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रदान कराना है। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम केन्द्र प्रवर्तित योजना है जो सभी के लिए शिक्षा के लिए प्रारंभ की गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को शतप्रतिशत साक्षर किए जाने का लक्ष्य है। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, जॉइंट कलेक्टर अंकिता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई, जिला शिक्षा अधिकारी कमल बंजारे उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के जिला स्तरीय नोडल एवं विकासखण्ड नोडल अधिकारियों के अलावा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, संकुल समन्वयक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थें। उल्लास साक्षरता केन्द्र वास्तव में महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे शैक्षिक अंतराल को ठीक करने और समुदायों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। ये केंद्र पुल की तरह है, खासकर उन लोगों के लिए जो पढ़ने या लिखने में असमर्थ हैं और उल्लास का हिस्सा हैं। वे सीखने और बढ़ने के लिए एक स्वागत योग्य स्थान प्रदान करते हैं, लोगों को बेहतर नौकरियों और अवसरों के लिए महत्वपूर्ण कौशल और ज्ञान प्राप्त करने में मदद करते हैं। लेकिन वे केवल सीखने के बारे में नहीं हैं, वे कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन करके समुदायों को एक साथ लाते हैं, और वे जागरूक और सामाजिक रूप से जिम्मेदार रहने के बारे में सिखाते हैं। कुल मिलाकर, समाज को सभी के लिए बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। बता दें की साक्षरता केवल पढ़ना लिखना और अंक ज्ञान में आत्मनिर्भर होना ही नहीं है बल्कि इससे भी बढ़कर कार्यात्मकता, सशक्तिकरण तथा आगे सीखते रहना है। साक्षरता एक व्यक्ति के लिए बेहतर आजीविका व अवसरों तक पहुँचने के लिए जरूरी है। समुदाय के लिए समाज की एकता व सबके स्वास्थ्य व शिक्षा हेतु जरूरी है। साक्षरता देश के लिए जनतंत्र की मजबूती व आर्थिक तरक्की एवं विकास हेतु जरूरी है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि 2022-23 से 2024-25 तक जिले के 20000 असाक्षरों को 2000 स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से साक्षर बनाने का लक्ष्य है।

## कृषि क्षेत्र की चुनौतियों के निदान के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप जरूरी : विशेषज्ञ

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और अग्रणी कृषि-इनपुटकंपनी धानुका के विशेषज्ञों ने किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को प्रगाढ़ करने के उद्देश्य के साथ एक साथ आकर रायपुर के आईजीकेवी के प्रांगण में आईसीएआर और धानुका एग्रीटेक द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित केवी के कार्यशाला को संबोधित किया। कृषि क्षेत्र की चुनौतियों के समाधान के लिए सरकार पब्लिक-प्राइवेटपार्टनरशिप को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित कर रही है। इस तरह से सहयोग सेसरकारी और निजी संस्थाओं के संसाधन, विशेषज्ञता और नवीन समाधानएक ही जगह लाने में मदद मिलती है, जिसकी कृषि विस्तार सेवाओं कीपहुंच और प्रभावशीलता को बड़े स्तर पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका है, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय (आईजीकेवी) के उपकुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा। विशेषज्ञों ने इस अवसर पर देशभर में कृषि उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने पर भी जोर दिया। कार्यशाला में मुख्य भाषण में धानुका समूह के चेयरमैन डॉ. आर. जी. अग्रवाल ने कहा, भारतीय खेती-बाढ़ी को आईटी, आईओटी, प्रिसिजन एग्रीकल्चर और ड्रोन जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से तुरंत जोड़ना बेहद जरूरी है।

# शासकीय प्राथमिक शाला रायपुरा में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया





पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला रायपुरा में वृक्षारोपण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानपाठक लकी शुक्ला दुबे ने पौधा लगाकर किया। इस दौरान स्कूल के प्रांगण में छात्र-छात्राओं और सभी शिक्षको ने भी वृक्ष लगाए और उनकी रक्षा करने कि सपथ लिया।प्रधान पाठक लकी शुक्ला दुबे ने बच्चों को पेड़ों का महत्व बताया कहा कि पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए हमें प्रतिवर्ष वृक्षारोपण करना चाहिए। जीवन जीने के लिए हमें शुद्ध आक्सीजन की आवश्यकता होती है, जो हमें केवल पेड़ों से ही प्राप्त होती है। बच्चों को सिखाया कि हमें वृक्षारोपण करना चाहिए और अन्य लोगों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित करना चाहिए और हमें प्रति सप्ताह या महीने में एक ना एक पौधा अपने घर के आस-पास जरूर लगाना चाहिए जो कि पर्यावरण की रक्षा के लिए आवश्यक है। इस मौके पर स्कूल के परिसर में नीम, आंवला, आम, अशोक एवं अन्य वृक्ष लगाए गए। इस मौके पर बच्चों के साथ अध्यापक कीर्ति ठाकुर, कीर्तन वर्मा, मीनाक्षी मिश्रा, माधुरी ध्रुव, मीनाक्षी मेश्राम, पद्मा वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# डिस्ट्रिक स्वीमिंग एसोसिऐशन के द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर डिस्ट्रिक स्वीमिंग एसोसिऐशन के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पूल, रायपुर में एक दिवसीय जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि एवं संघ की संरक्षक मीनल चैबे नेता प्रतिपक्ष, रायपुर नगर निगम, डिस्ट्रिक स्वीमिंग ऐसोसिऐशन के अध्यक्ष डॉ. मनीष शुक्ला, सहा संरक्षक संजय शुक्ला, विशिष्ट अतिथि रूपेश मिश्रा, प्रशांत शर्मा एवं स्वीमिंग पूल के संचालक पी.के.चंद्राकर एवं रायपुर के विभिन्न स्वीमिंग पूलों के कोच उपस्थित थे। प्रतियोगिता में पूरे संभाग में लगभग 200 से ज्यादा तैराकों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तैराकी प्रतियोगिता सबजूनियर एवं जूनियर ग्रुप बायॅस एवं गर्ल्स की उम्र अनुसार तीन ग्रुप में आयोजित की गई। तैराकी के विभिन्न स्ट्रोक्स जोकि अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में होते हैं जिनमें से फ्री स्टाईल, बेक स्टाईल, बटर फलाई स्टाईल, ब्रेस्ट स्टाईल में 50,100,200,400 एवं 800 मीटर में प्रतियोगिता आयोजित की गई। उक्त तैराकी कार्यक्रम के समापन समारोह में डॉ. मनीष शुक्ला, अध्यक्ष द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर से लेकर छोटे शहरों तक वर्तमान में तैराकी एवं खेल के बढ़ते प्रभाव को एवं उसके महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त कर राज्य का नाम रोशन करने वाले प्रतियोगी बच्चों का भी सम्मान किया गया साथ ही आयोजन के विभिन्न स्पर्धा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तैराकों को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्राउन्ज मेडल देकर उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता में अविरल सिंह, अबीर शुक्ला, सम्यक वैदय, वास्वा कुंजाम, दामनी, अर्नव मिश्रा, नियाशा, उपराज, शैलन, शौय देवांगन, वेदा राव, प्रिया, हिया जैन, तेजस्वी एवं यशस्वी, मनीष, अनंत, सोना दास, अनिका, न्यारा, शकुन, एकबीर शर्मा, शोर्य प्रताप, वैशनिका पंडा एवं अन्य प्रतियोगी सफल रहे। प्रतियोगिता के अंत में डॉ. मनीष शुक्ला अध्यक्ष द्वारा प्रतियोगिता में सफलता पूवर्क समपन्न कराने हेतु समस्त कोच का अभिनंदन किया गया। साथ ही जानकारी दी गई कि तैराकी प्रतियोगिता का वर्तमान में बहुत अधिक महत्व बढ़ गया है। जिसके कारण जिला स्तर पर एसोसिएशन कार्यालय का संचालन किया जावेगा। प्रतियोगिता के आयोजन में जब छोटे-छोटे प्रतियोगी बच्चों से चर्चा की गई तो उनके द्वारा मैसेज दिया गया कि वह सबसे अच्छा प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ राज्य एवं भारत देश का नाम रोशन करना चाहते हैं।

## सैमसंग ने एआई-पावर्ड डिजिटल उपकरणों के लिए बीस्पोक एआई डेज ऑफर्स पेश किये



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने बीस्पोक एआई-पावर्ड डिजिटल उपकरणों की रेंज पर शानदार ऑफर्स का एलान किया है। इन ऑफर्स के साथ, सैमसंग एआई को आम लोगों में लोकप्रिय बनाना चाहता है और अपने डिजिटल उपकरणों को ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं तक पहुंचाना चाहता है। सैमसंग के बीस्पोक उपकरणों की नई रेंज हमारे रोजमर्रा के काम को व्यवस्थित तरीके से संपन्न करने के लिए एआई का इस्तेमाल कर स्मार्ट जीवनशैली की सुविधा देती है। इससे यूजर्स अपने जीवन में अधिक सार्थक काम करने के लिए समय बचा पाते हैं, जो कम करो, बेहतर जिंदगी जियो (डू लेस, लिव मोर) के सिद्धांत के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। 5 जुलाई से अगले 10 दिनों के दौरान ग्राहक एआई-पावर्ड लिविंग के फायदों के बारे में जानने के लिए कंपनी के विशेष ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। ये बीस्पोक एआई-पावर्ड उपकरण उपयोगकर्ताओं को इनकी सेटिंग्स को पर्सनलाइज करने, सभी उम्र के लिए उपयोगकर्ताओं के जरूरत के मुताबिक नियंत्रण प्रदान करने और अधिकतम कार्यक्षमता के लिए त्वरित निदान प्रदान करते हैं।

# दिव्यांग बच्चों को श्रवणयंत्र, सीपी व्हीलचेयर ट्रायसायकल का किया गया वितरण




पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

विकासखण्ड कवर्धा के विद्यालय में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को उनके आवश्यकता अनुसार उपकरण श्रवणयंत्र, वॉकर, मैग्नीफायर ग्लास, एमआर कीट, होमबेस्ड कीट, सीपी व्हीलचेयर, ट्रॉयसायकल, व्हीलचेयर आदि उपकरण वितरण किया गया। इस अवसर पर एपीसी राकेश चन्द्रवंशी, राजू चन्द्रवंशी, बीईओ संजय कुमार जायसवाल, बीआरसी जलेश चन्द्रवंशी, पूर्व क्रीडा अधिकारी हाफिज़ कुरैशी, बीआरपी होमबाई साहू सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# एयर कूलर सेगमेंट के दिग्गज केनस्टार ने अब बड़े अप्लायंसेज को लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com





केनस्टार ने प्रतिष्ठित हयात मानेसर में अपने सालाना व्यावसायिक सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें 1000 से अधिक पार्टनर्स शामिल हुए। इस एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान कंपनी ने भविष्य में की जाने वाली साझेदारियों एवं भावी योजनाओं पर चर्चा की। 2023-24 का कारोबारी साल केनस्टार के लिए उपलब्धियों वाला वर्ष रहा। कंपनी 55% ग्रोथ के साथ 130% का टारगेट हासिल करने में सफल रही। अपने संबोधन भाषण में, केनस्टार के सीईओ सुनील जैन ने केनस्टार की क्षेत्रीय और वैश्विक सफलताओं का जिक्र करते हुए कहा, हम पूरे दक्षिण क्षेत्र में नेतृत्व कर रहे हैं और हमने कर्नाटक में अपनी नंबर 1 पोजीशन को फिर से हासिल कर लिया है। पूर्वी और पश्चिमी बाजारों में हमारा प्रभुत्व जारी है, साथ ही ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भी हमारी स्थिति मजबूत हुई है। उत्तर भारत में बड़े कूलर की मांग बढ़ रही है। इस क्षेत्र में अग्रणी स्थिति हासिल करने की हमारी यात्रा बेहद सफल रही है। इन उपलब्धियों के साथ, हम देश में नंबर 1 एयर कूलर ब्रांड बनने की राह पर हैं। हमने मौजूदा दौर के ग्राहकों की ज़रूरतों के साथ तालमेल बनाए रखा है। हमने अपना ऑनलाइन ई-कॉमर्स और बड़े फॉर्मेट का सिलसिला जारी रखा है। कुछ ही वर्षों में, हम पहले से ही ई-कॉमर्स और बड़े फॉर्मेट दोनों चैनलों पर देश में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाले ब्रांड्स में से एक हैं। हमारी सफलता केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह 30 से अधिक देशों में फैली हुई है। हम सार्क, मध्य पूर्व और अफ्रीका क्षेत्रों में अग्रणी बने हुए हैं। इस कार्यक्रम में केनस्टार के ब्रांड एंबेसडर राजकुमार राव और पत्रलेखा की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। उन्होंने केनस्टार के बड़े उपकरणों की नवीनतम रेंज को लॉन्च कर इस कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया। केनस्टार ने कई बड़े अप्लायंसेज को लॉन्च किया, जिसमें डबल-डोर फ्रॉस्ट-फ्री रेफ्रिजरेटर, स्प्लिट एयर कंडीशनर और पूरी तरह से ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन शामिल हैं। इस लॉन्च के साथ, केनस्टार अब होम अप्लायंसेज की पूरी रेंज के साथ मौजूद है, जो इनोवेशन और ग्राहक संतुष्टि के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाता है। बड़े अप्लायंसेज में विस्तार करने के अलावा, केनस्टार ने अपने सालाना सम्मेलन में नए बीएलडीसी कूलर मॉडल लॉन्च करके ग्राहकों को लेटेस्ट टेक्नोलॉजी की पेशकश करने की अपनी प्रतिबद्धता को सामने रखा है। यह पहल बिजली बचाने वाले और उच्च-प्रदर्शन वाले प्रॉडक्ट्स पेश करने में केनस्टार के समर्पण को दिखाती है।

## लीडिंग प्रिसिजन इंजीनियरिंग कंपनी शिवालिक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने आईपीओ के लिए डीआरएचपी फाइल की

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की लीडिंग प्रिसिजन इंजीनियरिंग कंपनियों में से एक रायपुर बेस्ड शिवालिक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग से फंड जुटाएगी। इसके लिए कंपनी ने मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। 5 रुपये प्रति इक्विटी शेयर की फेस वैल्यू वाला आई पी ओ फ्रेश और ऑफर फॉर सेल का मिक्स है। इसमें 335 करोड़ रुपए तक के फ्रेश शेयर जारी किए जाएंगे और प्रमोटर और अन्य सेलिंग शेयरहोल्डर 4.13 मिलियन इक्विटी शेयर बेचेंगे। ऑफर में पात्र कर्मचारियों को सब्सक्रिप्शन के लिए रिजर्वेशन भी मिलेगा। एम्प्लॉई रिजर्वेशन पोर्शन में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को डिस्काउंट ऑफर किया जा रहा है। ऑफर फॉर सेल में प्रमोटर गिरिराज सिंघानिया 1,204,260 तक, राघवेंद्र सिंघानिया 1,204,260 तक, विशाल शर्मा 802,760 तक, मोहित शर्मा 211,200 तक, पंकज शर्मा 12,320 तक, ध्रुव कुमार नागवानी 220,000 तक, नवीन कुमार नागवानी 220,000 तक, और पदम कुमार नागवानी 255,200 तक इक्विटी शेयरों की बिक्री शामिल है। ऑफर बुक-बिल्डिंग प्रोसेस के माध्यम से किया जा रहा है।

# गरीबों के डॉक्टर अजय सहाय को जयपुर में मिला इंडियाज बेस्ट डॉक्टर अवॉर्ड,

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सा विशेषज्ञ और अंचल में गरीबों के डॉक्टर के नाम से विख्यात प्रो डॉ अजय सहाय को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में इंडियाज बेस्ट डॉक्टर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। हेल्पेज मीडिया द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश भर से पधारे सैकड़ों चिकित्सकों के बीच इस बात की जानकारी दी गई कि डॉ अजय सहाय आज तक छत्तीसगढ के दूरस्थ ग्रामीण एवं आदिवासी बहुल क्षेत्रों और नक्सल प्रभावित इलाकों तथा कमजोर तबकों के लिए, सैकड़ों निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर चुके हैं और उनके रायपुर स्थित हॉस्पिटल में आर्थिक रूप से अक्षम मरीजों के लिए इलाज की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है, तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विदित हो कि डॉ सहाय एक प्रसिद्ध समाज सेवी, फिल्म अभिनेता, निर्माता, निर्देशक और पटकथा लेखक भी हैं। इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट गतिविधियों और उपलब्धियों के लिए उन्हें सैकड़ों अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर के सम्मान मिल चुके हैं। चिकित्सा के क्षेत्र का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान डॉ बी सी राय अवॉर्ड और सिनेमा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें दादा साहेब फाल्के अकादमी पुरस्कार मिल चुके हैं। अति विशिष्ट समाज सेवाओं के लिए उन्हें पिछले वर्ष भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के कर कमलों द्वारा भारत रत्न डॉ आंबेडकर सम्मान से विभूषित किया गया था।

# आरएनएलआइसी के 346 करोड़ रुपए के बोनस से 5.1 लाख से ज्यादा सहभागी पॉलिसीधारकों को मिलेगा फायदा

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

कंपनी ने इस अवधि के लिए 198 करोड़ रुपए के कर-पूर्व लाभ की घोषणा है, जो वित्त वर्ष 2023 की तुलना में 84% ज्यादा है। इस घोषणा के मुताबिक, 31 मार्च, 2024 तक सभी पात्र प्रतिभागी पॉलिसीज़ इस बोनस घोषणा से लाभान्वित हुई हैं। कंपनी पिछले 23 वर्षों से लगातार बोनस की घोषणा कर रही है जो ग्राहकों को नियमित रूप से अपने प्रीमियम का भुगतान करने और पॉलिसी अवधि के दौरान निवेश में बने रहने के लिए प्रोत्साहित करती है। पार्टिसिपेटिंग फंड के मजबूत प्रदर्शन का श्रेय इक्विटी में एक अच्छी तरह से किए रणनीतिक एसेट एलोकेशन को दिया जा सकता है, जिसने ब्रॉडर मार्केट की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है। इसके अलावा, कंपनी के प्रमुख यूलिप इक्विटी फंड 3 ने भी मजबूत प्रदर्शन किया है। इसने निफ्टी 50 बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 26.4% रिटर्न दिया है। बोनस की घोषणा पर अपनी बात रखते हुए, रिलायंस निप्पॉन लाइफइंश्योरेंस के ईडी और सीईओ आशीष वोहरा ने कहा, हमारा फोकस लगातार मजबूत प्रदर्शन, बेहतर निवेश प्रबंधन और काम करने की क्षमता पर बना हुआ है और हम अपने ग्राहकों को उनके पैसे का पूरा मूल्य प्रदान करने पर ध्यान देते हैं।

## सैमसंग ने गैलेक्सी जेड सीरीज के अगले फोल्डेबल स्मार्टफोन की प्री-बुकिंग शुरू की

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स ब्राण्ड सैमसंग ने अब अपने उपभोक्ताओं के लिए गैलेक्सी जेड सीरीज के अगले फोल्डेबल स्मार्टफोन्स की प्री-बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है। इस तरह उपभोक्ताओं को खास ऑफर्स के साथ यह स्मार्टफोन जल्दी मिल सकेंगे। ग्राहक Samsung.com, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, और भारत में अग्रणी रिटेल दुकानों पर 2000 रूपये की टोकन राशि देकर गैलेक्सी जेड सीरीज के अगले फोल्डेबल स्मार्टफोन्स को प्री-रिजर्व कर सकते हैं। गैलेक्सी जेड सीरीज के अगले स्मार्टफोन्स को प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को इन उत्पादों की खरीदी पर 7000 रूपये तक के फायदे भी मिलेंगे। सैमसंग ने हाल ही में यह घोषणा की थी कि वह 10 जुलाई को अपने ग्लोबल इवेंट में नेक्स्ट जनरेशन के गैलेक्सी जेड सीरीज स्मार्टफोन्स एवं इकोसिस्टम डिवाइसेस लॉन्च करेगा। अपने एक वक्तव्य में सैमसंग ने कहा कि गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट का आयोजन पेरिस में होगा। वहां संस्कृतियों का प्रसिद्ध संगम-बिन्दु और प्रचलनों का केन्द्र हमारे नये एवं अत्याधुनिक नवाचारों की पेशकश का सबसे बढ़िया परिदृश्य देगा। कंपनी ने आगे कहा कि, गैलेक्सी एआई का अगला मोर्चा खुल रहा है। अब नई गैलेक्सी जेड सीरीज और और गैलेक्सी के पूरे इकोसिस्टम में भी गैलेक्सी एआई की ताकत को जानने के लिये तैयार हो जाइये।

## एयरटेल का पलटवार : डेटा ब्रीच के आरोपों को किया खारिज

### कंपनी की प्रतिष्ठा को धूमिल करने की नाकाम कोशिश बताया

**रायपुर।** एयरटेल इंडिया ने डेटा उल्लंघन के दावों का दृढ़ता से खंडन किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि एयरटेल इंडिया के 375 मिलियन उपयोगकर्ताओं के डेटा को डार्क वेब पर बिक्री के लिए उपलब्ध कराया गया था। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर डार्क वेब इंफॉर्मर की पोस्ट के अनुसार, एक गैर-प्रमाणिक डेटा हैकर जिसका नाम ज़ेनज़ेन है, कथित तौर पर एयरटेल इंडिया ग्राहकों से संबंधित डेटा बेच रहा है। ताज़ा जानकारी के अनुसार एक्स पर की गई यह पोस्ट डिलीट कर दी गई है। कथित डेटा ब्रीच में जून 2024 तक अपडेट किए गए 375 मिलियन ग्राहक विवरण शामिल हैं। जून 2024 में हुआ दावा किया गया ब्रीच में मोबाइल नंबर, नाम, जन्म तिथि, पिता का नाम, स्थानीय पता, स्थायी पता, वैकल्पिक नंबर, ईमेल आईडी, लिंग, राष्ट्रीयता, कनेक्शन प्रकार, सिम एक्टिवेशन तिथि, आधार, फोटो आईडी प्रमाण विवरण और पता प्रमाण विवरण जैसे डेटा फील्ड शामिल हैं। यह डेटा, जो एयरटेल इंडिया के ग्राहकों से संबंधित है, एक्सएमआर में 50,000 अमरीकी डालर मूल्य में बेचा जा रहा है। डार्क वेब इंफॉर्मर ने एक कम्युनिटी जिसे ब्रीचफोरम्स कहा जाता है, वहां से स्क्रीनशॉट पोस्ट किए, जिसमें एक खाते ने नवीनतम एयरटेल इंडिया ग्राहक डेटाबेस की बिक्री के बारे में पोस्ट किया है। संयोग से यह वही विक्रेता है, जिसने हाल ही में भारतीय विदेश मंत्रालय के डेटा लीक में भी अपना हाथ होने का दावा किया था। ऐसी खबरें आई हैं कि एयरटेल ग्राहक डेटाबेस के साथ छेड़छाड़ की गई है। यह निहित स्वार्थों के चलते एयरटेल की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के एक निराशाजनक प्रयास है।

## जेके ग्रुप की कंपनियों का पूरे भारत में व्यापक रक्तदान अभियान

**रायपुर।** 138 साल पुरानी विरासत वाले एक प्रसिद्ध औद्योगिक समूह जेके ऑर्गनाइजेशन ने अपने पूर्व अध्यक्ष और 4 बिलियन अमेरिकन डॉलर वाले समूह के प्रमुख वास्तुकारों में से एक स्व. हरि शंकर सिंघानिया की 91वीं जयंती मनाने के लिए अपने समूह की कंपनियों में पूरे भारत में 'रक्तदान शिविर' आयोजित किए। ये रक्तदान शिविर समूह की कंपनियों के विभिन्न संयंत्रों और बिक्री कार्यालयों में आयोजित किए गए, जिसमें 7,500 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। सामाजिक सेवाओं में अपनी सक्रिय भागीदारी के लिए जाना जाने वाला जेके ऑर्गनाइजेशन स्व. हरि शंकर सिंघानिया को विशेष श्रद्धांजलि देने के लिए हर साल समूह की कंपनियों द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित करता है। 'पद्मभूषण' से सम्मानित हरि शंकर सिंघानिया ने जेके ऑर्गनाइजेशन के विकास और सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, कई नए उद्यम स्थापित किए और अनेक कंपनियों को समूह में एकीकृत किया।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला महासमुन्द**

**// ईश्तहार //**

कमांक 426/क/भू.व्यप/अविअ/24 सरायपाली दिनांक 04/07/2024

आवेदक अशोक कुमार अग्रवाल पिता केदारनाथ अग्रवाल निवासी ग्राम सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम सरायपाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 770/23 रकबा 0.1090 हे. में से 0.04 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 19/07/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सरायपाली



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// संक्षिप्त मैनुवल निविदा सूचना क्र.-5 //**

क्रमांक/1644/वलेलि/ग्रायांसेवा/2024-25 राजनांदगांव, दिनांक 04/07/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन मैनुवल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा आमंत्रण | निविदा कार्यालय में पहुंचने कि अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| पोस्ट मार्टम भवन निर्माण ग्राम औधी वि.ख. मानपुर Distt.- Mohala-Manpur-A.chowki (C.G.) | 14.32 | द्वितीय बार | 15.07.2024 |
| पोस्ट मार्टम भवन निर्माण ग्राम मोहला वि.ख. मानपुर Distt.- Mohala-Manpur-A.chowki(C.G.) | 14.32 | द्वितीय बार | 15.07.2024 |
| नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य ग्राम मासूल ग्रा.पं. घोटिया वि.ख. मानपुर, Distt.-Mohala-Manpur- A.chowki(C.G.) | 11.89 | द्वितीय बार | 15.07.2024 |
| विकीस खण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा ग्रामीण यांत्रिकी सेव उपसंभाग खैरागढ़ अंतर्गत विभिन्न मदो में स्विकृत 10.00 लाखसे कम लागत के भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य | 40.00 | द्वितीय बार | 15.07.2024 |
| विकीस खण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा ग्रामीण यांत्रिकी सेव उपसंभाग छुईख्दान अंतर्गत विभिन्न मदो में स्विकृत 10.00 लाख से कम लागत के भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य | 40.00 | द्वितीय बार | 15.07.2024 |
| हाईटेक नर्सरी में भंडार गृह निर्माण कार्य बीरूटोला विकास खण्ड छुईखदान जिला खैरागढ़- छुईखदान-गंडई (छ.ग.) | 5.66 | चतुर्थ बार | 12.07.2024 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 06.07.2024 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि उपरोक्तानुसार सायं 5.30 तक है।

G-242500889/4

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग-राजनांदगांव







**तैयार हो रहा भगवान जगन्नाथ का रथ**

**राजनांदगांव।** 7 जुलाई को शहर में भी रथ यात्रा निकलेगी। भगवान श्री जगन्नाथ गांधी चौक स्थित मंदिर से बलभद्र और सुभद्रा के साथ निकलेंगे। पर्व हेतु रथ तैयार किए जाने का कार्य जोर-शोर से जारी है। कारीगर समय से पहले इसे तैयार करने में जुटे हुए हैं। आखिरी चरण का कार्य जारी है। शहर में अन्य कई जगहों पर भी बड़े आयोजनों की तैयारी की जा रही है।

# रेलमंत्री से सांसद की मुलाकात, रेलवे कर्मियों का ट्रांसफर रोकने की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन से बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारियों का ट्रांसफर किया जा रहा है। सांसद संतोष पांडे ने इसे रोकने पहल की है। उन्होंने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात में रेल मंत्री को पत्र सौंपा हैं। नागपुर मंडल के डोंगरगढ़ स्टेशन अंतर्गत स्टाफ कम नहीं करने की मांग रेल मंत्री से की गई है।

पत्र में लिखा गया है कि डोंगरगढ़ शहर छत्तीसगढ़ की प्रमुख धार्मिक नगरी है और पहले यहां रेलवे लॉबी और स्टाफ काफी अच्छी संख्या में मौजूद थी। लेकिन डोंगरगढ़ से लगातार लॉबी (लोको पायलेट, सहायक लोको पायलट, कैरेज और वैगन, पैसेंजर और गुड्स पैसेंजर गार्ड) को ट्रांसफर किया जा रहा है। वर्तमान में आदेश के माध्यम से डोंगरगढ़ शहर से रेलवे के स्टाफ को कम करने का उल्लेख किया गया है। ज्ञापन में लिखा गया है कि छत्तीसगढ़ के मान चित्र पर धार्मिक और तीर्थ नगरी के रूप में विख्यात डोंगरगढ़ को प्रसाद योजना के तहत पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। डोंगरगढ़ से कटघोरा स्वीकृत नई रेल का विकास भी होना है। रेल स्टाफ की कमी से डोंगरगढ़ शहर और आसपास क्षेत्र की अर्थव्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित होगी और नई रेल लाइन के विस्तार पर भी प्रभाव पड़ेगा। इसलिए डोंगरगढ़ शहर से लॉबी स्टाफ को कम करने के जारी आदेश को निरस्त किया जाए।

### किसी और की जमीन का सौदा, पटवारी सहित तीन के खिलाफ एफआईआर

**राजनांदगांव।** दूसरे की जमीन को अपना बताकर सौदा करने और 3 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले पटवारी सहित तीन लोगों पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आरोपियों पर धारा 420 के तहत सोमनी थाने में अपराध दर्ज किया गया है। सोमनी पुलिस ने भिलाई निवासी अमित जैन ने मामले की शिकायत की थी। उन्हें ग्राम अंजोरा के पटवारी तुलसीराम साहू, अंजोरा निवासी गोविंद प्रसाद निर्मलकर और भिलाई के जमीन दलाल अजय कुर्रे ने अंजोरा में 75 डिसमिल जमीन दिखाई। गोविंद प्रसाद ने उक्त जमीन खुद की होना बताया। पटवारी तुलसीराम ने जमीन के फर्जी दस्तावेज दिखाए। जिसके बाद प्रार्थी से जमीन का 6 लाख रुपए में सौदा तय किया। प्रार्थी ने 4 लाख रुपए एडवांस भी दिए। लेकिन इसके बाद रजिस्ट्री से सभी पीछे हटने लगे। रजिस्ट्री के लिए अलग-अलग तारीख देने लगे। अमित जैन ने जब जमीन की जानकारी निकाली तो उक्त जमीन किसी अन्य का होना पाया गया। इसके बाद आरोपियों ने एक लाख रुपए उन्हें वापस कर दिया। लेकिन शेष 3 लाख रुपए नहीं लौटाए। जिसके बाद प्रार्थी ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई।

# नई शिक्षा नीति के चलते कॉलेज नहीं दे रहा प्रवेश, सैकड़ों छात्र परेशान

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

दिग्विजय कॉलेज में शिक्षा सत्र 2022-23 में सेकंड ईयर की परीक्षा में फेल हुए विद्यार्थियों को 2023-24 में पास होने के बाद कॉलेज प्रबंधन द्वारा प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। कॉलेज में ऐसे विद्यार्थियों की संख्या करीब 500 तक बताई जा रही है जिनके सामने इस तरह की समस्या है। इसमें कई विद्यार्थी ऐसे भी है जो विशेष प्रकार के विषय लेकर कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं यह विषय अन्य कॉलेजों में नहीं है। कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि शासन के आदेश का पालन किया जा रहा है। इसमें कई विद्यार्थी ऐसे है जिन्होंने फिशरिज, एंथ्रोपोलॉजी, इंडस्ट्रियल केमेस्ट्री और जियोलॉजी की पढ़ाई की है। उनकी आगे की पढ़ाई करने यहां कॉलेज नहीं है। दिग्विजय कॉलेज में दो साल से नई शिक्षा नीति लागू है। फाइनल ईयर में भी इस साल सेमेस्टर सिस्टम से पढ़ाई और परीक्षा होगी। ऐसे में वार्षिक पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए समस्या खड़ी हो गई। उनका सिलेबस भी अलग होगा और अलग प्राध्यापकों की जरूरत पड़ेगी। कॉलेज प्रबंधन के अनुसार ऐसे विद्यार्थियों की संख्या कम होने के कारण प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। विशेष विषय वाले छात्रों को पहले दी गई जानकारी दिग्विजय कॉलेज में नई शिक्षा नीति लागू नहीं होने तक यहां पुराने विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने के बाद पास होने पर नियमित विद्यार्थी के रूप में पढ़ने की अनुमति होती थी। बीए, बी कॉम, बीएससी वालों को अन्य कॉलेजों में पढ़ने का मौका मिलेगा लेकिन विशेष विषय वाले विद्यार्थियों के सामने समस्या खड़ी हो गई है। कॉलेज की प्राचार्य अंजना ठाकुर का कहना है कि ऐसे विद्यार्थियों की संख्या बहुत ही कम है। इनकी अलग से क्लासेस, प्रोफेसर्स, परीक्षा में लाखों रुपए खर्च होंगे। अन्य कॉलेजों में एडमिशन लेने की सूचना दी थी।

### सर्पदंश की स्थिति में बैगा-गुनिया के पास झाड़-फुंक कराने के बजाय अस्पताल पहुंचे

**गरियाबंद।** बरसात का मौसम शुरु होते ही वातावरण में नमी और उमस बढ़ने के कारण जमीन में रेंगने वाले जहरीले कीट, सांप, बिच्छु अपने बिलों, रहवासों से बाहर आ जाते है, और लोगों को काटने का खतरा बढ़ जाता है। वर्षा का पानी उनके बिलों में भर जाने तथा अपने भोजन की तलाश में ये बाहर आते है तथा सुरक्षित स्थान की तलाश में अक्सर लोगों की घरों में घुस जाते है जिससे सर्पदंश की घटनाऐं बढ़ जाती है। जिला स्वास्थ्य विभाग ने जनहित में सूचना जारी करते हुए कहा है कि सांप-बिच्छु या जहरीले कीड़े-मकोड़े के काटने पर पीड़ित का तत्काल उपचार कराने से उसकी जान बचाई जा सकती है। गरियाबंद जिले के सभी प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व जिला अस्पताल में सर्पदंश व जहरीले कीड़ों के काटने का उपचार उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पॉल ने विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सर्पदंश होने पर या जहरीले कीट के काटने पर एक से डेढ घंटे के भीतर पीडित को सही उपचार न मिलने से उसकी मृत्यु भी हो सकती है, इसलिये पीड़ित को शीघ्रताशीघ्र निकट के स्वास्थ्य केन्द्र में ईलाज के लिये लेकर आना चाहिए। कभी भी बैगा-गुनिया या झाड़-फूंक के चक्क र में नहीं पड़ना चाहिए। यद्यपि सभी सर्प जहरीले नहीं होते लेकिन सर्पदंश होने पर पीड़ित को घबराहट होती है, जो ऐसी स्थिति में जानलेवा हो सकती है।

# भाजपा का विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम 8 जुलाई को आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आव्हान पर छत्तीसगढ़ के हर विधानसभा में विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन का कार्यक्रम आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। देश एवं प्रदेश के मतदाताओं के भरपूर आशीर्वाद से ही तीसरी बार नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री बने है तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की विष्णु देव की सरकार बनी है। इसलिए विधानसभा स्तर पर मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित मतदाता भाई बहनों का साल और श्रीफल से स्वागत और सम्मान किया जाना है। इसी कड़ी में महासमुंद जिला के सरायपाली में 8 जुलाई दिन सोमवार को दोपहर 2 बजे नई कृषि उपज मंडी में मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम सम्पन्न होगा। इस कार्यक्रम की तैयारी हेतु विधानसभा समन्वय समिति की एक आवश्यक बैठक गीता भवन सरायपाली में सम्पन्न हुआ। इस बैठक में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया, कार्यवाह जिलाध्यक्ष संजय शर्मा,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बिपीन उपोवेजा,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्तर सिंह नायक,नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल,पिछड़ा प्रदेश मंत्री कामता पटेल, जिला सह-कोशाध्यक्ष धनेश नायक, महिला मोर्चा जिला महामंत्री पुष्पलता चौहान, पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा, मंडल अध्यक्ष द्वय संजय डड़सेना,प्रदीप साहू, महामंत्री प्रमोद सागर,जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष रुकमणी पटेल उपस्थित थे।

# संगठन महामंत्री और विधायक मूणत ने एक पेड़ मां के नाम रोपित किया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रकृति संरक्षण हेतु एक अनोखी पहल करते हुए पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम जैसा अभिनव अभियान चलाया हुआ है , जिसमे भाजपा नेता और कार्यकर्ता बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं पूरे देश भर में भाजपा नेता कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र में ÷एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का हिस्सा बनकर वृक्षारोपण कर रहे हैं और ना केवल वृक्षारोपण अपितु इस वृक्ष के पालन पोषण की जिम्मेदारी भी ले रहे हैं इसी कड़ी में आज रायपुर पश्चिम में विधायक राजेश मूणत वि प्रदेश संगठन महामंत्री भाजपा पवन साय तथा जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया एवं उसके रखरखाव की पूर्ण जिम्मेदारी का संकल्प लिया । इस अवसर पर राजेश मूणत ने कहा की आज हम सभी को प्रकृति संरक्षण हेतु गंभीर होने की आवश्यकता है। यदि हम आज सजग नही हुए तो ग्लोबल वार्मिंग जैसे तमाम प्राकृतिक विनाश का सामना करना पड़ेगा 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम असल मायनों में भविष्य में प्रकृति के प्रति एक सकारात्मक सोच है भावनात्मक रूप से मां से प्रत्येक व्यक्ति जुड़ा होता है और वह उस पौधे का संरक्षण भावनात्मक रूप से करेगा और यदि देश के 140 करोड़ लोगो ने प्रकृति और मां के प्रति संवेदनशील भावना का प्रदर्शन किया तो देश भर में 140 करोड़ वृक्ष भविष्य के लिए तैयार होने की संभावना है और यह प्रकृति के लिए एक भावनात्मक पहल का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत करेगा । जिला भाजपा अध्यक्ष जयंत पटेल ने कहा की एक पेड़ मां के नाम एक ऐसा कार्यक्रम जिससे हर भारतीय को स्वतः जुड़ना चाहिए एवं ना केवल भारत में अपितु संपूर्ण विश्व में प्रकृति के प्रति प्रेम और समर्पण का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए । मण्डल अध्यक्ष भूपेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में संपन्न इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अशोक पांडेय, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, सत्यम दुवा, ओंकार बैस, बजरंग खंडेलवाल,अमित मैशेरी, नवीन शर्मा नीलम सिंह, विशाल पांडेय, मनोरमा हनौतिया, दिनेश शर्मा, नवीन सिंह, अशोक भल्ला, दीपक जायसवाल, कमलेश वर्मा, अमर बंसल,ओखराज पटेल, अशोक ठाकुर, शिव ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे।

**385 कैमरों से होगी मॉनिटरिंग**

# सांसद ने त्रिनेत्र योजना का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



सांसद संतोष पांडेय ने शहर में शुरु की गई त्रिनेत्र योजना का जायजा लिया। कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसपी मोहित गर्ग ने उन्हें इस सीसीटीवी मॉनिटरिंग प्रोग्राम की जानकारी दी। सांसद संतोष पांडे अधिकारियों के साथ आरके नगर चौराहा पहुंचे और इस पूरी योजना की जानकारी ली। उन्होंने इसके कन्ट्रोल रूम का भ्रमण भी किया।

बताया गया कि त्रिनेत्रम देश का ऐसा पहला प्रोजेक्ट है जो बिना किसी शासकीय मद के केवल जन सहयोग से शहर में लगभग 01 करोड़ रूपये से अधिक खर्च कर नये 385 सीसीटीवी कैमरा जिसमें अत्याधुनिक एएनपीआर कैमरा 25 नग, वेरीफोकल कैमरा 300 नग, पीटी जेड कैमरा 10 नग एवं 80मीटर फोकस कैमरा 50 नग लगाये जायेंगे। शहर में पूर्व से लगे 152 सीसीटीवी कैमरा और 03 चौक में ट्रेफिक सिग्नल लगा हुआ था जो अब और 07 चौक में नये ट्रेफिक सिग्नल लगाये गये हैं। वर्तमान में शहर में कुल 10 ट्रेफिक सिग्नल है जिससे यातायात व्यवस्था सुदृढ़ की जा रही है।

# विजय प्रकाश पटेल ने चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट न्यू रेल लाईन विस्तारीकरण परियोजना का कार्य अविलंब प्रारंभ करने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



रेलवे डिवीजन बिलासपुर के पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य एवं अधिवक्ता विजय प्रकाश पटेल ने फण्ड रिलीज हो चुके चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट न्यू रेल लाईन विस्तारीकरण परियोजना का कार्य अविलंब प्रारंभ कराने हस्तक्षेप करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित केन्द्रीय रेलमंत्री पीयूष गोयल एवं रेलवे बोर्ड अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा को पत्र प्रेषित किया है।

तत्संबंध में उन्होंने कहा कि उपरोक्त बहुप्रतीक्षित जीवनदायिनी परियोजना को 2 वर्षों में पूर्ण कर लेने हेतु वर्ष 2018 में हरदी बाजार कोरबा एवं चिरमिरी रेल परिसर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा भूमि पूजन रेलमंत्री पीयूष गोयल एवं छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के द्वारा सम्पन्न हो चुका है। केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा परियोजना के लागत का 50-50 प्रतिशत की साझा वित्तीय जिम्मेदारी स्वीकारते हुए एमओयू हस्ताक्षर किए गए थे, लेकिन दुर्भाग्यवश इस बीच छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार सत्तारूढ़ हो जाने से यह परियोजना 5 वर्षों के लिए अधर में लटक गई और भूपेश सरकार ने अपने हिस्से का 50 प्रतिशत फण्ड अंत तक रिलीज नहीं किया, जिसका खामियाजा कांग्रेस सरकार को भुगतना पड़ा, जो अपने विधायकों के साथ सत्ताच्युत हो गई तो दूसरी ओर इन बीते वर्षों की लम्बी प्रतीक्षा के बाद एवं पूरी तैयारी के बावजूद भी यह परियोजना ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है।

पूर्व आरयूसीसी सदस्य पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की विष्णु देव सरकार पदस्थ होते ही 9 फरवरी 2024 को राज्य सरकार ने अपने हिस्से का 50 प्रतिशत फण्ड रिलीज करने का प्रावधान अपने वित्तीय बजट में करने की मंजूरी प्रदान कर दी है और इस तरह केन्द्र और राज्य सरकार ने अपना नैतिक धर्म तो निभा दिया, किन्तु फण्ड का स्वीकृत प्रावधान होने के बावजूद भी जिस परियोजना को 2 वर्षों में पूर्ण कर लेने की सार्वजनिक घोषणा की गई थी, उसे अब करीब 6 वर्ष बीतने को है और कार्यारंभ तक नहीं किया जा सका है।

# सीटी स्कैन में रेडियोलॉजिस्ट की कमी से पुलिस भी परेशान रिपोर्ट की ओपिनियन के अभाव में दर्जनों केस डायरी लंबित

## भिलाई के रिटायर्ड रेडियोलॉजिस्ट लीगल केस रिपोर्ट की नहीं देते ओपिनियन

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

करीब डेढ़ करोड़ की लागत से जशपुर जिला मुख्यालय में स्थित राजा देवशरण जिला शासकीय अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन स्थापित किया गया, लेकिन इसके स्थाई रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना नहीं की गई। पदस्थापना नहीं होने की वजह से मशीन का 100 फीसदी लाभ जिलावासियों को नहीं मिल रहा है। आम जनता के साथ-साथ सरकारी कर्मचारी खासकर पुलिस विभाग परेशान हो रहा है। उन्हें समय पर जांच रिपोर्ट पर विशेषज्ञ का ओपिनियन नहीं मिल पा रहा है, जिससे दर्जनों केस की डायरी प्रभावित हो रही है। वह न्यायालय तक नहीं पहुंच पा रही है।







### यह है पुलिस की परेशानी

दरअसल मारपीट जैसे अपराधों को जांच के लिए एमएलसी यानि मेडिकल लीगल केस के तहत डाक्टरी जांच होती है, जिससे अपराध की गंभीरता को जानने के लिए चोट की गहराई को जानने की आवश्यकता होती है। सीटी स्कैन और एमआरआई की रिपोर्ट आने के बाद रेडियोलॉजिस्ट की ओपिनियन के आधार पर जांच करने वाले डाक्टर आगे लिखते हैं। लेकिन शासकीय कर्मचारी नहीं होने की वजह से भिलाई के रिटायर्ड आपातकालीन रेडियो लॉजिस्ट एमएलसी में ओपिनियन नहीं से रहे हैं।

### अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में मिन्नतें

रेडियोलॉजिस्ट की ओपिनियन के लिए जशपुर पुलिस अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज पर डिपेंड हैं। हजारों मिन्नतें करने के बाद ओपिनियन मिल पाती है। दरअसल केस में न्यायालय में पेश होने से बचने के लिए ओपिनियन नहीं देना चाहते।

### 2 लाख का भुगतान रेडियोलॉजिस्ट को

जिला अस्पताल के सीटी स्कैन करने वाली रेडियोग्राफर टीम से मिली जानकारी के मुताबिक अबतक यहां 750 से अधिक सीटी स्कैन किया जा चुका है जिसके लिए भिलाई के रिटायर्ड रेडियोलॉजिस्ट राजीव पा को 250 प्रति स्कैन के अनुसार 1 लाख 90 हजार रूपए पेमेंट किया जा चुका है।

रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना के लिए शासन को पत्र लिखा गया है, जल्द से जल्द आ जाएं इसके लिए प्रयास जारी है।
**-डॉ. विपीन इंदवार, सीएमएचओ जशपुर**

जशपुर में रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने की वजह से एक्सीडेंटल और मारपीट से जुड़े केस की रिपोर्ट समय पर नहीं बन पा रही है। अंबिकापुर में प्रयास करना पड़ता है, जिससे डायरी पेश करने में विलंब होता है।
**-रविशंकर तिवारी, टीआई कोतवाली जशपुर**

# विधायक कार्यालय का हुआ उद्घाटन

## मैं कहीं भी रहूं अपने क्षेत्र की जानता के करीब हूं : रामविचार नेताम

पायनियर संवाददाता < बलरामपुर
www.dailypioneer.com



जिले वासियों के समस्याओं का तत्परित गति से निराकरण करने के लिए जिला मुख्यालय बलरामपुर में शहीद चौक के सामने हनुमान मंदिर प्रांगण में रामानुजन विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम अपने धर्मपत्नी पुष्पा नेताम के साथ विधायक कार्यालय का फीता काटा कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर राम विचार नेताम ने कहा कि जिले एवं हमारे विधानसभा क्षेत्र की जनता अपने कार्य एवं समस्याओं को लेकर इधर-उधर के चक्कर न लगाना पड़े और उनका समय से काम हो ईसी उद्देश्य को लेकर हमने आज विधायक कार्यालय का उद्घाटन किया है। उन्होंने कहा कि हमारे जिला प्रवास के दौरान अपनी समस्याओं को लेकर हमसे मिल सकते हैं और हमारे नहीं रहने पर भी यहां पर आवेदन जमा कर सकते हैं मैं कहीं भी रहूं अपने क्षेत्र की जनता का समाधान के लिए मैं उनके करीब हूं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक दिन यहां जमा होने वाले आवेदन सीधा हमारे रायपुर मुख्यालय दफतर को भेजा जाएगा और वहां से संबंधित विभाग को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाएंगे। ताकि हमारे क्षेत्र की जनता को अपनी समस्याओं का समाधान तत्काल मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि जिस विश्वास और उत्साह के साथ हमारे क्षेत्र की जनता हमें जीत दिलाई है उसके लिए हम उनकी ऋणी है उनके विश्वास एवं समस्याओं को दूर करना हमारी प्रथम प्राथमिक होगी। इसके लिए यह कार्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य धीरज सिंह देव, जिला महामंत्री दीनानाथ यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता बंशीधर गुप्ता, ओम प्रकाश सोनी, अजीत सिंह, बिहारी पाल,मीडिया प्रभारी जितेन्द्र श्रीवास्तव एवं अजय यादव, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष गौतम सिंह, बलवंत सिंह, अमित गुप्ता, अंश सिंह, मंगलम पाण्डेय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो गया है, लेकिन उच्च शिक्षा विभाग अभी तक महाविघालयों में अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति के संबंध में कोई आदेश जारी नहीं

## अतिथि व्याख्याताओं में भारी असंतोष है

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

प्रदेश के महाविद्यालयों में नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नई शिक्षा नीति-2020 लागू करने संबंधित प्राचार्यो को आदेश कर चुके हैं। इधर, प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति नही हो पाने के कारण महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र - छात्राओं की पढ़ाई बाधित है विदित हो की उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 1 जुलाई से नियमित कक्षा के संचालन हेतु एकेडमिक कैलेंडर जारी किया गया है और इस वर्ष अतिथि व्याख्याता पॉलिसी 2024 को कैबिनेट से अनुमोदित किया जा चुका है उसके उपरांत भी अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति प्रक्रिया अभी तक पूरा नही हो पाया है जबकि वर्तमान सत्र में नई शिक्षा नीति - 2020 के तहत स्नातक कक्षाओं के लिए सेमेस्टर प्रणाली से परीक्षा होना है, लेकिन कक्षाएं शुरू नही हो पाई है। विदित हो की सही समय पर अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति नही होने के कारण पाठ्यक्रम पूरा नही हो पाता है जिस कारण परीक्षा परिणाम खराब आते रहे हैं, अतिथि व्याख्याताओं का कहना है कि उच्च शिक्षा विभाग 2011- 12 से कालखंड व्यवस्था के माध्यम से सिर्फ हमारा शोषण कर रहा है कभी भी समय पर हमारा नियुक्ति नहीं करता जिस वजह से प्रत्येक सत्र में शिक्षको के अभाव में अध्यापन कार्य प्रभावित होता है जिससे सीधे तौर पर छात्रों की पढ़ाई नुकसान होती है एवं अतिथि व्याख्याताओ को एक निश्चित मानदेय भी नही दिया जाता है जिससे माह के अंत में उन्हें बहुत कम मानदेय का भुगतान होता है जो की इस मंहगाई में पर्याप्त नहीं है और न ही उन्हें स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत अतिथि शिक्षको की भांति जॉब सुरक्षा प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के शासकीय महाविद्यालय में विभिन्न विषयों के सहायक प्राध्यापक एवं प्राध्यापक के विरुद्ध शासन द्वारा प्रत्येक शैक्षणिक सत्र के लिए अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति की जाती है किंतु अतिथि व्याख्याता को तमाम तरह के असुविधा के साथ यह नौकरी करनी पड़ती है उनकी इस जॉब में एक दिन भी छुट्टी का प्रावधान नहीं है, दुर्भाग्य देखिए शासकीय अवकाश के साथ स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस का मानदेय भी काट दिया जाता है।

# छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ का दो दिवसीय प्रादेशिक अधिवेशन 27 व 28 जुलाई को कवर्धा में

## मुख्यमंत्री सहित दोनों उप मुख्यमंत्री अतिथि होगें

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ का दो दिवसीय प्रादेशिक अधिवेशन कवर्धा जिला मुख्यालय में 27 व 28 जुलाई को आयोजित होने जा रहा है। इस वृहद आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि एवं उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा विशिष्ट अतिथि होगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार भारत के सर्वोच्च सम्मान पद्मश्री से सम्मानित विजय दत्त श्रीधर करेंगे और मुख्य वक्ता के रूप में राज्य सभा टेलीवीज़न दिल्ली के पूर्व एक्जक्युटिव डायरेक्ट राजेश बादल उपस्थित रहेंगे। साथ ही भारतवर्ष के विभिन्न प्रांतों के वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार, शिक्षाविद, पत्रकार संघों के अध्यक्ष इस अधिवेशन में शामिल होकर अपने अनुभवों से उपस्थित पत्रकारों को संबोधित कर शिक्षित करेंगे। इस भव्य आयोजन में आने की स्वीकृति मुख्यमंत्री दोनों उप मुख्यमंत्री सहित बाहरी प्रांतों से आने वाले अतिथि पत्रकारों ने दे दी है। भारतवर्ष के लगभग सभी राज्यों के पत्रकार साथी इस आयोजन में सम्मलित होने विभिन माध्यमों से 26 जुलाई को कवर्धा पहुंच रहे हैं। जिसमे प्रमुख रूप से पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर, संस्थापक, माधवराव सप्रे समाचार संग्रहालय एवं शोध संस्थान भोपाल, राजेश बादल जी, पूर्व एक्जक्युटिव डायरेक्ट राज्य सभा टेलीवीज़न दिल्ली, डा. सुधीर सक्सेना, एडीटर इन चीफ, दुनियां इन दिनों दिल्ली, प्रेम शंकर अवस्थी, प्रधान सम्पादक, दैनिक युगांतर प्रवाह लघनऊ उप्र, टी रमेश बाबू, वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार, हैदराबाद पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पत्रकार फैडरेशन, सिद्धांत सिंह एडीटर द ओपन दिल्ली।

# वी-क्लब मनेंद्रगढ़ समर्पण पर हुई अवार्ड की बरसात



▪ क्लब अध्यक्ष प्रीति जायसवाल को डिस्ट्रिक्ट में सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के खिताब से नवाजा गया

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com

डिस्ट्रिक्ट 323.जी 3 अपराजिता की डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस, शपथ ग्रहण समारोह एवं अवार्ड वितरण समारोह होटल हसदेव इन, मनेंद्रगढ़ में डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी अनीता अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उपरोक्त आयोजन में मनेंद्रगढ़ वी क्लब ने अपनी लगभग 40 मेंबर्स के साथ धमाकेदार उपस्थिति दर्ज की। अवार्ड वितरण समारोह में वी क्लब पर अवार्ड की बारिश हुई। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता फरमानिया को मल्लिका इन डिस्ट्रिक्ट के अवार्ड से नवाजा गया। क्लब अध्यक्ष प्रीति जायसवाल को डिस्ट्रिक्ट में सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का खिताब दिया गया। क्लब कोषाध्यक्ष प्रीति अग्रवाल को डिस्ट्रिक्ट में अति श्रेष्ठ कोषाध्यक्ष का अवार्ड दिया गया। क्लब को डिस्ट्रिक्ट में अति श्रेष्ठ क्लब एवं सर्वश्रेष्ठ गतिविधि इन रूरल एरिया के अवार्ड से नवाजा गया। सभी माइक्रो चेयरपर्सन एवं चेयरपर्सन को उनकी सेवा गतिविधियों के लिए विभिन्न अवार्ड से पुरस्कृत किया गया।

# रेल्वे मजदूर कांग्रेस की कार्यकारिणी में राजेश खोबरागढ़े संयुक्त महामंत्री नियुक्त



पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com

दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे मजदूर कांग्रेस कार्यकारिणी समिति की सभा नागपुर में आयोजित की गई। सभा का उद्घाटन नागपुर मंडल रेल प्रबंधक निमिता त्रिपाठी ने किया। इस सभा में दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे मजदूर कांग्रेस की कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से राजेश खोबरागढ़े को संयुक्त महामंत्री के पद हेतु चूना गया. खोबरागढ़े को सभा में संयुक्त महामंत्री चुने जाने पर रेल कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है.इस सभा में नागपुर, रायपुर, बिलासपुर तीनों मंडल के हजारों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे. मजदूर कांग्रेस मनेन्द्रगढ़ शाखा के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा राजेश खोबरागड़े का अभिनंदन किया गया. इस अवसर पर राघवेंद्र वर्मा, हरिनारायण श्रीवास्तव,राकेश साहनी, लोकेश्वर राव, साइस कुमार, फज्जल महमूद, जगजाहिर लाल, मुरली राव, राजेंद्र अहिरवार,संजय कुमार, अप्पा राव, जहीर खान, युवराज पोरते, राजकुमार, हरिप्रसाद, राजेश यादव, सूर्यनारायण, ज्वाला प्रसाद समेत सभा के कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी काफी संख्या में मौजूद रहे.इस मौके पर उपस्थित साथियो के प्रति आभार व्यक्त करते हुये राजेश खोबरागढ़े ने कहा की जिस आशा के साथ उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है उस पर खरा उतरने के लिए सभा के सभी साथियों के सहयोग से वें सदैव कर्मचारी हित में संघर्षरत रहेंगे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में जिले में सतत जागरूकता अभियान जारी

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com



शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ जिला-एमसीबी, छ.ग. के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम. के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई एवं एनईपी प्रकोष्ठ के संयोजक तथा जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा सतत रूप से जागरूक किया जा रहा है तथा महाविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 01 जुलाई 2024 से दिनांक 06 जुलाई 2024 तक एमसीबी जिले के सात शासकीय व एक अशासकीय महाविद्यालय में जागरूकता अभियान अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए जारी किये गये प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत एवं शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर द्वारा सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार संचालित स्नातक स्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन द्वारा प्रथम चरण की प्रक्रिया विश्वविद्यालय के पोर्टल पर लिंक डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू. एसजीजीसीजी.इन पर 18 जून 2024 से प्रारंभ कर 30 जून 2024 समय रात्रि 11:59 बजे तक प्रक्रिया पूर्ण हो गई है तथा आवेदन करने वाले आवेदकों की सूची का परीक्षण कर महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार संबंधित पाठ्यक्रम/विषय समूह के लिए चयन सूची जारी कर अभिलेखों की जांच महाविद्यालय स्तर पर गठित एनईपी 2020 प्रवेश समिति द्वारा कराने उपरान्त प्रथम चरण प्रवेश देने की प्रक्रिया दिनांक 01 जुलाई 2024 से दिनांक 05 जुलाई 2024 तक है। द्वितीय चरण की पंजीयन प्रक्रिया दिनांक 02 जुलाई से प्रारंभ है। छ.ग. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी स्नातक प्रथम वर्ष प्रवेश मार्गदर्शिका के अनुसार दिनांक 16 जून 2024 से 31 जुलाई तक प्राचार्य स्वयं तथा 14 अगस्त 2024 तक कुलपति के आदेश से प्रवेश दिया जाना है। अन्य कक्षाओं हेतु परीक्षा परिणाम घोषणा के दस दिवस के भीतर प्रवेश दिया जायेगा। स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों को अपना पंजीयन नवीनीकरण अनिवार्य रूप से कराना है जिसके लिए महाविद्यालय से नवीनीकरण फॉर्म प्राप्त कर विद्यार्थी निर्धारित दस्तावेज सहित प्रवेश समिति के समक्ष उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते है।

# भारत सरकार द्वारा आयोजित नेप 2020 में शिक्षा में पुतली कला की भूमिका कार्यशाला में जिले की शिक्षिका सविता गुप्ता और हेमाद्रि विश्वकर्मा का चयन



पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com

सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र हैदराबाद संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यशाला नेप 2020 में शिक्षा में पुतली कला की भूमिका 19 जून से प्रारंभ होकर 3 जुलाई को संपन्न हुआ । इस कार्यशाला हेतु जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर से सविता गुप्ता प्राथमिक शाला चैनपुर एवं हिमाद्री माधुरी विश्वकर्मा प्राथमिक शाला कठौतिया का चयन हुआ इन्होंने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में शामिल हुए प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात वापस आ गए हैं समापन में निदेशक राजीव कुमार ने शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया वह उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया समापन में प्रतिभागियों ने पुतली कला का मंचीय प्रदर्शन भी किया।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

### // निविदा सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 270/154435 | ROAD FURNITURE WORK OF DULNA PATEWA KURRA ROAD OF DISTT.- RAIPUR UNDER CGRIDCL, LENGTH 3.40 KM (प्रथम आमंत्रण) | रू. 26.12 लाख |
| 269/154437 | ROAD FURNITURE WORK OF KATHOLI KURRA SONESILLI JAMGAON ROAD FROM KM 7/6 TO 17/2 = 9.80 KM DISTT.- RAIPUR (C.G.) (प्रथम आमंत्रण) | रू. 44.90 लाख |
| 56/155159 | PAINTING & DISTEMPERING WORK VARIOUS BUILDING AT NIMORA SECTION -3 AND E-in-C OFFICE UNDER PWD SUB DIVISION NO. 3 NAVA RAIPUR (प्रथम आमंत्रण) | रू. 22.00 लाख |
| 57/155160 | SR/MOW & DEPOSIT WORK IN VARIOUS RESIDENTIAL AND NON RESIDENTIAL BUILDING IN SCIENCE COLLEGE SECTION, RAIPUR (C.G.) (प्रथम आमंत्रण) | रू. 50.00 लाख |
| 264/155583 | S.R./ MOW WORK OF RESIDENTIAL & NON RESIDENTIAL BUILDING AT KHARORA SECTION, UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG), RAIPUR (C.G.) (प्रथम आमंत्रण) | रू. 50.00 लाख |

एन.आई.टी.क्र.270 सिस्टम टेन्डर नं.154435, एन.आई.टी. क्र.269 सिस्टम टेन्डर नं. 154437, एन.आई.टी. क्र.56 सिस्टम टेन्डर नं. 155159 एवं एन.आई.टी. क्र.27 सिस्टम टेन्डर नं. 155160 निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.07.2024 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र.264 सिस्टम टेन्डर नं. 155583 निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 18.07.2024 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि., रायपुर मण्डल क्रं.-1
रायपुर (छ.ग.)

G-242500838/5


## गंगरेल, बूटीगढ़, नरहरा में चल रहे कार्यों के प्रगति की ली जानकारी

# कलेक्टर नम्रता गांधी ने की आजीविका कार्ययोजना की समीक्षा

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी ने आजीविका कार्ययोजना एवं गंगरेल, बूटीगढ़, नरहरा में चल रहे कार्यों के प्रगति सहित माटीकला केन्द्र नारी एवं अंबरचरखा की समीक्षा की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव, संबंधित अधिकारी सहित वीसी के जरिए जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जुड़े रहे। बैठक में कलेक्टर गांधी ने पर्यटकों की सुविधा के लिए नरहरा में चाय-बिस्किट दुकान, बांस शिल्प उत्पाद, माटीकला इत्यादि ग्राम संगठन और सीएलएफ के माध्यम से संचालित कराने कहा। साथ ही नरहरा, मानव एडवेंचर गंगरेल, सिहावा स्थित श्रृंगीऋषि में संबंधित स्थान की भौगोलिक जानकारी संबंधी फ्लैक्स लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही आगामी 11 जुलाई को महानदी उद्गम स्थल सहित नदी के आसपास साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि इसमें भारतीय जैन संगठन, नेहरू युवा केन्द्र सहित स्वयं सेवी संस्थाओं को भी शामिल किया जाए। इसके साथ ही बैठक में वृक्षारोपण करने की कार्ययोजना तैयार की गई।कलेक्टर ने कहा कि गंगरेल स्थित गार्डन में मिलेट्स से तैयार खाद्य सामग्री रखी जाए। प्रधानमंत्री जनमन योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि कमार हितग्राहियों को संदर्भ केन्द्र संबंधी सभी प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही कमार आवासीय विद्यालय में आरचरी की स्थापना, तीरंदाजी के लिए प्रशिक्षित शिक्षक की व्यवस्था, कमार आवासीय विद्यालय में शिक्षक की व्यवस्था, कम्प्यूटर, ड्राईंग, संगीत प्रशिक्षण इत्यादि के लिए प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। इसके साथ ही भण्डारवाड़ी में प्रशिक्षण केन्द्र के लिए भवन मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए। लाईवलीहुड और बड़ौदा आरसेटी के जरिए कमार हितग्राहियों को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदाय करने कहा।साथ ही विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुप्रजा के तहत आहार, विहार, मासानुमास का डॉक्यूमेंटेशन कर प्रचार-प्रसार करने के लिए साईन बोर्ड लागने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके लिए महिला एवं बाल विकास तथा आयुष विभाग को समन्वय स्थापित करने कहा। कलेक्टर नेकुरूद के नारी में तैयार माटीकला के उत्पादों की शासकीय खरीदी कराना तथा ढाबा, रेस्टोरेंट, होटलों में उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत कुरूद को दिए। सिर्री में कम्प्यूटर कक्ष के लिए भवन, जीआईएस बेस्ड प्रशिक्षण की समीक्षा की गई। अंबर चरखा के तहत कुरूद और नगरी मशीन वितरण सुनिश्चित करने कहा गया।

# स्वच्छता की दौड़ में रायपुर को नंबर-1 बनाने जुटे रायपुरियंस


## महापौर, नेता प्रतिपक्ष सहित जनप्रतिनिधि कर रहे हैं आम लोगों को जागरूक

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 अंतर्गत नगरीय निकायों की राष्ट्रीय रैंकिंग के लिए नगर निगम रायपुर ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। महापौर एजाज़ ढेबर व नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे जोनवार अधिकारियों व नागरिकों की बैठक लेकर प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता की हर गतिविधि में शामिल होने की अपील कर रहे हैं, वहीं कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा सेंट्रल व जोनल टीम के अधिकारियों के साथ लगातार चर्चा कर स्वच्छता संबंधी पूरी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर शहरी क्षेत्र में गंदगी हटाओ-बीमारी भगाओ अभियान की शुरुआत भी हो चुकी है। इसके लिए नगर निगम आम लोगों को जागरूक करने व्यापक स्तर पर अभियान के संचालन का रोडमैप भी तैयार किया है। निगम कमिश्नर मिश्रा के अनुसार देश के 4447 नगरीय निकायों में रायपुर इस समय 12वें स्थान पर है और गत् स्वच्छता सर्वेक्षण में राज्य में रायपुर अग्रणी रहा है। रायपुर इस बार फिर स्वच्छतम शहरों की रेस में अपना बेहतर प्रदर्शन करने तैयारियों में जुटा हुआ है। स्वच्छता संबंधी फीडबैक नागरिकों से लिए जा रहे है एवं शिकायत व सुझाव पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश मैदानी अमले को दिए गए है। जोन व वार्डवार स्वच्छता प्रभारियों की तैनाती कर मॉनिटरिंग को मजबूत किया जा रहा है एवं मुख्यालय के अधिकारियों को भी जिम्मेदारी दी गई है। नागरिक समितियों, कॉलोनी वेलफेयर सोसायटी, मोहल्ला समितियों को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों की अगवाई में स्वयं सेवी व सामाजिक संगठनों को भी स्वच्छता गतिविधियों में शामिल किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर आयुवर्ग को स्वच्छता संबंधी कार्यक्रमों में शामिल कर सभी को प्रोत्साहित व सम्मानित करने की भी योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि 01 जुलाई से गंदगी हटाओ-बीमारी भगाओ अभियान की शुरूआत की गई है और सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से नागरिकों से निरंतर यह अपील की जा रही है कि आस-पास पनपने वाली गंदगी कई बीमारियों और जल निकासी में बाधा का कारण बनती है, इसलिए गंदगी न पनपने दें। स्वच्छता संबंधी शिकायत या सुझाव के लिए टोल फ्री निदान-1100 या नगर निगम के व्हाट्सएप्प चैट बॉट नंबर-9111666207 पर संपर्क कर सूचित कर सकते हैं।

06 July 2024 Pride Of Raipur





























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567































सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403